Page 11



खेल

पेरिस पैरालंपिक : पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारतीय एथलिट्स का जलवा

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

लोस चुनाव 2024 : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कंगना रनौत के लिए करेंगे वोट

Page 10



देश

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 21 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 160 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 75, 160 | ₹96,500 |



## आज का इतिहास

- 1758 : मैरी कैम्पबेल को फ्रांसीसी और भारतीय युद्ध के दौरान पेनसिल्वेनिया में अपने घर से लेनाप द्वारा अपहरण किया गया।
- 1929 : भारत की पहली एयर कार्गो सेवा तत्कालीन कलकत्ता (अब कोलकाता) और बागडोगरा के बीच शुरू।

## न्यूज बाइट्स

### अनंत सिंह की पैरोल खत्म, देर रात बेऊर जेल पहुंचे

**पटना (नि.सं.)।** मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की पैरोल 19 मई की रात खत्म हो गई। देर रात अनंत सिंह फिर बेऊर जेल पहुंचे। उन्हें 15 दिनों के पैरोल की मिली थी। जिसके बाद अनंत सिंह 5 मई को जेल से बाहर आए थे। प्रॉपर्टी में बंटवारा कराए जाने का हवाला दिया था। इसी आधार पर राज्य के गृह विभाग ने उन्हें पैरोल पर जेल से बाहर आने की इजाजत दी थी। जो 19 मई की रात पूरी हो गई। पैरोल का समय पूरा होने के कारण वे वापस जेल पहुंचे। वहीं, जेल जाने से पहले अनंत सिंह ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें लिखा है- सौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें, आगे क्या होता है। आप समस्त जनता मालिक, समर्थकों से वादा है बहुत जल्द लौटेंगे।

### केंद्रीय विद्यालय में 11वीं के लिए एडमिशन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय विद्यालय बेली रोड में क्लास 11वीं में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 11वीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्रों को सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच ऑप्शन फॉर्म जमा करना होगा। स्कूल में एडमिशन दो भाषा के पेपर और बेस्ट तीन विषयों पर आधारित संयुक्त मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय बेली रोड के प्राचार्य पी. के. सिंह ने बताया कि कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 25 मई है और मेरिट लिस्ट 27 मई को डिस्प्ले किया जाएगा।

### जरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में एक आवेदन दायर कर दिल्ली के अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसमें सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पिछले दिनों केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए 1 जून तक के लिए जमानत दे दिया था। जिसके बाद अरविंद केजरीवाल ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करने का आदेश दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बिना शर्त माफी मांगने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को लेकर एक विधि छात्र पर अदालती खर्च के तौर पर लगाया गया 75000 रुपये का जुर्माना सोमवार को माफ कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश हुए वकील ने कहा कि एक छात्र होने के नाते उनके मुवक्किल के पास जुर्माने का भुगतान करने के लिए पैसा नहीं है और अदालत के फैसले से न्यायिक प्रणाली के प्रति उनकी समझ विकसित हुई है।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भीषण सड़क हादसा

# 20 फीट नीचे खाई में गिरी पिकअप 19 लोगों की मौत, सात घायल

- मृतकों में मां-बेटी सहित 18 महिलाएं

एजेंसी | कवर्धा (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सोमवार (20 मई) को तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, 7 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें 4 को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सभी आदिवासी समाज से हैं। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुआ है।

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि मरने वालों में 18 महिलाएं शामिल हैं। इनमें मां-बेटी सहित 3 बच्चियां भी हैं। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे। सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के दावों से उलट ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के समय पिकअप में 30 से 35 लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से हादसे की आशंका है। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सीएम विष्णुदेव साय, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित कई नेताओं ने दुख जताया है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण घायलों की मदद करने के लिए पहुंचे। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा पंडरिया जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल चाल जाना साथ ही मृतकों के परिजन से भी मिले। विजय शर्मा ने पोस्टमॉर्टम समेत बाकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बताया जा रहा वाहन में सवार सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़ने सेमहारा गांव से पिकअप में सवार होकर निकले थे। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे गांव लौट रहे थे। इससे पहले रविवार रात भी कोतवाली क्षेत्र के सिंघनपुरी गांव के पास एक ही ट्रक से पुलिस की तीन गाड़ियां हादसे का शिकार हुई थीं। इसमें एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई, वहीं चालक समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कवर्धा जिले में रायपुर जबलपुर नेशनल हाइवे-30 पर एक-एक कर 3 पुलिस गाड़ियों की खड़े ट्रक से



### डिप्टी सीएम शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे

हादसे को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर जानकारी आ रही है कि गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण वह अनियंत्रित हो गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है और जांच के बाद ही हादसे के कारण का पता चलेगा। प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रहा है। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा पंडरिया जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल चाल जाना साथ ही मृतकों के परिजन से भी मिले। विजय शर्मा ने पोस्टमॉर्टम समेत बाकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### मृतकों के नाम

मिला बाई (48) पति बंजारी, टीकू बाई (40) पति गुलाब सिंह, सिरदारी (45) पुत्र सिलाब गोंड, जनिया बाई (35) पति जनऊ गोंड, मुंगिया बाई (60) पति बजरू मरावी, झंगलो बाई (62) पति धनीराम, सिया बाई (50) पति तिरीत गोंड, किरण (15) पिता शिवनाथ, पटोरिन बाई (35) पति दयाराम गोंड, धनैया बाई (48) पति सिरदारी गोंड, शांति बाई (35) पति शिवनाथ, प्यारी बाई (40) पति फूलचंद, सोनम बाई (16) पिता फूलचंद, विस्मत बाई (45), लीला बाई (35) पति मानसिंह, परसदिया बाई (30) पति रामचंद्र, भारती (13) पिता मानसिंह, सुन्ती बाई (45) पति मदन सिंह

हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के 17 घंटे बाद मिला मलबा

# ईरान के राष्ट्रपति की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत, सेना को मिला शव

- बता दें कि 63 वर्षीय रईसी को वर्ष 2021 में राष्ट्रपति चुना गया था

एजेंसी | नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत की पुष्टि हुई है। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि सेना को दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा मिल गया। रविवार को इब्राहिम रईसी और कई ईरानी अधिकारियों के लो जा रहा हेलीकॉप्टर एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दरअसल, रविवार को ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके विदेश मंत्री पहाड़ी इलाकों और बर्फीले मौसम में एक हेलीकॉप्टर क्रैश का शिकार बने। एक ईरानी अधिकारी ने खोजी टीमों द्वारा मलबे का पता लगाने के बाद उनका शब भी बरामद कर लिया। दुर्घटना में राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर पूरी तरह से जल गया। दुर्भाग्य से, सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। सोमवार तड़के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में मलबे तक पहुंचने के लिए बचाव दल रात भर बर्फीले तूफान और कठिन इलाके में ढूंढते रहे थे। ईरान के रेड क्रिसेंट के प्रमुख पिरहोसैन कोलिवांड ने सरकारी टीवी को बताया, हम मलबा देख सकते हैं और स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। ईरानी मीडिया द्वारा दुर्घटाग्रस्त हेलीकॉप्टर का वीडियो भी जारी किया गया है। वीडियो में हेलीकॉप्टर के चिथड़े उड़े दिख रहे हैं और चारों ओर मलबा पड़ा है। बता दें कि 63 वर्षीय रईसी को वर्ष 2021 में राष्ट्रपति चुना गया था और पद संभालने के बाद से उन्होंने नैतिकता कानूनों को कड़ा करने का आदेश दिया और सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर खूनी कार्रवाई की और बड़े देशों के साथ परमाणु वार्ता में कड़ी मेहनत की।



## ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में तीन की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के हाइवे संख्या 20 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अम्बिका बिगहा के पास ट्रैक्टर व बाइक की सीधी टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की है। बताया जाता है कि नालन्दा जिला गिरीयक के तीन साथी नवादा के डाक्टर से इलाज करा बाईक से घर वापस लौट रहे थे। अम्बिका बिगहा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो की मौत घटनास्थल पर हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने गंभीर रूप से जख्मी शंकर यादव पिता सरयू यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। मृतकों में नालन्दा जिला गिरीयक थाना क्षेत्र के गिरीयक बिगहा गांव के रौशन कुमार पिता अवधेश यादव, सुबोध यादव पिता द्वारिका यादव शामिल हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया।

## पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे पटना, सुशील मोदी के घर जाकर दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार की शाम पटना पहुंचे। जहां सीएम ने उनका स्वगत किया। पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर सोमवार की शाम विशेष विमान से पटना पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी एयरपोर्ट से सीधे राजेंद्र नगर स्थित दिवंगत भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आवास गये। जहां व उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। सुशील मोदी के आवास से निकलने के बाद पीएम वीरचंद पटेल पथ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। पीएम बाने के बाद यह पहला मौका होगा जब नरेंद्र मोदी प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। बीजेपी ऑफिस में पीएम पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद पीएम राजभवन गए, जहां वो रात्रि विश्राम की। आठ दिनों के अंदर यह दूसरा मौका रहा जब पीएम पटना में रात्रि विश्राम किए। मंगलवार को प्रधानमंत्री महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के गोरियाकोठी में आयोजित चुनावी जनसभा के लिए रवाना हो जायेंगे। सीवान जिले में आने वाला यह क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत भी आता है। इसके बाद वे मोतिहारी में एनडीए के भाजपा उम्मीदवार राधामोहन सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद दूसरे राज्य की चुनावी सभाओं के लिए रवाना हो जायेंगे। पीएम 25 मई को बक्सर, काराकाट और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

## अब ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के साथ ही पुल निर्माण पर होगी बड़ी पहल

निज संवाददाता | पटना

अब ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के साथ-साथ पुलों के निर्माण पर भी समान रूप से पहल की जाएगी। इस वित्तीय वर्ष में 748 पुलों के निर्माण की योजना है। इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। साथ ही इस पर कार्यान्वयन भी शुरू हो गया है। चरणबद्ध इसका निर्माण किया जाएगा। इस समय पहले से 125 पुलों के निर्माण की योजना पर काम किया जा रहा है। इन पुलों के निर्माण से लगभग पांच हजार किलोमीटर सड़कों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

वित्त विभाग के निर्देश पर वर्ष 2024-25 के लिए इसकी कार्ययोजना बनायी गयी है। इन ग्रामीण क्षेत्र के पुलों के निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग कमेटी की स्वीकृति के बाद सरजमीन पर उतरेगा। लगभग 750 पुलों के निर्माण की कार्ययोजना है। इन परियोजनाओं पर 3544 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दरअसल, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण पर तो गंभीरता से पहल की जाती है, लेकिन उससे जुड़े पुलों का निर्माण को लेकर कोई विशेष पहल नहीं की जाती थी। इससे बड़ी संख्या में सड़कों की कनेक्टिविटी अन्य सड़कों से नहीं हो पा रही थी। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बीते दिनों समीक्षा के दौरान भी यह बात सामने आई थी। इसके बाद इसको लेकर काम शुरू किया गया था। संपर्क बढ़ाने और छूटे संपर्क वाली सड़कों पर बड़ी संख्या में पुलों का निर्माण किया गया। इसके बाद कई गावों में लंबे समय से संपर्कता से छूटी कई सड़कें इस योजना के दायरे में आई। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार बीते वर्षों में 923 पुलों के निर्माण की योजना मंजूर की गयी थी।

### 343 पुलों के निर्माण को स्वीकृति

इन पुलों के निर्माण के पहले राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 में 343 पुलों के निर्माण की योजना मंजूर की थी। इसके निर्माण पर 1329 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इनकी स्वीकृति के बाद इनकी योजना विभिन्न स्तरों पर संचालित हैं। अगले कुछ माह में इनका निर्माण पूरा होने की संभावना है।

### केन्द्र व राज्य योजना से 170 पुल बने

बीते वर्ष 2023-24 में केन्द्र व राज्य सरकार की योजना के तहत 170 पुलों का निर्माण किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एमएमजीएसवाई) एवं राज्य योजना सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के पुल शामिल हैं। एमएमजीएसवाई के तहत 76 जबकि पीएमजीएसवाई के तहत 94 पुलों का निर्माण किया गया है।

## लोस चुनाव : पांचवें चरण में पांच बजे तक 56.68 प्रतिशत वोटिंग

- प.बंगाल में सर्वाधिक 73 फीसदी मतदान

एजेंसी | नयी दिल्ली

लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर शाम पांच बजे तक मतदान औसतन 56.68 प्रतिशत रहा। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चलेगा। चुनाव आयोग ने बताया कि ओडिशा विधान सभा के दूसरे चरण के मतदान में बाकी 35 सीटों पर शाम पांच बजे तक 60.54 प्रतिशत वोट डाले गये थे। इस चरण में सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ है, जहां शाम पांच बजे तक सर्वाधिक 73 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। महाराष्ट्र में सबसे कम 48.66 प्रतिशत मत पड़े थे। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण चल रहा है।

### बिहार में पांच सीटों पर 56 प्रतिशत वोटिंग

बिहार में 5वें चरण के लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में शाम 6 बजे मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान लगभग 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवासन ने सोमवार को बताया कि शाम 6 बजे तक इन पांच लोकसभा क्षेत्रों में 55.85 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया है, जो वर्ष 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव से 1.22 प्रतिशत कम है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन्हीं संसदीय क्षेत्र में 57.07 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुछ बूथों पर मतदान समाप्ति के पहले बड़ी संख्या में मतदाता कतार में लगे हुए थे, उन्हें वोट करने की इजाजत है। इसलिए, मतदान के अंतिम आंकड़े में परिवर्तन हो सकता है।

## मुजफ्फरपुर समेत बिहार के सात जिलों में बारिश

- बेतिया में आंधी-बारिश से घर गिरा, तीन गंभीर, आकाशीय बिजली का अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

बिहार के कई जिलों में सोमवार को मौसम ने करवट ली। बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बेतिया, मुजफ्फरपुर, बगहा, सीवान, सुपौल, मोतिहारी और मधेपुरा में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।बेतिया में सुबह आंधी के साथ बारिश से घर गिर गया। इसमें योगापट्टी प्रखंड के मच्छरगांवा नगर पंचायत के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, राजधानी पटना में तेज पूरवा हवा से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली है।

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर जिलों गर्म दिन रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावनाएं जताई है। दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। हालांकि, उत्तर में हुई बारिश का असर दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 और 24 मई को 19 जिले में बारिश हो सकती है।

विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी युक्त हवा का आना जारी है। सतह पर उत्तर-पश्चिम से हवा भी आ रही है। इन सभी वजहों से मौसम में हलचल देखी जा रही है। रविवार को बक्सर का अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे अधिक 44.9 और औरंगाबाद में 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो फिलहाल मानसून ने अंडमान निकोबार में दस्तक दे दिया है। सबकुछ सही रहा तो बिहार में 15 जून तक मानसून पहुंच जाएगा। हालांकि उससे पहले भी बंगाल की खाड़ी में बनते दबाव के चलते उत्तर बिहार में बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। उससे पहले भी मानसून दस्तक दे सकता है।

### इन जिलों में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बिहार और सीमांचल के कटिहार, दरभंगा, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, सुपौल, मधुबनी, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर समेत 19 जिलों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं




**नयी दिल्ली (ए.)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## नाबालिग बेटी से गैंगरेप मामले में पिता समेत पांच को उम्रकैद

एजेंसी | फर्रुखाबाद (यूपी)।

यूपी के फर्रुखाबाद जिले की एक अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लेखपाल पिता समेत पांच को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि पीड़िता की दादी को आठ वर्ष का कारावास की सजा से दंडित किया। साथ ही एक-एक लाख का जुर्माना भी लगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग पीड़िता की मां प्रीती सिंह ने 20 जनवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि पति प्रवेश सिंह तोमर और उसके दोस्तों ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 376, 313, 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।मामला फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र का है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि उसके लेखपाल पति 16 साल की बेटी के साथ काफी समय से दुराचार कर रहा है। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने बेटी पढ़ने के लिए जयपुर भेज दिया। वहां से भी बेटी को जबरदस्ती यहां लाकर दुराचार किया। महिला ने बताया कि पति, बेटी को जबरन गाड़ी में बैठाकर होटल में ले जाया करता था और दोस्तों के साथ दुराचार करता था। जब मां-बेटी इसका विरोध करते थे तो लेखपाल उनके साथ मारपीट करता था। बेटी ने मां को बताया कि पिता कुछ गोलियां भी खिलाते थे इसके बाद गलत काम करते थे। इस वजह से वह गर्भवती भी हो गई थी। इस पर आवास विकास के किसी डॉक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया गया था। इस मामले में लेखपाल की मां भी शामिल रही। बेटी ने ये भी बताया कि जब वह जयपुर में थी तब उसके क्लास की सहेलियों के साथ भी पिता ने गलत बातें कर रेप करने की योजना बनाई थी। जब विरोध किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी ऑडियो रिकाडिंग भी है। पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राकेश कुमार सिंह ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए बेटी के लेखपाल पिता के अलावा मनोज शाक्य, विमल कुमार, विष्णु शरण रस्तोगी, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी को पॉक्सो अधिनियम में दोषी करार दिया है। जबकि लेखपाल की मां को बच्ची का गर्भ गिराने के मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने सोमवार को लेखपाल समेत उसके साथियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# ट्रैक्टर के डाले से दबे जुड़वा भाई, 1 की मौत, दोनों जा रहे थे स्कूल

## हादसे में दूसरा भाई और पिता हुए जख्मी, चालक वाहन छोड़ फरार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार की सुबह ट्रैक्टर के डाले से दबकर एक मासूम की मौत हो गई। घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान संगतपर मोहल्ला निवासी सूरज कुमार का 4 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार है। जबकि इस घटना में प्रियांशु का जुड़वा भाई दिव्यांशु और उसके पिता सूरज कुमार जख्मी हो गए। सूरज कुमार अपने दोनों जुड़वा बच्चों को घर से पैदल विद्यालय छोड़ने जा रहे थे। इसी बीच हादसा हुआ। ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत संगतपर मोहल्ले का है।



**मोहल्ले के एक व्यक्ति ने मंगाई थी ईंट:** परिजनों ने बताया कि मकान के लिए मोहल्ले के एक व्यक्ति ने ईंट मंगाई गई थी। ट्रैक्टर से ईंट उतारी जा रही थी। इसी बीच ट्रैक्टर का डाला पलट गया। तेज आवाज और चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ईंट से दबे दोनों जुड़वा भाइयों और उसके पिता को बाहर निकला गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया।

**ट्रैक्टर को जब्त किया:** सूचना पर सोहसराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैक्टर को जब्त करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि ट्रैक्टर का डाला पलटने से 1 बच्चे की मौत हुई है। जबकि दो अन्य जख्मी है। जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# 30 जून को बीएमएस का जिला सम्मेलन

## भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक



**गया :** स्थानीय आजाद पार्क परिसर में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक शकील अहमद खान ने की। बैठक में विशेष तौर पर बीएमएस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने बीएमएस की गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि आप कार्यकर्ताओं की वजह से ही बीएमएस ने शून्य से शिखर तक की यात्रा पूर्ण की है। उन्होंने दया इंजीनियरिंग वर्क्स (स्लीपर) लिमिटेड, मानपुर के श्रमिकों की समस्याओं को सुना और कहा कि प्रबंधन न्यायोचित कदम नहीं उठा रहा है। बैठक में भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई का सम्मेलन 30 जून को आयोजित करने का भी निर्णय किया गया। इस अवसर पर बीएमएस के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी, संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय कन्स्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष अग्निदेव प्रसाद सिंह, पूर्व जिला मंत्री बिनेशर पंडित, पूर्व कोषाध्यक्ष अनादि ब्रह्म प्रसाद, सुधा कुमारी, संतोष कुमार, दिनेश कुमार सिंह, जगदीश यादव, रामध्यान सिंह, राजेश पासवान, एकराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा के तेल्हाड़ा प्लस टू हाईस्कूल मैदान में सोमवार को फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्टेट रेफरी नालन्दा जिला फुटबॉल के कप्तान सह स्टेट खिलाड़ी कुणाल बनर्जी, विद्या बिहार पब्लिक स्कूल के निदेशक आशुरजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजक और ट्रेनर कुणाल बनर्जी ने बताया कि सुबह 4 बजे से 5 टीम बनाकर छात्र-छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें दर्जनों लोग प्रशिक्षण में भाग ले रहे है। आयोजक ने बताया कि यहां से बच्चे प्रशिक्षण लेकर जिलास्तरीय, राज्यस्तरीय और नेशनल लेवल तक होने वाले आयोजनों में पार्टिसिपेट करते हैं।

**फुटबॉल से मानसिक और शारीरिक विकास होता:** निदेशक आशुरंजन ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है। इससे विद्यार्थियों का मानसिक, शारीरिक विकास होता है। जिससे लोग अब फुटबॉल को भूलते जा रहे है। जबकि फुटबॉल खेल कई देशों में प्रसिद्ध है। उन्होंने फुटबॉल खेल को सरकार से प्रोत्साहित करने की मांग की है। मनोहर बीघा के सनी कुमार, रोशन कुमार, तेल्हाड़ा गांव के आर्यन, मनोहर बीघा गांव के अंकुश कुमार, मोनू कुमार, कोविल गांव के बैकुंठ कुमार, केशवपुर गांव के अखिलेश कुमार, बहुआरा गांव के सोनू कुमार, टारपर गांव के शिवम कुमार, मनोहर बीघा गांव के समीर कुमार, बाला वीघा के चन्दन कुमार, टारपर गांव के राम सागर आदि प्लेयर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस कार्य में पूर्व हेडमास्टर सुजेन्द्र प्रसाद, कबड्डी कोच अशोक प्रसाद, फुटबॉल कप्तान विजय प्रसाद, आशुरजन कुमार, अतुलदेब प्रसाद, सन्नी कुमार, रौशन कुमार, आर्यन, शुभम का आदि लोग सहयोग में लगे हुए हैं।



- टीम बनाकर जिला फुटबॉल कप्तान दे रहे ट्रेनिंग
- जिला और राज्यस्तरीय खेल में करेंगे पार्टिसिपेट

# थाइलैंड के छोटे-बड़े बल्ब से सजा महाबोधि मंदिर, तीन दिन तक चलेगा बुद्ध जयंती समारोह

## सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे

निज संवाददाता। गया

बुद्ध पूर्णिमा के मौके भगवान बुद्ध की जयंती मनाई जाएगी। बुद्ध जयंती समारोह तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। इस मौके पर देश-विदेश से 10 हजार बौद्ध श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इनके ठहरने और खाने पीने और रहने की विशेष व्यवस्था कालचक्र मैदान में जोरशोर से की जा रही है। समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। मन्दिर, मन्दिर परिसर और बोधगया को पंचशील पताकों और लाइटों से सजाया गया है। मन्दिर परिसर को सजाने के लिए थाईलैंड से बड़े छोटे बल्ब मंगवाए गए हैं। यह वहां की सरकार की ओर से भेजे जाते हैं। शाम ढलते ही महाबोधि मंदिर परिसर का नजारा खासा अद्भुत हो जाता है। रंगबिरंगी झिलमिल रोशनी से महाबोधि मंदिर जगमग हो जाता है। महाबोधि मंदिर के बाहरी दीवार पर पड़ने वाली रोशनी एक तय अंतराल पर रंग बदलती है।



**कालचक्र मैदान में बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था:** कालचक्र मैदान में बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था की जा रही है। जर्मन टेंट लगाया गया है। ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर, कूलर, पंखे और वाटर सप्लाई, बिजली, शौचालय की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन और बीटीएमसी ने समारोह को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। डीएम और बीटीएमसी के पदेन अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि बुद्ध जयंती की तैयारी अंतिम चरण में है। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए ठोस व्यवस्था की जा रही है। हर चीज का बारिकी से मॉनिटरिंग कराई जा रही है। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल होंगे। बुद्ध जयंती के दिन सुबह से लेकर शाम तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

**बुद्ध पूर्णिमा क्यों हैं खास:** बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। दूसरी खास बात यह कि बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और तीसरी महत्वपूर्ण बात कि बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था। इस वर्ष 2648 साल जन्म दिवस का है। ज्ञान का 2631वां वर्ष है और महापरिनिर्वाण का 2568 वां साल है। इस मौके पर बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं को बीटीएमसी की ओर से चीवर दान किए जाएंगे।

# फायरिंग मामले में 13 नामजद 20 अज्ञात पर FIR दर्ज

## नालंदा में बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट के बाद हुई थी गोलीबारी, मुख्य अभियुक्त समेत 6 गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवीनगर गांव में बिजली के तार लगाने को लेकर बदमाशों के द्वारा शनिवार की शाम गोलीबारी की गई थी। गोलीबारी की इस घटना में किशोर समेत चार लोग जख्मी हो गए थे। जिनका इलाज पटना के पीएमसीएच एवं पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना के बाद तीन थानों की पुलिस एसडीओ-डीएसपी दल बल के साथ गांव पहुंच मामलें को शान्त कराया। इस मामले में नवीनगर गांव निवासी मुरारी यादव की पत्नी क्रिनता देवी शाहिल उर्फ छोटु की मां के द्वारा पुलिस के समक्ष दिए गए फर्द बयान में 13 नामजद एवं 15-20 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दीपनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया है।



**ग्रामीणों ने पहुंचाया था अस्पताल:** क्रिन्ता देवी ने अपने फर्द बयान में बतायी है कि शनिवार को गांव में लाइट नहीं थी। उसी को बनाने के लिए बिजली मिस्त्री आकर काम कर रहा था। इसी बीच गांव के कुछ लोग वहां आए और मिस्त्री को बोला कि जल्दी लाइट बना दो आज मैच चल रहा है। मिस्त्री द्वारा जब बोला गया कि कुछ देर में लाइट दे दी जाएगी। इसी बात को अहम में लेकर बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट गाली-गलौज करने लगे। जब उसके परिवार वालों ने मना किया तो दूसरे पक्ष के दर्जनों लोग वहां हरवे हथियार,ईंट पत्थर लेकर पहुंच गए और ईंट पत्थर बरसाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना में शिवकुमार, सुजीत कुमार, साहिल कुमार उर्फ छोटू एवं नीतीश कुमार गोली लगने से जख्मी हो गए। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। शिव कुमार, सुजीत कुमार, नीतीश कुमार को पैर में गोली लगी है, जबकि साहिल कुमार उर्फ छोटू को गला में गोली लगी है।

**इन्हें बनाया गया है आरोपी:** प्रिंस कुमार, सतीश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, श्रीकांत सिंह, समीर सिंह, संतोष सिंह, कल्लू सिंह, निशांत सिंह, छोटू सिंह, रॉमी सिंह, बबुआ सिंह, दीपू सिंह एवं निलभ सिंह समेत 15-20 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य अभियुक्त प्रिंस कुमार उर्फ कारा सिंह समेत धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, श्रीकांत सिंह, सतीश सिंह एवं समीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य अभियुक्त प्रिंस कुमार उर्फ कारा के पास से दो खोखा एवं एक जिंदा गोली बरामद की गई है। अन्य अभियुक्त के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गांव में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस बल कैंप कर रही है। फिलहाल मामला शांत है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधीक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# शिक्षक पर स्कूल में नाबालिग छात्रा से छेड़खानी का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार को नाबालिग छात्रा (12) से छेड़खानी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी समेत पांच शिक्षकों की स्कूल में पहुंचकर पिटाई कर दी। मामला कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के एक स्कूल का है। कल्याण बीघा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि स्कूल में जब सभी बच्चों की छुट्टी हो जाती थर, तो स्कूल के ही एक शिक्षक के द्वारा पांचवी क्लास की छात्रा को रोक लिया जाता था। पिछले तीन-चार दिनों से यह हरकत स्कूल का एक शिक्षक कर रहा था। इसकी जानकारी छात्रा ने अपने घर आकर अपने परिवार वालों को दी थी। सोमवार को फिर से शिक्षक ने छात्रा को स्कूल के कमरे में अंदर से बंद कर लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। इसी बीच परिवार वाले पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और वहां मौजूद शिक्षकों की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को भी काफी विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद ग्रामीण कल्याण विगहा थाना शिकायत करने पहुंचे इसी बीच पुलिस से उनकी नोकझोंक भी हुई।



**क्या बोली पीड़िता:** पीड़िता ने कहा कि टीचर ने मेरा हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगे। इसके बाद मैने घर जाकर इसकी जानकारी अपने मां-पिता को दी।

**मैने कुछ नहीं किया है : आरोपी:-** वहीं आरोपी शिक्षक ने कहा कि छेड़खानी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। मैने कुछ नहीं किया है। अचानक ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और मेरी पिटाई शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए अन्य शिक्षकों के साथ भी ग्रामीणों ने हाथापाई की।

# पहले पैसों की थी मोहताज, अब शोभा कुमारी बनी आत्मनिर्भर लखपति दीदी

निज संवाददाता। गया

पहले पैसों की काफी कमी थी, अगर कहें मोहताज थी, तब गलत न होगा। कम पैसों के कारण जिंदगी किसी तरह कट रही थी। जीवन में बदलाव की चाहत थी। अब, जीविका से जुड़ने के बाद व्यवसाय से जुड़ी, आय होने लगी और पैसे की बचत भी सीखी। यह कहना है गया जिले के नीमचक बथानी प्रखंड के मई पंचायत के दयाली बिगहा गांव की शोभा कुमारी का। वह बजरंगबली जीविका महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं, जो सहारा जीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़ा है। इनके मेहनत की कहानी प्रेरणादायक है, जो दूसरों के लिए उदाहरण बनी है। जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़कर इन्होंने अपने जीवन को एक दिशा दी है। गांव में रहते हुए विभिन्न जीविकोपार्जन गतिविधियों द्वारा लाभ अर्जित कर समृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। जीविका से मिले सहयोग और अपनी मेहनत से आज यह एक आत्मनिर्भर लखपति जीविका दीदी बनी हैं।



पति ने दिया साथ शोभा कुमारी का जीवन पहले साधारण गृहिणी की तरह बीत रहा था। उनके पास पैसे और जानकारी की कमी थी, लेकिन उन्होंने 2017 में जीविका समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव की शुरुआत की। जीविका समूह के साथ मिलकर उन्होंने बचत करने का तरीका सीखा और साथ ही ऋण प्राप्त करके अपने सपनों को साकार किया। शोभा कुमारी और उनके पति पंकज ने मिलकर अपने गांव में मुर्गी पालन, मछली पालन और गाय पालन जैसी कृषि गतिविधियों से जीविकोपार्जन करना शुरू किया। शोभा ने ऋण का सही उपयोग करके अपने सपनों को साकार किया और अपने परिवार के जीवन में आर्थिक सुधार लाया।

30 हजार चुका कर लिया एक लाख का ऋण शोभा कुमारी ने बताया कि वह 2017 में जीविका से जुड़ी। समूह की मदद से ऋण ले कर रोजगर शुरू कर आगे बढ़ने का अवसर मिला। समूह से जुड़ साप्ताहिक बैठक में भाग लेने से उसमें बचत करने की आदत हुई। यहां से उसे कई तरह की जानकारी मिली। उसने अपने समूह से पहले तीस हजार का ऋण लिया। इसे चुकाने के बाद, उसने 2023 में एक लाख का ऋण लिया और मुर्गी पालन आरंभ किया।

# संक्षिप्त समाचार

## वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई, फिंगर मिलान नहीं करने वाले 3 शिक्षकों का वेतन हुआ बंद

**गम्हरिया।** प्रखंड क्षेत्र में बीपीएससी के आए हुए 3 शिक्षकों का वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बीईओ ने वेतन बंद कर दिया। जानकारी देते हुए बीईओ नवलकिशोर सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग ने बीपीएससी टीआरई वन और टीआरई टू से आए शिक्षकों का तिथि निर्धारित कर जिला शिक्षा कार्यालय में फिंगर देने को लेकर आदेश जारी किया था। उन्होंने बताया कि कुल 66 स्कूलों में कुल 253 शिक्षक को प्रति नियुक्त किया गया था। जिसमें टीआरई वन में 174 और टीआरई टु में 82 शिक्षक का नियुक्ति हुआ था। जिसमें 250 प्रतिनियुक्ति शिक्षक ने फिंगर दे दिया गया। जबकि दो शिक्षक मध्य विद्यालय चिकनी रामगढ़ के शिक्षक बबलू कुमार, एनपीएस मतनाजा लक्ष्मीनिया स्कूल के विश्व बंधु न्यूटन और एक शिक्षिका कन्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तर के पूनम कुमारी ने अब तक फिंगर नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार इन तीनों शिक्षकों का अगले आदेश तक वेतन बंद कर दिया गया है।

## प्रकृति के सुकोमल कवि थे सुमित्रानंदन पंत : डॉ. सिंह

**गया।** शहर के चंपा कुंज में रविवार को साहित्य महापरिषद् के बैनर तले सुमित्रानंदन पंत की जयंती समारोह पूर्वक मनी। अध्यक्षता परिषद् के अध्यक्ष डॉ. राम सिंहासन सिंह ने की। सर्वप्रथम साहित्यकारों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया, फिर इनके जीवनी पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष डॉ. सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकोमल कवि थे। उन्होंने कविता, पद्य नाटक और निबंध सहित 28 रचनाएं लिखीं हैं। छायावादी कविताओं के अलावा पंत ने प्रगतिशील, समाजवादी, मानवतावादी और दार्शनिक कविताएं भी लिखीं। 1960 में पंत को कला और बूढ़ा चांद के लिए भारतीय साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। इसके साथ हीं पद्म भूषण से भी इन्हें सम्मानित किया गया था। जगजीवन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर बालकृष्ण वर्मा ने कहा कि पंत जी अपने विस्तृत वाङमय में एक विचारक, दार्शनिक और मानवतावादी के रूप में हमारे सामने आते हैं। कुमारकांत ने कहा कि सबसे कलात्मक कविताएं 'पल्लव' में संग्रहित हैं जो 1918 से 1925 तक लिखी गई थी। प्रोफ़ेसर प्रदीप कुमार ने कहा कि पंत साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक है, जिसका जन्म अल्मोड़ा के कसौनी में हुआ था। प्रोफ़ेसर शारदा कुमारी ने कहा कि पंत जी की भाषा खड़ी बोली है। उनकी भाषा सरल है, उसमें चित्रमयता, संगीतात्मकता और लक्षणिकता की धारा मिलती है। डॉ एल के आरोही ने कहा कि पंत ने प्रकृति के मानवीकरण रूप का प्रयोग किया है।

## एयरपोर्ट एरिया में सीआईएसएफ ने एक भटकते बच्चे को बचाया, परिजन से बात कर थाने के किया हवाले

**बोधगया।** रविवार को लगभग 12.17 बजे, एक बच्चा, जिसकी उम्र लगभग 11 वर्ष है, को गया हवाई अड्डे के डिपार्चर फोरकोर्ट क्षेत्र में अकेले बैठे देखा गया था। सीआईएसएफ नंबर 023630110, एचसी/जीडी रवि भूषण कुमार (सीआईडब्ल्यू कर्मी) ने 'उक्त बच्चे को अकेले देखने के बाद उस बच्चे से बात की, तब बच्चे ने अपना नाम विजय साह और निवास कुशेश्वर अस्थान, दरभंगा, बिहार बताया। पता चला कि वह 'कुछ दिन पहले दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था'। तुरंत, प्रधान आरक्षक/जीडी रवि भूषण कुमार ने उपरोक्त बच्चे के बारे में इंस्पेक्टर/एक्सई प्रशांत, प्रभारी सीआईडब्ल्यू (अस्थायी प्रभारी) को सूचित किया।, इंस्पेक्टर/एक्सई प्रशांत मौके पर पहुंचे और उक्त बच्चे से 'बातचीत' की;। उक्त बच्चे ने अपने घर का मोबाइल नंबर बताया। उक्त नंबर पर संपर्क करने पर एक व्यक्ति दिनेश साह ने कॉल अटेंड किया और पूछने पर उसने बताया कि वह उक्त बच्चे विजय साह के दादाजी हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बच्चा कम से कम 15 दिन पहले घर से भाग गया था, इसलिए उन्होंने उसकी सुरक्षित घर वापसी का अनुरोध किया। तदनुसार, बच्चे विजय साह को उचित सत्यापन के बाद 'उसे बचाने और उसके परिवार से मिलाने के लिए मगध मेडिकल, पुलिस स्टेशन, गया को सौंप दिया गया है। एएसजी कार्मिक द्वारा किया गया उपरोक्त 'अच्छा कार्य' एक बच्चे को बाल तस्करी की चपेट में आने से बचा सकता है'। इधर, उक्त अच्छे कार्य के लिए सीआईएसएफ गया हवाई अड्डा के उप समादेष्टा बलवंत कुमार सिंह ने सराहना करते हुए सभी बल सदस्यों को उचित पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की है।



## 30 जून को बीएमएस का जिला सम्मेलन, हुई बैठक



**गया।** शहर के आजाद पार्क में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक शकील अहमद खान ने की। बैठक में विशेष तौर पर बीएमएस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला शामिल हुए। श्री शुक्ला ने बीएमएस की गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि आप कार्यकर्ताओं की वजह से ही बीएमएस ने शून्य से शिखर तक की यात्रा पूर्ण की है। उन्होंने दया इंजीनियरिंग वर्क्स (स्लीपर) लिमिटेड मानपुर के श्रमिकों की समस्याओं को सुना और कहा कि प्रबंधन न्यायोचित कदम नहीं उठा रहा है। बैठक में भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई का सम्मेलन 30 जून को आयोजित करने का भी निर्णय किया गया। मौके पर बीएमएस के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी, संयुक्त महामंत्री मनीष कुमार, वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय कन्स्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष अग्निदेव प्रसाद सिंह, पूर्व जिला मंत्री बिनेशर पंडित, पूर्व कोषाध्यक्ष अनादि ब्रह्म प्रसाद, सुधा कुमारी, संतोष कुमार, दिनेश कुमार सिंह, जगदीश यादव, रामध्यान सिंह, राजेश पासवान, एकराम सिंह आदि मौजूद थे।

## NOU के MA पार्ट-2 की परीक्षा कल से, तैयारियां पूरी, पटना कॉलेज और साइंस कॉलेज को बनाया गया परीक्षा केन्द्र

**नालंदा।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर पार्ट टू की परीक्षा मंगलवार 21 मई से आरंभ होगी। इस परीक्षा में करीब डेढ़ हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सूबे की राजधानी पटना में दो परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ हबीबुर्रहमान ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पटना के पटना कॉलेज और साइंस कॉलेज में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। लेकिन प्रायौगिक विषयों की परीक्षा केन्द्र नालंदा खुला विश्वविद्यालय के मुख्यालय नालंदा में ही बनाया गया है। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर विज्ञान, कला और वाणिज्य संकायों के विभिन्न विषयों की परीक्षा 21 मई को आरंभ होगी, जो 13 जून तक चलेगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मुख्यालय में विद्यार्थियों के रहने की असुविधा को देखते हुए पटना में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। लेकिन दूसरे जिलों और राज्यों से प्रायौगिक परीक्षा में शामिल होने नालंदा आने वाले परीक्षार्थियों के रहने के लिए गर्ल्स हॉस्टल और बॉयज हॉस्टल आवंटित किया गया है। इसके अलावा शेष बचे विद्यार्थियों को कर्मचारियों के खाली पड़े आवास में जगह मुहैया कराई जा रही है। कुलसचिव डॉ एच रहमान ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी।



# शहर में बढ़ी बाईक चोरी की घटना

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में इन दिनों बाइक चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस एक तरफ चोरी के बाइकों के विरुद्ध अभियान चलाकर जब्त कर उसे उसके असली मालिक के पास पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, तो वहीं चोर नए-नए मालिकों से उनके बाइकों को चुरा ले रहे हैं। यहां पुलिस डाल-डाल, तो चोर पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।ताजा मामला सोमवार का है, बाइक चोरों ने बीआरसी में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर मनी शंकर मनीष की बाइक संख्या बीआर27इन1425 को उड़ा ले गए। कम्प्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि वे प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी कार्यालय के बाहर अपनी बाइक को खड़ा कर अंदर काम करने गए।वहीं जब वे लगभग 11:10 में वापस बाहर आये तो देखा कि उनकी बाइक नहीं है। जिसके बाद कार्यालय में रहे दर्जनों शिक्षकों एवं कर्मियों से बाइक चोरी की चर्चा हुई।तो लोग इंटर विद्यालय के प्रांगण समेत मैदान एवं आसपास बाइक को ढूंढने लगे। किन्तु बाइक का कोई अतापता नहीं चला।तब कम्प्यूटर ऑपरेटर हारकर थाना को लिखित आवेदन देकर बाइक की बरामदगी एवं अज्ञात बाइक चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़ित कम्प्यूटर ऑपरेटर ने कहा कि उन्हें लगभग 10 हजार रुपये मात्र प्रति माह भुगतान किया जाता है। ऐसे में उनकी बाइक का चोरी होना किसी सदमे से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि वे बीते दो वर्ष पूर्व कोविड के कारण हुए लॉकडाउन में बाइक खरीदे थे, जिसे चोरों ने उड़ा लिया। बीते 17 मई को चौथा गांव निवासी कामेश्वर दास के पुत्र पिन्टू कुमार अपनी बीमार पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे।पत्नी का इलाज करवाकर जब वे 20 मिनट बाद वापस आये तो अस्पताल परिसर में खड़ा बाइक बीआर27एन7711 नहीं था। बीते 15 मई को पकरीबरावां थाना क्षेत्र के अमनबाग निवासी मो अब्दुल अजीज के पुत्र मो असरफ अली इंटर विद्यालय के प्रांगण स्थित बीआरसी किसी काम से आये।जब वे वापस लौटे तो कार्यालय के बाहर खड़ी उनकी बाइक संख्या बीआर27एच8749 गायब थी। बीते 14 मई को फुलवरिया डैम के पास से अज्ञात चोरों ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मछली शहर थाना क्षेत्र निवासी नारहुम तैयब के पुत्र फुटकल से बाइक संख्या यूपी62सीके7637 को छीन लिए। पीड़ित ने कहा कि वे पिपरा व परतौनिया से जड़ी-बूटी बेच कर आ रहे थे और रास्ते में बाइक एवं मोबाइल समेत नगदी पैसे को बुलेट पर सावर रहे दो लोग छीनकर चंपत हो गए। नरहट थाना क्षेत्र के सोरहीपुर गांव निवासी अजीत कुमार के पुत्र विक्की राज तारगिर स्थित अपनी बहन के यहां आए थे। जहां से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक को उड़ा लिया।जिसको लेकर 15 मई को रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल, बीआरसी भवन एवं अनुमण्डल कार्यालय बाइक चोरों के लिए हॉट स्पॉट जगह बन गया है। जहां से आये दिन लोगों के बाइकों की चोरी होते रहती है। इसके बावजूद न तो लोग सावधानियां बरत रहे हैं और न ही प्रबंधक वहां सीसीटीवी कैमरा लगवा रहे हैं। इंटर विद्यालय के प्रांगण में स्थित बीआरसी भवन में सीसीटीवी कैमरा नहीं है। जबकि एक सप्ताह के भीतर कार्यालय के बाहर से दो बाइकों को चोर उड़ा ले गए हैं। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगा सीसीटीवी कैमरा विगत तीन माह से खराब पड़ा हुआ है। लेकिन प्रभारी डीएस द्वारा इसको लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे लगभग 15 दिनों के अंदर मरीज का इलाज करने पहुंचे दो परिजनों के बाइकों को चोर उड़ा ले गए। जबकि बैंक के सामने सीसीटीवी रहने के कारण सैकड़ों खड़ी बाइक सुरक्षित रहती है। इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि जिन कार्यालयों के बाहर सीसीटीवी लगे हुए हैं, वहां के बाइक अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित हैं। इस बाबत पर बीआरसी में मौजूद रहे प्रभारी बीईओ दिगम्बर ठाकुर ने कहा कि बाइकों की चोरी के वारदात बढ़े हैं। जल्द ही फंड से कार्यालय के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बाइक चोरों के विरुद्ध पुलिस सख्त से सख्त कदम उठा रही है। साथ ही कहा कि जल्द ही बाइक चोर एवं गिरोह का पुलिस पर्दाफाश करेगी। इसके लिए अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# विवाहिता का शव मिलने के मामले में सात बने नामजद

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के जोराबर बिगहा निवासी दुलारचंद चौहान की 20 वर्षीय पत्नी ललिता देवी का बधार में संदिग्ध हालात में शव रविवार को अहलेसुबह में पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में मृतका के पिता जिले के मुफस्सिल थाना के झुनाठी टोला बेलदारी निवासी रामजन्म चौहान ने नारदीगंज थाना में मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा इस मामले में मृतका के पति दुलारचंद चौहान समेत सात लोगों को आरोपित किया है। आवेदन के आलोक में कांड संख्या 140/2024 दर्ज कर मामले का अनुसंधान की जा रही है। घटना के बाद सभी आरोपी भाग गए है। कभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, वैसे इस घटना में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# एसएसबी जवानों ने किया नशा मुक्त अभियान पर चर्चा

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** ललित कुमार, कमांडेंट 32वीं वाहिनी के निर्देशन तथा मोहम्मद जहांगीर राईनी के नेतृत्व में 'ई' समवाय 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा चलाए जा रहे 'मेरी लाइफ' मिशन जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को प्रखण्ड के सरौनी ग्राम अवस्थित पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मोहम्मद जहांगीर राईनी, सहायक कमांडेंट ने स्थानीय लोगों के बीच पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने पर चर्चा किया। वहीं गली मोहल्ले में पड़े रैपर व प्लास्टिक के अन्य सामग्री को सही जगह एकत्रित करके उसे उचित तरीके से निपटान करने पर बल दिया गया। जागरूकता अभियान के तहत एसएसबी ने नशा मुक्ति भी विशेष बल दिया। सहायक कमांडेंट मोहम्मद जहांगीर राईनी ने कहा कि नशा के शिकार व्यक्ति न सिर्फ आर्थिक,शारीरिक व मानसिक नुकसान सहता है, बल्कि वह अपना समाज में स्वयं के गरिमा को भी खो देता है। कार्यक्रम में सरौनी पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों के अलावे एसएसबी के जवान मौजूद रहे।




## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**चोरी गई वाहन**

**(हीरो पैसन प्रो मोटरसाईकिल रंग–काला)**

गढ़वा थाना कांड सं0–53/24 दिनांक–26.01.2024, धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी हीरो पैसन प्रो मोटर साईकिल जिसका रजी0 नं0–JH03Y9525, इंजन नं0–HA10ACKHE53057 एवं चेचिस नं0–MBLHAWO17KHE67970 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 324982 Police(24-25)#D


फॉर्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा** **(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय अच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**प्रत्याशी का नाम एवं पता** : पवन सिंह, 90, ग्राम- जोकहरी, आरा, महुली घाट, भोजपुर, बिहार।

**राजनीतिक दल का नाम** : निर्दलीय

**निर्वाचन का नाम** : लोक सभा चुनाव 2024

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम** : 35- काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार

मैं पवन सिंह, जो उपरोक्त निर्वाचन में अभ्यर्थी हूँ, घोषणा करता हूँ कि मेरे विरूद्ध निम्नवर्णित आपराधिक मामले दर्ज है।

(क) लंबित आपराधिक मामलेः–

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | अपराध संख्या एवं दिनांक | मामले की स्थिति | संबन्धित धाराएं एवं संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए.सी.जे.एम. डेहरी | 110/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 2. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 237/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 3. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 216/2024 | लंबित | 143, 188, 171 एफ भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 4. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 70/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 5. | ए.सी.जे.एम. विक्रमगंज | 56/2024 | लंबित | 188 भा.द.वि. एवं 127 आर.पी. एक्ट, आचार संहिता का उलंघन |
| 6. | परिवार न्यायालय बलिया | 330सी/2022 | लंबित | 125 सी.आर.पी.सी., भरण पोषण |
| 7. | ए.डी.जे., सिटी सिविल कोर्ट, मुंबई | 630/2019 | उपस्थिति हेतु | 376(2)(एन), 341, 323, 506, 509, 312, 315 भा.द.वि. एवं 66ए, 66ई, 67 आई.टी. एक्ट यौन शोषण, सोशल मीडिया एवं अन्य |

निर्दलीय प्रत्यशी पवन सिंह द्वारा प्रकाशित।

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**

Govt. of Bihar

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**

(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये PR No.-011999 (Mines & Geology) 2023-24, PR No.- 014610 (Mines & Geology) 2023-24, एवं PR No.-017372 (Mines & Geology) 2023-24 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के फलस्वरूप दिनांक–14.03.2024 को सम्पन्न तृतीय चरण के ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र0 स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 1-A | | | | | | | |
| 2 | Aurangabad Son 1-B | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 1-C | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 2-C | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 10-B | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 11-B | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 11-C | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 12-A | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 12-B | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 12-C | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 13-A | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 13-B | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 14-B | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 15-A | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 15-B | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 16-B | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 18-A | | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 18-C | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 19-A | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad Son 19-B | | | | | | | |
| 22 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad Son 22-A | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad Son 23-B | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad Son 24-C | सोन नदी | 03.06.2024 | 18.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 18.06.2024 के अपराह्न 05:30 बजे | 25.06.2024 | 27.06.2024 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 27.06.2024 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 31 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad Son 26 | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 36 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | | |
| 37 | Aurangabad Son 28-B | | | | | | | |
| 38 | Aurangabad Son 28-C | | | | | | | |
| 39 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 40 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 41 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 42 | Aurangabad MOEF SON 1-A | | | | | | | |
| 43 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 44 | Aurangabad MOEF SON 1-C | | | | | | | |
| 45 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 46 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 47 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 48 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 49 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 50 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 51 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 52 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 53 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 54 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 55 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 56 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 57 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 58 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 59 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 60 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 61 | Aurangabad MOEF SON 5-F | | | | | | | |
| 62 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | | |
| 63 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 64 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 65 | Aur Pun-18 to 23 | पुनपुन, नदी | 03.06.2024 | 18.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 18.06.2024 के अपराह्न 05:30 बजे से | 25.06.2024 | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से |
| 66 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | | |
| 67 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 68 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 69 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 70 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | | |
| 71 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 72 | AUR BA 06 | | | | | | | |
| 73 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 74 | AUR BA 08 | बटाने, नदी | 03.06.2024 | 18.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 18.06.2024 के अपराह्न 05:30 बजे से | 25.06.2024 | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से |
| 75 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 76 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 77 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 78 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 79 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 80 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 03.06.2024 | 18.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 18.06.2024 के अपराह्न 05:30 बजे से | 25.06.2024 | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से |
| 81 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 82 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 03.06.2024 | 18.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 18.06.2024 के अपराह्न 05:30 बजे से | 25.06.2024 | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 27.06.2024 02:00 बजे अपराह्न से |

1. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
3. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
4. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
5. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना– 800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

❖ विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद।

PR- 000842 ( Mines ) 2024-25

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – चुनाव का पर्व, देश का गर्व ।

आठ प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से स्पष्टीकरण एवं नौ पंचायतों के तकनीकी सहायक, लेखापाल एवं पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक स्थगित

# भवन निर्माण व्यय की हुई समीक्षात्मक बैठक



निज संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिला पंचायत राज पदाधिकारी, नवादा नवीन कुमार पाण्डेय द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण एवं 15वीं वित्त अनुदान मद की राशि के व्यय के संदर्भ में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। 08 प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से स्पष्टीकरण एवं 09 पंचायतों के तकनीकी सहायक, लेखापाल एवं पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक स्थगित किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु आरजीएसए मद में प्राप्त राशि के व्यय में निम्नलिखित पंचायतों का प्रदर्शन काफी असंतोषजनक है। सिरदला प्रखंड के बांधी एवं खटांगी, गोविंदपुर प्रखंड के सुघरी, नवादा प्रखंड के ओरैना एवं रजौली प्रखंड के जोगियामारण। इन 05 ग्राम पंचायतों द्वारा समेकित रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 63 लाख की राशि व्यय नहीं की गई। उक्त आलोक में इन 05 ग्राम पंचायतों के तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पूछा गया। 15वीं वित्त की अनुदान मद में प्राप्त राशि के व्यय के समीक्षा के दौरान पाया गया कि नरहट (38.7 प्रतिशत) एवं काशीचक प्रखंड (36.17 प्रतिशत) के ग्राम पंचायतों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 40 प्रतिशत से भी कम राशि खर्च की गई है। पंचायत वार व्यय की गई राशि की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभिन्न प्रखंडों के 24 ग्राम पंचायतों के द्वारा व्यय की गई राशि का प्रतिशत 30 प्रतिशत से भी कम है।

इसमें से 09 ग्राम पंचायतों द्वारा 20 प्रतिशत से भी कम की राशि व्यय की गई है, जबकि राज्य एवं जिला स्तर पर ग्राम पंचायतों द्वारा व्यय की गई राशि का औसत प्रतिशत 52 प्रतिशत है। सरकंडा पंचायत- 18.28 प्रतिशत, हदसा पंचायत-19.62 प्रतिशत, जमुआरा पंचायत-6.52 प्रतिशत, कादिरगंज पंचायत-19.34 प्रतिशत, बुढौली पंचायत-19.22 प्रतितशत, जोगियामारण पंचायत-14.23 प्रतिशत, रजौली पूर्वी पंचायत-5.48 प्रतिशत, भट्टा पंचायत-18.88 प्रतिशत एवं बागी बरडीहा पंचायत-12.26 प्रतिशत। इन ग्राम पंचायतों से संबद्ध 08 प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से योजनाओं के क्रियान्वयन का सतत अनुश्रवण नही करने के आलोक में स्पष्टीकरण पूछा गया। साथ ही, इन 09 ग्राम पंचायतों के मुखिया, तकनीकी सहायक, लेखापाल एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण पूछते हुए अगले आदेश तक वेतन स्थगित किया गया। निर्देश दिया गया कि सभी क्रियान्वित की जा रही योजनाओं को पूर्ण कर मापी पुस्त दर्ज करते हुए व्यय की प्रक्रिया पूर्ण करें। एक सप्ताह के अंदर व्यय प्रतिशत में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर इन ग्राम पंचायतों के मुखिया पर 18(5) के तहत कारवाई एवं सभी संबंधित कर्मियों पर विभागीय कारवाई प्रारंभ की जायेगी। पूर्व से निर्मित पंचायत सरकार भवनों के क्रियाशीलता को सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित निर्देश दिए गए। रोस्टर वार सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों का उपस्थिति दर्ज करना एवं कर्मियों के रोस्टर को वॉल पेटिंग के माध्यम से प्रदर्शित करना। ग्राम पंचायत के स्तर से क्रियान्वित योजनाओं के अभिलेखों को पंचायत सरकार भवन में ही संधारित रखना। आरटीपीएस काउंटर को क्रियाशील रखना एवं ग्राम कचहरी का संचालन पंचायत सरकार भवन में ही सुनिश्चित करना।

## आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु ब्यूरो चीफ के साथ बैठक

निज संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बैठक में उपस्थित दैनिक समाचार पत्रों के ब्यूरो चीफ को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। नवादा जिले के बाहर एवं पंचायत से लेकर सूदूरवर्ती इलाकों में इसका प्रचार प्रसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया से करायें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 को 10:00 बजे पूर्वा0 में व्यवहार न्यायालय, नवादा के परिसर में आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय मामलों के आधार पर वादों का निष्पादन किया जाता है। दिनांक 13 जुलाई 2024 शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों, मनी रिकवरी वाद, दिवानी वाद, बैंक ऋण वाद, बीमा वाद, जलवाद, बिजली वाद, विवाह संबंधी वाद, राजस्व वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-अधिग्रहण मामले, भरण-पोषण वाद, श्रमवाद, अन्य दिवानी मुकदमा (जैसे-किराया, सूखाधिकार) आदि मामलों का निष्पादन आपसी सुलह के आधार पर ऑन स्पॉट किया जायेगा। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों विभिन्न माध्यमों से कराया जा रहा है। जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से सभी सुलहनीय वादों को इच्छुक प्रतिवादी के साथ उपस्थित होकर मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन करायें। प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि आप सभी इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठावें और अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करायें।

राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु न्यायिक पदाधिकारियों की हुई बैठक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव 3जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों का न्यायालयवार समीक्षा की गयी। जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने अपने न्यायालयों के वादों के बारे में बताया गया साथ ही निष्पादन के लिए चिन्हित वादों की चर्चा की गयी। उक्त बैठक में मापतौल, श्रम एवं वन वादों का न्यायालयवार चिन्हित सूची से सुलहनामा हेतु तैयार वादों में नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जी0ओ0 वादों में पक्षकारों के विरूद्ध वारंट (यथाआवश्यक) निर्गत करने के संबंध में न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मनी सूट एवं धारा 138 एन0 आई0 एक्ट के संबंध में भी चर्चा वृहत रूप से की गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा के द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से अपराधिक सुलहनीय वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जाए तथा वैसे सभी वादों जिसमें पूर्व में सुलहनामा आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या अभिलेख में दाखिल किया गया है वैसे वादों में पक्षकारों पर नोटिस निर्गत सुनिश्चित करने के लिए भी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नवादा, देवव्रत कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, प्रतीक सागर, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, कमरूजमॉं, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा, आदित्य आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा, निखिल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा आदि न्यायायि पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिया।

## सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत, मालिक गाड़ी लेकर फरार



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अहरांव गांव के पास सोमवार को दुर्घटना में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक ज्ञानी बिगहा गांव के अखिलेश पासवान ट्रैक्टर चलाता था। बताते हैं कि ट्रैक्टर का हाइड्रोलिक खराब था, उसी की मरम्मत के क्रम में वह चोटिल हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव को मौके पर छोड़ कर ट्रैक्टर मालिक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने ट्रैक्टर मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक के बेटे ने सूचना दिया कि एक्सीडेंट हो गया है। हमलोग मौके पर पहुंचे तो शव पड़ा हुआ था। ट्रैक्टर मालिक गाड़ी लेकर भाग गया था। भीम आर्मी के अध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर के हाइड्रोलिक से दबने से मौत हुई है। मामले में कहीं न कहीं ट्रैक्टर मालिक की लापरवाही दिखती है। हम लोगों ने प्रशासन मुआवजे और जांच की मांग की है। पुलिस को सूचना दी गई है। सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि अहरांव गांव के पास दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। मामले में पीड़ित परिवार द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। मामले की जांच जा रही है। आवेदन मिलने पर उसके अनुसार प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया है।

## 59 पुड़िया हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार



**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** भभुआ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर दो लोगों को 9.40 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है।सूचना मिलने के बाद भभुआ थाना अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार, सिपाही विवेक कुमार, गृह रक्षक वकील यादव, महेंद्र कुमार चौधरी और चालक सत्येंद्र कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। संदिग्ध स्थिति में दो लोगों को रोककर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 59 पुड़िया हेरोइन बरामद किया गया। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## गुरो विन्दा महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का किया गया आयोजन




निज संवाददाता

**नवादा।** नवादा के बहुद्देशीय कक्ष में जन्तु विज्ञान विभाग ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन दिनांक 20 मई 2024 को प्रारम्भ किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० मिथिलेश कुमार (IFS) एवं विशिष्ट अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव डॉ० शैलेश कुमार के सह सहयोग से कार्यक्रम का पहला दिन सम्पन्न किया गया जिसमें उपस्थित विद्वानगण ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किये, इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य शीर्षक 'जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता का संरक्षण था। उक्त कार्यक्रम के उपलक्ष्य में अमृत वाणी की वर्षा करते हुये मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव सह एशोसिएशन ऑफ इन्स्टीच्यूट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज पटना (बिहार) के महासचिव डॉ० शैलेश कुमार ने अपने विचारों का मृदुल प्रस्तुति देते हुए कहे कि जलवायु सभी जीव धारियों का मुख्य हिस्सा है, जलवायु में किसी प्रकार का परिवर्तन होता है, तो इसका सीधा प्रभाव सभी जीव धारियों पर पड़ता है और इसकी सारी जिम्मेदारी मनुष्य कि होती है, क्योंकि सभी प्राणियों में मानव ही एक समझदार प्राणी है जो पर्यावरण कि सुरक्षा कर सकता है समय-समय पर जलवायु का परिवर्तन भी आवश्यक है परन्तु मनुष्य को चाहिये कि पर्यावरण कैसे बचाया जाय इसका उपाय हमेंशा करते रहना चाहिये जैसा कि पर्यावरण सुरक्षित रखने का सीधा उपाय वृक्षारोपण है, वृक्षों से ही मौसम का संतुलन समुचित रखा जा सकता है सचिव महोदय ने यह भी कहा कि आप शिक्षित हैं, अपने आसपास गंदगी फैलने से रोके जिससे पर्यावरण सुरक्षित रह सके तत्पश्चात विशेष अतिथि डॉ० देवानन्द सिन्हा ने जलवायु संरक्षण के विषय में कहे कि एक इंसान से पर्यावरण सुरक्षित नही हो सकता इसमें सभी लोगों को ध्यान देने कि जरूरत है इसी के साथ डॉ० सरफराज अली सहायक प्राध्यापक पी०जी० विभाग बायोटेक्नोलोजी मगध विश्वविद्यालय बोध गया ने अपने अगल-बगल की साफ सफाई एवं कल कारखानों से पर्यावरण को बचाने के बहुत सारे सलाह दिये जिससे पुरा जनसमूह प्रभावित हुआ। सहायक प्राध्यापक श्री सुनिल कुमार गुप्ता सीता राम साहू कॉलेज, नवादा ने अपने उद्बोधन में कहे कि जैव विकास एवं संरक्षण तभी सम्भव है जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित है। इसी कड़ी में सहायक प्राध्यापक डॉ० विरेन्द्र कुमार ने भी वृक्षा रोपण पर विशेष बल दिये तथा पानी कम खर्च करने का भी सलाह दिये। इस शुभ अवसर पर गुरो विन्दा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य माननीय निशांत कुमार ने मंच संचालन करते हुये सभी शिक्षार्थियो को उपदेश देते हुये कहे कि हम धरती के पुत्र हैं, वृक्ष हमारे मित्र हैं, जिनसे हमको शुद्ध हवा, फल, फूल, लकड़ी आदि मिलती है इसलिये हमारा कहना है कि जिस प्रकार हमे चोट लगती है तो दर्द होता है वैसे ही पेड़ पौधो को भी अनावश्यक काटने पर दर्द होता है, ओर प्राकृतिक क्षति भी होती है, जिससे वातावरण अशुद्ध होते जा रहा है जिससे हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं इसलिये हमे पेड़ नही काटना चाहिये और जितना हो सके वृक्ष लगाना चाहिये जिससे हमारे भविष्य में होने वाला कुप्रभाव रोका जा सके, तथा खेती करते समय यह ध्यान देना है, कि खेतो में कम से कम उर्वरक खाद व कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें जिससे हमारे खेतों कि उर्वरा शक्ति बर्करार रहे और किसी जीव जन्तु को नुकसान न पहुंच सके इसी के साथ प्लास्टिक का भी प्रयोग कम करे और नदी नाले में न फेंके जिससे जल जमाव हो और जल दूषित हो जाय यदि पैसा नहीं किया गया तो चिपको आन्दोलन फिर से शुरूआत करना पड़ जायेगा।

## पवन सिंह की पत्नी ने पति के लिए मांगा समर्थन

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए 1 जून को मतदान होना है। अब जैसे-जैसे मतदान का तारीख नजदीक आ रहा है, प्रत्याशी चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह भी अपने पति के समर्थन में चुनाव प्रचार में उतर गई हैं। काराकाट लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के समर्थन में उनकी पत्नी ने सोमवार को काराकाट प्रखंड के कुकुर, गोराड़ी, सातों परासिया सहित दर्जनों गांव में अपने पति के लिए वोट मांगा। बता दें कि पवन सिंह का अचानक तबीयत खराब होने के बाद उनकी पत्नी चुनावी मैदान में आई हैं। वो पैदल ही गांव-गांव पहुंचकर गली-गली में घर-घर जाकर माता बहनों से हाथ जोड़ कर वोट मांग रही है। इसी दौरान आज काराकाट प्रखंड के दर्जनों गांव में उनका काफिला पहुंचा और उन्होंने सभी गांव में गली-गली पैदल घूम कर अपने पति पवन सिंह के लिए वोट मांगा और 1 जून को उनके चुनाव चिन्ह कैंची छाप पर मतदान करने की अपील की। इस दौरान महिलाएं और युवा लड़कियों में उत्साह देखने को मिला। जहां उनके साथ फोटो और सेल्फी लेने के लिए उत्साह दिखा। बता दें कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। उनकी पत्नी भी चुनाव प्रचार में सक्रिय दिख रही हैं। पवन सिंह मैदान में आने के कारण काराकाट हॉट सीट बन गया है। अब इनकी पत्नी भी चुनाव प्रचार में है।

# सभी सरकारी विद्यालय के बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से दे ज्ञान : बीईओ

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल रेडीनेंस मॉड्यूल' चहक' का कार्यान्वयन हेतु कक्षा एक के नामित शिक्षक शिक्षिकाओं का गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन इंटर विद्यालय नारदीगंज में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में सोमवार को नारदीगंज प्रखंड के 56 विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं को दिया गया। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीईओ महेश्वर रविदास प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आनंद कुमार ने किया ।इस मौके पर बीईओ ने कहा खेल खेल के माध्यम से बच्चों को विद्यालय में पढ़ाएंगे, आज आप जो सीख रहे हैं, वही आप बच्चों को जानकारी देंगे,आप को बच्चे बनकर विद्यालय में बच्चों के बीच शिक्षा देना है। आप चहकेगें, तभी बच्चे भी चहकेगें। चहक में खेल है। खेल खेल के माध्यम से किताबी ज्ञान के अलावा हंसी, खेल से भी बच्चे अधिक सीख सकते हैं। यह एक व्यायाम भी है। उन्होंने कहा आपलोग स्वस्थ्य रहकर बच्चों को स्वस्थ्य रखकर ज्ञान अर्जित करना है। बच्चों को हंसते हुए कक्षा में पढ़ना है। ताली व गीत के माध्यम से भी। सरकार भी यही चाहती है। मास्टर ट्रेनर बीआरपी राजकुमार सिंह व शिक्षक राकेश कुमार ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के गतिविधियों को करवाया। प्रशिक्षक ने उपस्थित प्रतिभागियों के बीच जानकारी देते हुए कहा चहक प्रशिक्षण में बच्चों को विद्यालय से जुड़ाव होगा। जिसमें बच्चों को विद्यालय से जोड़ना, बच्चों को विद्यालयी शिक्षा से जोड़ना, सीखने सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाना के साथ विद्यालय के माहौल को बच्चों के अनुरूप तैयार करना है। साथ ही उन्होंने कहा चहक प्रशिक्षण के चार आयाम है। जिसमें भाषा विकास, शरीरिक विकास, सामाजिक व भावनात्मक विकास के साथ संख्यात्मक ज्ञान व पर्यावरण जागरूकता लाना है। इस दौरान अच्छी प्रस्तुति के लिए सभी शिक्षकों को कई समूहों में बांटा गया था जिसमें जो सबसे उत्कृष्ट प्रस्तुति की है। उन्हें विशेष ताली के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। यह प्रशिक्षण में आये शिक्षिक सुनील कुमार, देवेन्द्र कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने कहा शिक्षा विभाग के यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, हम सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐं प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के माहौल को बच्चे के अनुरूप तैयार करना है, ताकि बच्चों का भाषा विकास के साथ शारिरिक व बौद्धिक विकास होगा। बच्चे खेल खेल के माध्यम से पढ़ना लिखना सीखने में सहूलियत होगी। मौके पर शिक्षिका सुनीता कुमारी, रजनी कुमारी, रीना कुमारी,माधुरी कुमारी, मोनी कुमारी, विभा कुमारी, इंद्रावती कुमारी,समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में छह महीने के बच्चे की मौत

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद-नालंदा सड़क पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास बाइक सावर युवक ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दिया। इससे महिला की गोद में मौजूद 6 माह बच्चे की मौत गिरने से हो गई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना को लेकर लोगों ने बताया कि महिला अपने 6 माह के पोते को गोद में लेकर सड़क पार कर रही थी। इस दौरान जहानाबाद की तरफ से आ रहे बुलेट सावर ने महिला को टक्कर मार दिया। इसके कारण महिला को तो मामूली चोट आई लेकिन बच्चा जमीन पर गिर गया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। लोगों ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बच्चे को मसौढ़ी लेकर जाने को कहा।

## 25 मई को पीएम काराकाट संसदीय क्षेत्र के सुअरा हवाई अड्डा मैदान में करेंगे प्रचार

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए सातवें चरण में 1 जून को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए सभी पार्टी के नेता लग चुके है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को काराकाट जाएंगे। सभा स्थल का चयन कर तैयारी शुरू कर दिया गया है। भाजपा के जिला महामंत्री विजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री डेहरी स्थित सुअरा हवाई अड्डा के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा में पीएम सुबह 11 बजे पहुंच सकते है। हालांकि समय में बदलाव भी हो सकता है। मालूम हो कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए की ओर से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रमो उपेंद्र कुशवाहा मैदान में है। उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन के राजा राम सिंह और निर्दलीय उम्मीदवार पवन सिंह से है। प्रधानमंत्री के आने की सूचना पर राजनीति सरगर्मी तेज हो गई है। इसके सात ही एनडीए के खेमे में उत्साह का माहौल है। बता दे कि काराकाट सीट से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में है। इसमें एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजा राम सिंह, निर्दलीय पवन सिंह, बसपा के धीरज कुमार सिंह, राष्ट्र सेवा दल के प्रत्याशी प्रदीप जोशी, एआईएमआईएम की प्रत्याशी प्रियंका प्रसाद, प्रयाग पासवान, इंद्र राज रौशन, अवधेश पासवान, विकास विनायक, राजेश्वर पासवान,अजित कुमार सिंह और राजा राम सिंह शामिल है।

## नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन

निज संवाददाता




जमुहार (रोहतास)। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, रोहतास के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में सोमवार को 'विश्व मधुमक्खी दिवस 2024' मनाया गया। मधुमक्खियाँ हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे फूलों परागण करते हुए न केवल हमे स्वादिष्ट शहद प्रदान करती हैं, बल्कि कृषि व बागवानी के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। हमारे भोजन की लगभग एक तिहाई आपूर्ति मधुमक्खी के परागण पर निर्भर करती है। फल, सब्जियां और कई महत्वपूर्ण फैसले मधुमक्खियों की मदद से ही संभव हो पाती है। मधुमक्खियों का जीवनचक्र और उनका सामाजिक ढांचा भी अत्यंत अद्भुत है। एक मधुमक्खी कॉलोनी में एक रानी मधुमक्खी, सैकड़ों नर मधुमक्खियाँ, और हजारों श्रमिक मधुमक्खियाँ होती हैं। प्रत्येक मधुमक्खी का अपना विशेष कार्य होता है, जो कॉलोनी की भलाई और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होता है। दुर्भाग्यवश, आज मधुमक्खियों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। इसके कई कारण हैं जैसे कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, और प्राकृतिक आवास का विनाश। यदि यह स्थिति जारी रही, तो इसका प्रभाव हमारे पूरे पारिस्थितिकी तंत्र और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम मधुमक्खियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। इसी कदम को और सुदृढ़ बनाने के लिए कृषि संस्थान ने जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया तथा संस्थान के छात्र–छात्रों के लिए मधुमक्खियों पर ही प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे छात्र–छात्रों ने बढ़ चढ़ के प्रतिभाग किया। मधुमक्खी पालन के भाषण प्रतियोगिता में सीनियर बैच से नितिन नयन ने प्रथम स्थान, कुणाल कुमार ने द्वितीय स्थान एवम आशीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह कृषि संस्थान के प्रो. डा. हेमंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई तथा इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. महेंद्र कुमार सिंह, परीक्षा नियंता प्रो. डा. कुमार आलोक प्रताप तथा जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह उपस्थित रहे। इस दिवस के जागरूकता अभियान तथा प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कृषि संस्थान के कीट विज्ञान विभाग के डा. राधे श्याम ढोले, सुभोजीत पाल एवम डा. आदित्य पटेल की मुख्य भूमिका रही।

# 14 किलो गांजा के साथ एक लाख 25 हजार रुपए जब्त

निज संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र के कपसिया गांव में किराना दुकान में छापेमारी कर पुलिस ने 14 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। साथ ही एक लाख 25 हजार रुपए भी जब्त किए गए हैं। कोचस थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंहा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कपासिया गांव के विनोद कुमार के किराना दुकान में छापेमारी की गई। जहां से 14 किलो गांजा बरामद किया गया। तलाशी में गांजा बिक्री से रखे गए सवा लाख रूपए को भी बरामद किया गया है। पुलिस को देख कर गांजा कारोबारी विनोद कुमार सिंह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। वहीं मौके से विनोद कुमार के बेटे रिंकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। मामले में तीन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। विनोद एवं रिंकेश के साथ तीसरा कारोबारी करगहर का रहने वाला जिसके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में कोचस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर को अपराधियों ने मारी गोली, घायल

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज मुसहर टोली के पास शनिवार की रात पैदल घर जा रहे मजदूर की स्कूटी पर सवार अपराधियों ने गोली मार कर नकद और समान लूट लिया। घायल गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी भानु यादव है जो शनिवार की रात अहमदाबाद से मजदूरी कर अपने गांव आ रहा था। उसी क्रम में शनिवार की रात आरा रेलवे स्टेशन से उतर कर पैदल बस स्टैंड जा रहा था। उसी क्रम में स्कूटी सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच घायल को इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित डॉ विकास के क्लीनिक में भर्ती कराया जहां घायल का इलाज चल रहा है। गोली घायल के बाएं साइड पंजरी में लगी है। घायल अहमदाबाद गाय के खटाल में काम करता था। वही से अपने गांव आ रहा था। पुलिस घायल के बयान पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गई है।

### 48 लीटर शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**गड़हनी।** बनकट गांव में छापेमारी कर 48 लीटर देशी महुआ शराब के साथ तीन धंधेबाज को गड़हनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति बनकट निवासी ललन रवानी के पुत्र करिया रवानी, बुद्धु राम के पुत्र पुर्नवासी राम व भुअर राम के पुत्र राजेंद्र राम बताया जा रहा हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस बल के नेतृत्व में टीम गठित कर शराब धंधेबाज के विरुद्ध छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति के घर में महुआ देशी शराब रख कर बिक्री करते थे जिसको रंगे हाथ 48 लीटर शराब के साथ तीनों को घर से गिरफ्तार किया गया हैं।उसके खिलाफ थाना में बिहार मद्य निषेध उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### 1244.16 लीटर शराब के साथ बोलेरो जब्त

**आरा।** ओपी पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के पास से बोलेरो में लदा 1244.16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक उजले रंग की बोलेरो गाड़ी जिसमें काला सीसा लगा हुआ है जो एसएसटी चेक पॉइंट से पहले छोटी सासाराम पड़ाव से गजराजगंज बाजार होते हुए आरा की ओर अवैध अंग्रेजी शराब की खेप लेकर जा रही है। उक्त आसूचना का सत्यापन, अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी एवं शराब तस्कर की गिरफ्तारी हेतु प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह ओपी अध्यक्ष गजराजगंज श्रीमती रश्मि पुअनि हरि प्रसाद शर्मा ओपी अध्यक्ष गजराजगंज के नेतृत्व में सुबोध कुमार सिंह एवं ओपी के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए एनएच 922 हाइवे पर धमार मोड़ के पास सघन वाहन चेकिंग की करवाई की गई। वाहन चेकिंग के क्रम में बोलेरो पर सवार दो व्यक्ति पुलिस की टीम को देखकर गाड़ी छोड़कर भागने लगा जिसका पीछा किया गया परंतु खुला क्षेत्र होने के कारण वह दोनों भागने में सफल रहा तत्पश्चात् जब्त बोलेरो की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें से 1244.16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

### रविशंकर के हत्याकांड में हत्यारें अब तक फरार

**आरा।** स्थानीय बिहिया थाना क्षेत्र के झौंवा गांव के रविशंकर सिंह की किडनैपिंग और फिर उनका मर्डर किए जाने से संबंधित केस में हत्यारों को गिरफ्तार करने में पुलिस को अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। हालांकि, हत्यारों को दबोचने के लिए पुलिस काफी हाथ- पांव मार रही है। गौरतलब हो कि बिहिया थाना क्षेत्र के झौंवा गांव के रविशंकर सिंह को अगवा किए जाने के बाद उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। उनका शव कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के केवटिया गंगा घाट के दूसरे छोर पर दियारा से बरामद किया गया था। शव बरामदगी के पहले अगवा किए जाने को लेकर बिहिया थाने में 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करायी गयी थी। युवक को अगवा कर हत्या किए जाने की घटना के बाद से ही पुलिस हत्यारों की तालाश में है। बताया जाता है कि पुलिस मोबाइल का सीडीआर खंगाल कर क्लू ढूंढ रही है। पुलिस ने कई जगह छापेमारी भी की है। अभी भी खाली है। फिलहाल, अब देखना यह है कि पुलिस को कब तक सफलता हाथ लगती है।

### आपका एक वोट आपकी ताकतः स्वर्णकार संघ

**आरा।** भोजपुर जिला स्वर्णकार संघ ने चुनावी चौपाल लल्लू साह एंड सन्स ज्वेलर्स, जेल रोड में कराया। अध्यक्षता दीपक कुमार अकेला ने किया। कार्यक्रम में कविता, साहित्य, के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। दीपक कुमार अकेला ने कहा कि चुनावी महासमर 2024 में भोजपुर जिले के सभी मतदाताओं से बढ़-चढ़कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील जिला स्वर्णकार संघ करता है। आपका एक वोट आपकी ताकत है। मतदान के दिन सारे काम धाम छोड़कर, पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। कार्यक्रम में स्वर्णकार धीरज कुमार, राजेंद्र शर्मा पुष्कर, जीतू सोनी, रमाकांत ठाकुर, अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह त्यागी, सुनील सिंह उर्फ प्यासा, प्रतीक कुमार, प्रकाश सोनी, महेश सोनार, गणेश सोनार थे।

### श्री रामानुज स्वामी परमात्मा को जीवात्मा के लिए सहज किए : प्रो बलराज ठाकुर

**आरा।** साहित्य और अध्यात्म परिषद ने श्री रामानुजाचार्य स्वामी के जयन्ती पर रविवार को विद्वत् गोष्ठी सह काव्य पाठ, मानस मंदिर, रमना में हुआ। अध्यक्षता प्रो डॉ नन्द जी दूबे, मंच संचालन डॉ भानु प्रताप सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कविलाश सिंह ने किया। रमेश सिंह, श्रीराम प्रपन्न ने कहा कि विशिष्टाद्वैत मार्ग के महानतम भक्तिमार्गी संत आचार्य श्री रामानुज स्वामी, 11 वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में मद्रास से कुछ दूर स्थित श्री पेरुंपुदूर में अवतरित हुए। सदाचार, आचार्य कृपा और परब्रह्म नारायण की शरणागति को ही तरण तारण का परम साधन बताये। प्रो डॉ बलराज ठाकुर ने कहा कि श्री रामानुज स्वामी परमात्मा को जीवात्मा के लिये सहज कर दिये, निकट कर दिये और धर्म-संस्कृति की रक्षा किये। डॉ जगतनंदन सहाय ने श्री रामानुजाचार्य को भक्ति की सुरसरि प्रवाह करने वाले सर्वाधिक लोकप्रिय संत, आचार्य बताया। डॉ कमल कुमारी ने उनको उद्धारक संत कहा। डॉ नथुनी पाण्डेय ने उनको भारत का गौरव, अतुल प्रकाश ने उनको श्री वैष्णवकुलकमलदिवाकर, आचार्य धर्मेन्द्र तिवारी ने उनको श्री वैष्णव सिरताज और शेषावतार कहा। प्रो० डॉ अयोध्या प्रसाद उपाध्याय ने उनको महान मनीषी, ऋषि एवं दिव्य संत बताया। अध्यक्ष प्रो डॉ नन्द जी दूबे ने कहा कि श्री रामानुजाचार्य हरि शरणम् का संदेश दिये, परमात्मा - जीवात्मा के बीच स्वामी सेवक का संबंध बताये और सबको सेवा-प्रेम का उपदेश दिये। मौके पर डॉ रेणु मिश्रा, डॉ किरण कुमारी, गिरीश सिंह, सुरेश सिंह, तपन सिंह, डॉ ममता कुमारी, डॉ शीलभद्र समेत कई लोग उपस्थित थे। काव्य पाठ में सुरेंद्र सिंह '''अंशु''', डॉ भानुप्रताप सिंह, कमल सिंह, अजय गुप्ता, रंजन कश्यप, हरेराम, जय नारायण पांडे, अलख अनाड़ी, अरविंद सिंह, शरद सिंह, रमेश सिंह, केशव ठाकुर, चंद्रशेखर मिश्र, ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने किया।

### बीएड ,नेट, जेआरएफ करके शिक्षा के क्षेत्र में करियर बना सकते है

**आरा।** महाराजा कॉलेज के 'स्नातकोत्तर इतिहास विभाग' में पीजी सेमेस्टर फोर सत्र, 2021-23 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ। नेतृत्व स्नातकोत्तर सेमेस्टर टू सत्र, 2022- 24 के छात्रों ने किया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किये। अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रोफेसर ओ.पी. राय ने किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने तथा एक अच्छे इंसान बनकर एवं समाज




उपयोगी कार्य से जुड़कर न केवल अपना बल्कि संस्थान का नाम रौशन करने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष डॉ .मोहम्मद नियाज हुसैन ने छात्रों को इतिहास के क्षेत्र में उपलब्ध करियर की जानकारी दी।

# ट्रेलर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चालक की हुई मौत

## घटना के बाद 2 घंटे तक केबिन फंसा रहा ड्राइवर, फायर बिग्रेड की टीम ने निकाला

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में आरा-बक्सर फोरलेन पर ट्रेलर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौत हो गई। घटना नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास की है। जहां घटना के बाद दो घंटे तक चालक ट्रेलर के केबिन में ही फंसा रहा। मिली जानकारी के अनुसार चालक ने आगे रुके ट्रक को देखकर अचानक ब्रेक लगाई, जिससे दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। जिससे ट्रेलर का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी में फंस गया। मृत चालक की पहचान आजमगढ़ के रामदुलार यादव के पुत्र सुभाष यादव के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस, एनएचएआई टीम, फायर बिग्रेड और डायल 112 टीम



की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के केबिन को गैस कटर की सहायता से काटकर ड्राइवर को निकाला गया। वहीं उसे एनएचएआई के एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी है। घटना की जानकारी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**नियमों की हो रही अनदेखीः** पुलिस ने बताया कि जब उसका रेस्क्यू किया गया तब वह बिल्कुल शांत स्थिति में था, लेकिन अनुमंडल ले जाने के क्रम में हाई ब्लड प्रेशर और घबराहट के कारण उसकी मौत हो गई। बता दें कि फोरलेन पर कई जगह नियमों की अनदेखी हो रही है। नया भोजपुर से बक्सर की तरफ जाने को लोग सर्विस लेन का इस्तेमाल न करते हुए उल्टी दिशा का ही प्रयोग करते हुए सर्विस लेन से फोरलेन पर चढ़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो भी रही हैं, और दुर्घटनाओं की सबसे ज्यादा आशंका भी बढ़ रही हैं।

# आपसी विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



- पति को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ, नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र की घटना

निज संवाददाता। बक्सर

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना का कारण पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवाद को बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गांव को लोगों ने बताया कि मृतका गांव के निवासी शंभू यादव की पत्नी कंचन देवी थी। उसकी शादी को पांच साल हो गए थे और उनको बच्चा नहीं हुआ था। उसका पति गुजरात में एक निजी कंपनी में काम करता है। दो महीने पहले घर आया था। पत्नी से नोंक झोंक होती रहती थी। रविवार की शाम पति ने पत्नी को खाना बनाने के लिए कहा और वह बाहर निकल गया। रात को जब वह घर लौटा तो देखा कि पत्नी ने फांसी लगा ली है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने शव को उतार कर पोस्टमॉर्टम के लिए बक्सर भेजा। उन्होंने बताया कि जांच के साथ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# ट्रेन से गिरकर हरियाणा के युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्व साइड स्थित डाउन लाइन पर रविवार को ट्रेन से गिरकर हरियाणा निवासी युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। साथ रहे दो साथियों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**आरा रेल पुलिस और मृतक के परिजनों को दी सूचनाः** मृतक हरियाणा के गुरुग्राम जिला के गुरुग्राम पटौदी थाना क्षेत्र के खानपर गांव निवासी संदीप सिंह काढ़ू उर्फ चरण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र साहिल है।



वह पेशे मजदूर था और गुरुग्राम स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के दोस्त धीरज कुमार ने बताया कि मैं पटना जिला के चौक थाना क्षेत्र के पटना सिटी मोहल्ला निवासी हूं। दोस्त साहिल और एक अन्य साथी तीनों ट्रेन से पटना सिटी आ रहे थे। इसी क्रम में साहिल ट्रेन की गेट पर बैठा हुआ था। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के पूरब साइड स्थित डाउन लाइन पर असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा।

## सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत, दोनों श्राद्ध में शामिल होने गए थे

# घर लौटने के दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर सोमवार की सुबह श्राद्ध से घर वापस लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान दोनों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी स्व. फटीगन पासवान का 41 वर्षीय पुत्र कलेक्टर पासवान और स्व. पुलिस पासवान के 49 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र पासवान हैं। दोनों पेशे से मजदूर थें। इसमें कलेक्टर पासवान रिश्ते में चाचा और धर्मेंद्र पासवान भतीजा है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र सुढ़नी मोड़ के समीप की है।

**पीएचसी से सदर अस्पताल रेफर किया गया थाः** मृतक धर्मेंद्र पासवान के साले विजय पासवान ने बताया कि उनके घर में परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई थी। उसी के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए जीजा धर्मेंद्र पासवान अपने चाचा कलेक्टर पासवान के साथ बाइक से रविवार की देर शाम अपने गांव सरथुआ से अपने कसाप गांव गए थे। श्राद्धकर्म में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुढ़नी मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले गए। जहां से आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां ले जाने के क्रम में दोनों की मौत हो गई।



**अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कियाः** दोनों की मौत के बाद भी परिजन अस्पताल ले गए थे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। मृतक कलेक्टर पासवान अपने तीन भाइयों में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी शोभा देवी, तीन बेटियां संगीता, फुलवंती, निशा और दो बेटे हरेराम पासवान और आशीष पासवान हैं। जबकि मृतक धर्मेंद्र पासवान अपने चार भाइयों और दो बहनों में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में मां तकुलिया देवी, पत्नी मीना देवी, पांच बेटियां समपूनम, रौशनी, स्वीटी, प्रिंसी, परेगा और एक बेटा विक्की है।

# बक्सर में प्रीपेड मीटर के विरोध में बैठक

## मनोज कुमार यादव बोले-सरकार की सोची समझी गरीब, किसान और मजदूर के प्रति साजिश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा नगर पंचायत में बिजली कंपनी द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर का विरोध शुरू हो गया है। इसको लेकर आज नगर पंचायत के चौसा सेवा मंडल में थर्मल पावर मजदूर यूनियन के बैनर तले बैठक कर यह निर्णय लिया गया की नगर पंचायत में प्रीपेड मीटर नही लगने दिया जाएगा। अगर ठेकेदार द्वारा जोर जबरदस्ती से लगाया जाएगा। चरण-बध तरीके से इसका विरोध किया जाएगा। आगे मजबूर किया जाएगा तो नगर पंचायत के प्रतिनिधि के साथ यहां की जनता सड़क पर उतरेगी। वहीं, कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला पार्षद सह अधिवक्ता मनोज कुमार यादव ने कहा कि सरकार की सोची समझी गरीब,किसान और मजदूर के प्रति साजिश है। उन्होंने कहा कि साजिश यह है की गरीबों के घर में बिजली न जले और गरीब अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर रहे। वहीं, कनीय अभियंता विद्युत चौसा के निर्देश पर कंपनी और कम्पनी के



मिस्त्री द्वारा के मकान मालिकों को धमका कर प्रीपेड मीटर जबरदस्ती लगा दिया जाता है। जो खास तौर पर गरीबों के प्रति अन्याय है।विद्युत विभाग के कनीय अभियंता एवं कंपनी का यदि यही रवैया रहा तो नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि एवं आम लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। वही लखन पाल द्वारा कहा गया की पांच किलो फ्री में राशन लेने वाले गरीब परिवार रिचार्ज करा कर बिजली कैसी जला पाएगा। इसका मतलब जिस दिन उसकी कमाई नहीं हुई उस दिन उसका परिवार अंधेरे में रहेगा।दूसरी बात यह है की किसी भी नए योजना को लागू करने से पहले जागरूकता कार्यक्रम किया जाता है।लोगो के बीच पहुंच इसके फायदे नुकसान या लोग कैसे बिजली यूज करे ताकि कम पैसे में ज्यादा दिन लाभ उठा सकते है। ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया।

### पप्पू यादव ने किया बसपा उम्मीदवार अनिल चौधरी का समर्थन

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी के नेता अनिल चौधरी के पक्ष में अब पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी आ गए है। उन्होंने आज पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके साथी और कार्यकर्ता बक्सर में बसपा उम्मीदवार अनिल चौधरी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि जो प्रत्याशी एनडीए को हराने के काबिल होगा। हम और हमारे साथी उनके लिए प्रचार करेंगे और वोट मांगेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि हमारा मकसद इंडिया एलाइंस को मजबूत करना है और केंद्र की सत्ता में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि अनिल चौधरी एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता हैं और वह समझ में रहकर लोगों के लिए काम करते हैं। इसलिए हमारी पार्टी में लिया है कि बक्सर में हम उनका समर्थन करेंगे। बता दें कि पप्पू यादव के यह बयान बक्सर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि बक्सर में नामांकन से पहले ही निर्दलीय प्रत्याशी ददन पहलवान द्वारा यह कहा जा रहा था की उनको पप्पू यादव का समर्थन मिला है।

# आनंद मिश्रा का चुनाव चिन्ह का बदला क्रमांक

निज संवाददाता। बक्सर

निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा का सिंबल क्रमांक को बदल दिया गया है। हालांकि, जो चुनाव चिन्ह है वह नहीं बदला है। आनंद मिश्रा द्वारा 17 मई को दिए गए सिंबल के आधार पर जोर शोर से प्रचार करना प्रारंभ कर दिए थे। तभी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इनका सिंबल का क्रमांक बदल दिया गया। जिसे आनंद मिश्रा द्वारा इसे बड़ा षड्यंत्र बताए हैं।निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा ने कहा कि आगे आने वाले दिनों में भी मेरे खिलाफ साजिशें रची जाएंगी। आनंद मिश्रा ने कहा कि एक दिन पहले हमे एक सिंबल अलर्ट होता क्रमांक संख्या-7 मिलता है। पहला हमारा नाम होता है, मेरे नीचे दूसरे भाई का नाम था। पहला फ्रॉम भी हमने ही भरा था। इससे क्रमांक संख्या हमें पहला मिला था। लेकिन एक दिन बाद मेरा क्रमांक संख्या बदल के कहा जाता है की अब आपको नीचे कर दिया गया। अब 7 से हटा के आपको क्रमांक संख्या 8 पर कर दिया गया। यह कहीं न कहीं एक बड़ा षड्यंत्र रचा



जा रहा है। लेकिन ऐसे जगह पर प्रशासन को अपना होमवर्क बढ़िया से कराना चाहिए था। इसलिए कहना पड़ रहा है की जो षड्यंत्र कर रहा है, उसके पीछे कोई जरूर ठग है। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के आलोक में 17 मई को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस ब्रीफिंग की गई। ये जानकारी दी गई कि आनंद मिश्रा जिनका सेब चुनाव चिन्ह है, उनका क्रम संख्या-7 है। इसके बाद आनंद मिश्रा अपने चुनाव चिन्ह का जोर-शोर से प्रचार करना शुरू कर दिए थे। लोगों के बीच पहुंच कर उसके बाद सोशल डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से समर्थक भी इसकी तेजी से फैला रहे थे।

# दूसरे सेमीफाइनल में अवेंजर क्रिकेट क्लब ग्रीन की जीत

## रोमांचक मुकाबले में तीन रनों से जूनियर बॉयज क्रिकेट क्लब को हराया, परमजीत ने चार विकेट झटके

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के अंतर्गत खेली जाने वाली जिला क्रिकेट लीग के सीनियर डिवीजन के दूसरे सेमीफाइनल में आज जूनियर बॉयज क्रिकेट क्लब बनाम अवेंजर क्रिकेट क्लब ग्रीन के बीच मैच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अवेंजर क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने 32.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए । अवेंजर की तरफ से अंकित सिंह ने सर्वाधिक 52 रन, अभिनीत ने 31रन , चंदन ने 30 रन ,निहाल ने 21 रन, कुणाल ने 19 रन और शोभित में 15 रनों का योगदान किया । जूनियर बॉयज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए परमजीत ने सर्वाधिक चार विकेट ,अभिजीत ने तीन विकेट, विवेक ,ऋषभ और रोहित को एक-एक विकेट मिला । 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जूनियर बॉयज क्रिकेट क्लब की शुरुआत काफी खराब रही उसके तीन बल्लेबाज बहुत जल्दी आउट हो गये लेकिन उसके बाद कुणाल और शुभम के बीच शानदार साझेदारी हुई और टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया लेकिन 100 के निजी स्कोर पर यह दोनों बल्लेबाज भी आउट हो गये।उसके बाद नीचले क्रम के बल्लेबाज विवेक यथार्थ ने शानदार 48 रन बनाया और जीत के करीब पहुंचा दिया । जीत के लिए 24 बॉल में 17 रन की आवश्यकता थी और जूनियर ब्वॉयज के पास तीन बल्लेबाज बचे हुए थे लेकिन अंकित और मनीष चौबे की शानदार गेंदबाजी के आगे जूनियर ब्वॉयज के बल्लेबाजों ने धैर्य खो दिया और यह मैच तीन रनों से गवा दिया। जूनियर बॉयज की तरफ से विवेक यथार्थ



में सर्वाधिक 48 रन, कुणाल ने 44 रन ,शुभम ने 28 रन, अभिषेक ने 18 रन, विवेक ने 12 रन तथा ऋषभ ने 11 रनों का योगदान किया ।

**अंकित कुमार ने तीन विकेट झटकेः** अवेंजर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अंकित कुमार ने सर्वाधिक तीन विकेट लेकर अपनी टीम को जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।मनीष चौबे को दो विकेट ,अंकित सिंह को एक विकेट ,चंदन को दो विकेट और शिवम को एक विकेट प्राप्त हुआ ।इस प्रकार जूनियर बॉयज क्रिकेट क्लब ने यह मैच तीन रनों से गवा दिया ।।आज के मैच के निर्णायक गुलशन एवं शशांक थे ,स्कोरिंग विकी ने की । पूरे मैच के दौरान जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी, विभिन्न क्लबो के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे और इस रोमांचक मैच का भरपूर आनंद उठाया । इस साल(2023-24) के सीनियर डिवीजन का फाइनल मैच बिहिया क्रिकेट अकादमी ब्लू बनाम एवेंजर क्रिकेट क्लब ग्रीन के बीच 23 मई को खेला जाएगा । इसकी जानकारी जिला क्रिकेट लीग के संयोजक आकाश कुमार ने दी ।

# कांग्रेस ने नीतीश को दी चोट, 8 सहयोगियों के साथ जदयू के कद्दावर नेता ने मारी पलटी

निज संवाददाता

**पटना।** इस बार चुनाव में कांग्रेस को दूसरे दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं से लगातार आमद है। हालांकि, उनकी उपयोगिता-उपादेयता को लेकर पार्टी के अंदरखाने प्रश्न भी है। कोई मुखर नहीं होना चाहता, लेकिन कचोट कई को है। बहरहाल रविवार को अपने आठ सहयोगियों के साथ जदयू के पटना जिला उपाध्यक्ष निशांत पटेल ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस में उन सबका स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि इन नए सहयोगियों के साथ पटना में कांग्रेस अपने लक्ष्य की ओर सहजता से बढ़ पाएगी। पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी उन सभी को कांग्रेस से जोड़ने के हेतु रहे। मिलन समारोह में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. मदन मोहन झा, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्रा व लालबाबू लाल, मीडिया विभाग के प्रभारी राजेश राठौड़ व प्रदेश प्रवक्ता ज्ञान रंजन आदि उपस्थित रहे। पाला बदलने वालों में निशांत के अलावा जितेंद्र यादव, चंदन कुमार सिंह, सूर्यकांत सिंह पटेल, प्रकाश कुमार, निखिल रंजन, अभिनव पटेल, अभय प्रताप यादव व सूरज कुमार यादव शामिल हैं। अरवल के कुर्था स्थित एक उत्सव हॉल में रविवार को जदयू का चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन पार्टी के बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश व राज्य के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशी को जीताएं। नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राज्य के हर तबके के लोगों को मान सम्मान मिला है और सूबे में न्याय के साथ विकास हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए पूरी तन्मयता के साथ काम करने की अपील की। मौके पर मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार मनीष वर्मा, संतोष कुशवाहा, प्रभारी अरुण कुमार, पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा आदि मौजूद थे।



# ट्रक चालक एवं उपचालक गिरफ्तार, ट्रक जब्त

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने धान के बीज लदे ट्रक के केबिन में रहे 24 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। साथ ही ट्रक को जब्त करते हुए चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार किया। शराब धंधेबाज आये दिन शराब की खेंप को बिहार में लाने को लेकर तरह-तरह के उपाय करते रहते हैं। लेकिन जांच चौकी पर हो रही सघन जांच से बच नहीं पाते हैं। बीते रविवार की देर शाम धान के बीज लेद ट्रक संख्या जेएच10बीएच8936 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में ट्रक के केबिन में रहे धान के बीज के कम्पनी में रहे बोरे के बारे में चालक से पूछा गया, तो चालक एवं उपचालक द्वारा इसमें धान के बीज का सैम्पल है। किन्तु जांच अधिकारी को बन्द बोरे का चौकोर आकार देखकर संदेह गहरा गया। जिसके बाद सघनता से जांच किये जाने पर दोनों बोरों में बन्द कार्टून से 750 एमएल के ब्लेंडर्स प्राइड के कुल 24 बोतल शराब बरामद किया गया।जिसके बाद शराब एवं ट्रक को जब्त किया गया। साथ ही ट्रक चालक झारखण्ड के हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कोनहारा गांव निवासी सिकेन्द्र कुमार यादव एवं उपचालक की पहचान डाकडीह गांव निवासी चुरामण यादव के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद एसआई ने कहा कि जब्त शराब व ट्रक एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# दुकानदार के सूझबूझ एवं पुलिस की सक्रियता से ठग गिरोह का हुआ भंडाफोड़

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के अकबरपुर बाजार दुकानदार के सूझबूझ एवं पुलिस की सक्रियता ने ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामला अकबरपुर बाजार का है। रविवार को अकबरपुर बाजार में संचालित मिस्का ज्वेलर्स दुकान में ठग गिरोह के दो सदस्य सोना बेचने पहुंचे। दुकानदार को सोना के दो बुरादा देकर उसे सोने की शुद्धता जांचने को कहा। इसके बाद दुकानदार का मोबाइल नंबर लेकर उसे पांती स्थित टेम्पो स्टैंण्ड में आने को कहा। उसके बाद और सोना का बुरादा देने की बातें कहीं। दुकानदार को दोनों के हरकत पर शक हुआ और उसने इसकी तत्काल सूचना थाने को दिया। सूचना के बाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी सक्रियता दिखाते हुए दुकानदार के बताये स्थल पर पुलिस को भेजकर सभी लोगों को थाने लाया। थाने में जब तलाशी ली गई तो गिरफ्तार पांचों लोगों के पैकेट से 909 ग्राम नकली सोने का बुरादा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने अपना जुर्म कुबूल किया एवं दूसरे जगहों पर कई दुकानदारों से ठगी किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजकुमार पोदान, तिरलोकी जना, चंद्रो मुंडा, टिंकुं पोदान, सुमैन मुंडा सभी साकिन दशमनिया थाना कोलिंगानगर, जिला जाजपुर बताया। गिरफ्तार लोगों को कोरोना जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि एक माह पूर्व इसी गिरोह के द्वारा नारदीगंज के कन्हैया कुमार से लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गया था। जबकि छः माह पूर्व वारसलीगंज के दिलीप प्रसाद से लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गया था।



# थाने में प्रेमी ने लगाई फांसी हालत नाजूक

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के उग्रवाद प्रभावित परनाडाबर थाना सिरीस्ता में गिरफ्तार प्रेमी जोड़े ने गले में गमछा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। प्रेमी जोड़े को पकड़कर 112 की पुलिस ने थाना के हवाले किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को फांसी के फंदे से निकाला और आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पावापुरी बीम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है की डायल 112 की पुलिस ने मंझौलीया गांव से प्रेमी जोड़े को पकड़ कर थाना लाया था वहां युवक ने खिड़की से गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। युवक की करतूत पर पुलिस की नजर पड़ गई। उसे फंदे से उतारकर पुलिस वालों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया फिर वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल से पावापुरी वीम्स रेफर कर दिया गया।

# स्मार्ट मीटर में आई नई समस्या, माइनस बैलेंस पर भी नहीं हो रहा रिचार्ज

निज संवाददाता

**पटना।** भीषण गर्मी के बीच राज्यभर के एनर्जी एफिशिएंसी सर्विस लिमिटेड (ईईएसएल) कंपनी के स्मार्ट प्री-पेड मीटर वाले उपभोक्ता तनाव में आ गए हैं। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का बैलेंस माइनस हो गया है, वे रिचार्ज करने का बार-बार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नहीं हो पा रहा है। हालांकि, बिजली कंपनी ने आश्वस्त किया है कि जबतक तकनीकी खराबी दूर नहीं होगी, माइनस बैलेंस पर भी बिजली कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे। दो मई को तकनीकी खराबी आई थी। 13 दिनों तक ऊर्जा खपत के आधार पर राशि नहीं कटी। अब यह समस्या दूर हो गई तो नई समस्या रिचार्ज करने में तकनीकी खराबी की आ गई है। इससे मुख्य रूप से पटना शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। राज्य में 16 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ता हैं। इनमें अधिकांश माइनस बैलेंस का मैसेज मिलने से सशंकित हैं। उपभोक्ताओं को डर है कि कहीं बिजली कनेक्शन काट नहीं दिया जाए। बिजली कंपनी के महाप्रबंधक राजस्व कहना है कि स्थिति सामान्य होने के बाद 48 घंटे का समय दिया जाएगा। रिचार्ज करने की प्रक्रिया में तकनीकी खराबी आ गई है। आईटी विभाग तकनीकी खराबी दूर करने में लगा हुआ है। मंगलवार तक सफलता मिलने की संभावना है। इसके बाद ही क्रमवार ढंग से कनेक्शन काटे जाएंगे। अभी स्मार्ट प्री-पेड मीटर के उपभोक्ता बिहार बिजली स्मार्ट मीटर ऐप के माध्यम से मीटर रिचार्ज करा सकते हैं। अब इसमें कोई तकनीकी खराबी नहीं है। बिजली बिल जमा काउंटरों पर भी स्मार्ट प्री-पेड मीटर रिचार्ज कराने की व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक ने कहा कि उपभोक्ता परेशान न हों। गर्मी का मौसम है, सभी प्रकार की तकनीकी खराबियां दूर होने के बाद रिचार्ज के लिए समय दिया जाएगा। इसके बाद ही कनेक्शन काटे जाएंगे।




# प्रसिद्ध मूर्तिकार के निधन पर वार्ड पार्षद ने शोक सभा का किया आयोजन

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** नगर पंचायत क्षेत्र के जगजीवन नगर के प्रसिद्ध मूर्तिकार बिनेश्वर दास की आकस्मिक मृत्यु हो जाने से समाज को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। मूर्तिकार विगत कई महीनों से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज नवादा के निजी क्लिनिक में चल रहा था। वार्ड संख्या पांच के पार्षद विजय रविदास ने कहा कि मृतक बिनेश्वर दास के हाथों में मां सरस्वती विराजमान थी। उनके हाथों द्वारा देवी मंडप में भगवान शंकर, माता पार्वती एवं गणेश जी, बाजार में बजरंगबली की मूर्ति, पुरानी बस स्टैंड में विश्वकर्मा जी की मूर्ति एवं राज शिवालय के समीप पंचमुखी मूर्ति समेत फोरलेन के किनारे दर्जनों मूर्ति का निर्माण किया गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी अमली देवी, दो पुत्र अजीत रविदास व छोटू रविदास के अलावे तीन पुत्रियों को छोड़ गए हैं। जिसमें एक बेटा एवं दो बेटियों की शादी अपने हाथों से किये हैं।

# सोखोदेवरा आश्रम में 455 क्विंटल धान के बीज का हुआ वितरण

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर सोखोदेवरा परिसर अवस्थित धान बीज विक्रय केंद्र में सोमवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के सौजन्य से राजेन्द्र श्वेता प्रजाति के धान के बीज का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. धनन्जय कुमार ने बताया कि प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह एवं ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की देखरेख तथा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी,नवादा सदर कुन्दन कुमार की मौजूदगी में नवादा, जमुई, शेखपुरा, नालंदा एवं लक्खीसराय जिला के लगभग एक हजार किसानों ने धान के बीज का क्रय किया। सोमवार को 455 क्विंटल धान बीज का क्रय किसानों द्वारा किया गया। वैज्ञानिक डॉ. धनन्जय कुमार ने बताया कि इस प्रजाति के बीज से प्रति हेक्टेयर 145 से 150 क्विंटल धान के उपज की क्षमता है। जिसके पैदावार होने में 140-145 दिन लगता है। मौके पर रवि कांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक सुमिताप रंजन, सहायक सुमित कुमार रंजन, अनिल कुमार, तकनीकी सहायक,रोहित कुमार, विकास कुमार, पिंटू पासवान, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।



# पत्रकारों को लगातार गिरफ्तार कर पुलिस दिला रही आपातकाल की याद

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में अपराध व अपराधियों पर कार्रवाई के बजाय पुलिस पत्रकारों को गिरफ्तार कर आपातकाल की याद ताजा कर रही है। अखबारों में छपी खबर की जांच व कार्रवाई के बगैर ही उल्टे आरोपी को मोहरा बना चंद समय में गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने से प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में आ गया है। ताजा मामला जिले के पकरीवरावां का है जहां के थानेदार ने प्राथमिकी के चंद घंटो के अंदर पत्रकार को गिरफ्तार कर हाथ में हथकड़ी डाल न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार कृष्ण कुमार चंचल एक दैनिक अख़बार के साथ हमारा जनमंथन नामक यू ट्युव चैनल के संचालक हैं। पकरीवरावां प्रखंड अंतर्गत छतरवार गावं के डीलर संगीता कुमारी के द्वारा लाभुकों को कम मात्रा में अनाज बांटने से सबंधित खबर अपने यू ट्युव पर चलाया था। डीलर ने पहले खबर नहीं चलाने के लिए प्रलोभन देकर अपनी नाकामी को छुपाने का प्रयास किया, ज़ब उसमे सफल नहीं हुआ तो साजिश के तहत पकरीवरावां थाने में पति उदय कुमार के द्वारा आवेदन दिलाकर थाना कांड संख्या 232/24 के तहत कई संगीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी। हालांकि पत्रकार ने अपनी पत्रकारिता धर्म का पालन करते हुए डीलर से कोई समझौता नहीं कर लाभुकों के हित की लड़ाई में उसके हक के लिये अड़ा रहा। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने पत्रकार को वादी से समझौता करने एवं पैर पकडकर माफ़ी मांगने तक की सलाह दी, परन्तु पत्रकार चंचल ने अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना जमीर को जिन्दा रखा। नतीजा थानेदार ने भी पहले से ख़ार खाये पत्रकार को हवालात की हवा खिलाने में तनिक भी बिलम्ब नहीं किया। अगर हम मामले की तह तक जाते हैं तो जो बात सामने आ रही है उसके अनुसार पत्रकार चंचल ने डीलर की मनमानी एवं उसके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ लाभुकों की शिकायत पर मधुरा पर गावं पहुंच दर्जनों लाभुकों से वाइट लेकर खबर को चलवाइ। लाभुकों ने डीलर के द्वारा कम अनाज देने एवं नजदीक के डीलर से अनाज की आपूर्ति कराने की मांग की थी। डीलर एवं उसके रिश्तेदारों ने पहले तो उसे प्रलोभन देकर खबर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पत्रकार ने प्रलोभन या लालच में नहीं आकर खबर को प्रमुखता से चलाया। हालांकि इस बीच डीलर के द्वारा धमकी भी दी गयी की अगर खबर को चलाया तो तुम्हारे विरूद्ध एस सी एस टी का मुकदमा कर देंगे। पत्रकार ने अपनी सुरक्षा को लेकर मुख्य न्यायिक दंदाधिकारी के समक्ष इनफार्मेटरी पिटीशन देकर अपने विरूद्ध साजिश के तहत फ़साने की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस महा निदेशक, पुलिस महा निरीक्षक मगध प्रक्षेत्र गया, जिलाधिकारी नवादा, आरक्षी अधीक्षक नवादा सहित अनुसूचित जाति /जन जाति थाने में आवेदन देकर सूचित किया था। पकरीवरावां थानाध्यक्ष ने मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित कारवाई के तहत पत्रकार को उसके आवास के पास से गिरफ्तार कर एक घंटे के अंदर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानेदार अजय कुमार का पत्रकारों से हमेशा छतीस का आंकड़ा रहा है। कुछ पत्रकारों को अपना चापलूस बनाकर अन्य पत्रकारों के साथ सौतेला व्यवहार करना उनके फ़ितरत में शामिल है। पत्रकार के विरूद्ध लगातार हो रहे पुलीसिया जुर्म के विरूद्ध पत्रकार संग़ठनों ने कड़ा एतराज जताते हुए वरीय अधिकारीयों से हस्तक्षेप कर पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग की है। इंडियन जर्नालिस्ट एसोसिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, प्रमण्डलीय अध्यक्ष राकेश रौशन सहित दर्जनों पत्रकारों ने कहा की लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चौथे स्तम्भ पर खतरे के बादल मड़रा रहे हैं। बिहार के विभिन्न जिलों समेत नवादा जिले के दर्जनों पत्रकारों पर अब तक खबर चलाने या लिखने के विरूद्ध साजिश के तहत फंसाया जा रहा हैं। जिले के नरहट प्रखंड के पत्रकार विजय कुमार, सिरदला के पत्रकार नरेश भारती, अकबरपुर के पत्रकार अनिल कुमार, भैया जी, मनोज कुमार,नवादा के पत्रकार सन्नी भगत, संदीप कुमार सहित कई पत्रकारों पर किसी न किसी मामले में फंसाने की साजिश रची गयी है। अब पकरीवरावां के पत्रकार कृष्ण कुमार चंचल के विरूद्ध डीलर के द्वारा झूठे मामले में फंसाया गया है, जिसमें साफ जाहिर है की थानेदार अजय कुमार की मिली भगत से पत्रकार के विरूद्ध आवेदन दिया गया है साथ ही साथ अपराधी जैसा व्यवहार करते हुए पत्रकार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा की मामले की जाँच कर पत्रकार को उचित न्याय नहीं मिला तो संगठन पुलिस महा निदेशक सहित आला अधिकारीयों से न्याय की गुहार लगाएगा तथा थानेदार के द्वारा दुर्भावना से ग्रसित होकर पत्रकार के साथ साजिशन व्यवहार के लिये कार्रवाई करने की मांग करेगा।



# चहक कार्यक्रम के तहत नामांकित बच्चों का किया गया भव्य स्वागत

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नीमाटांड़ के रामपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को सत्र 2024-25 के लिए नामांकित बच्चों का स्वागत धूमधाम से किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं को चहक कार्यक्रम के तहत प्रथम एवं द्वितीय कक्षा में प्रवेश लेने वाले को पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुसार अक्षत एवं रोड़ी का टीका लगाया गया। साथ ही हाथों में फूल व चॉकलेट देकर शंख ध्वनि एवं हर्ष ध्वनि से स्वागत किया गया।इस दौरान सभी बच्चों के बीच पेंसिल एवं कॉपी का भी वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। चहक कार्यक्रम के प्रशिक्षित शिक्षक अनुज दास ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए भयमुक्त, उन्नत शिक्षण व संस्कार के वातावरण बनाने के लिए संकल्प करवाया गया।साथ ही कहा कि चहक कार्यक्रम का मुख्य मकसद बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है। इसके लिए बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने के साथ-साथ शिक्षकों को खेल खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना है। इस मॉड्यूल के तहत बच्चों को सीखने सिखाने की प्रक्रिया को सरल सहज एवं मनोरंजक बनाना है। इस दौरान शिक्षक सुरेश चौधरी, सच्चिदानंद, शिक्षिका बबिता कुमारी, अंजू कुमारी, मंजू कुमारी, नीतू कुमारी के अलावे दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने पर दो से स्पष्टीकरण

**नवादा (नि.सं.)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. के आदेश के आलोक में डीआरडीए सभागार में ईटीपीबीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में पाया गया कि राजदर्शी पंचायत तकनीकी सहायक, प्रखंड-रजौली द्वारा ईटीपीबीएस प्रशिक्षण में अभिरूची नहीं ली जा रही है साथ ही जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा ईटीपीबीएस के संदर्भ में उनसे जानकारी प्राप्त की गयी। पृच्छा के क्रम में तकनीकी सहायक द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि राजदर्शी पंचायत तकनीकी सहायक द्वारा मतगणना एवं निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के संदर्भ में आयोजित प्रशिक्षण में अभिरूची नहीं ली जा रही है।

# तेजस्वी यादव का मोदी को चैलेंज- पीएम ने मुझसे ज्यादा नौकरी दी है तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी ने 10 साल में उनसे ज्यादा नौकरियां दी हैं, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी ने कहा कि मोदी 10 साल से सत्ता में हैं, जनता उन्हें लगातार मौका दे रही है। फिर भी उन्होंने लोगों से वादा पूरा नहीं किया। इससे जनता की उम्मीदें कम होती हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को पटना में मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि उन्हें 17 महीने सत्ता में रहने का मौका मिला, तो 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। इसके अलावा तीन लाख नौकरियां प्रक्रियाधीन कराकर आए। तेजस्वी ने आगे कहा कि उन्होंने बिहार के साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया। मानदेय दोगुना किया, आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी कर दिया गया। जाति आधारित गणना कराई, आईटी, स्पोर्ट्स एवं टूरिज्म पॉलिसी बनाई, 50 करोड़ का निवेश लाने के लिए एग्रीमेंट कराए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का इस पर मुंह नहीं खुलता कि तेजस्वी यादव ने इतना काम किया। 10 साल में अगर पीएम मोदी ने तेजस्वी से ज्यादा नौकरी दी होगी तो, वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार सिर्फ अपने लिए आते हैं, जनता के लिए नहीं आते हैं। बिहार ने तो उन्हें सबकुछ दे दिया था। 2014 में 31 सांसद दिए, 2019 में 39 एमपी सांसद दिए। यहां (बिहार में) 17 साल से उनकी सरकार, वहां (केंद्र में) 10 साल से उनकी सरकार है। बिहार के लोगों ने वोट दिया लेकिन उन्हें सम्मान और अधिकार नहीं मिला। पीएम मोदी सिर्फ चुनाव में बिहार आते हैं और फिर भूल जाते हैं।

# शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान

**नवादा (नि.सं.)।** ब्लड की कमी को देखते हुए छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान ने रविवार को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्था के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू नेतृत्व में कुल छह रक्त वीरों ने रक्तदान किया। सत्यम भारती, विनोद कुमार, आदित्य कुमार, चंदन कुमार, कविंद्र कुमार, अंकित कुमार,आदि ने रक्त की कमी देखते हुए रक्तदान किया। संस्था के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि ब्लड बैंक में ब्लड की बहुत कमी है। गर्मी के कारण चिलचिलाती धूप में युवा रक्तदान नहीं करना चाहते हैं फिर भी इस भीषण गर्मी में भी इन रक्त वीरों ने अपना रक्तदान किया।

# 15 हजार से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

निज संवाददाता

**नवादा।** 21वीं सदी, आधुनिकता और विकास के दावों के बीच जिले के दर्जनों गांवों में बीते कई वर्षो से बिजली आपूर्ति बाधित है। हालात यह है कि दर्जनों गांव के लोग जंगली जीवन जीने को मजबूर हैं। 15 हज़ार लोग आधुनिकता के दौर में अंधेरे में जीवनयापन कर रहे हैं। मामला जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत की फुलवरिया डैम के आसपास जमुनदाहा, नावाडीह, झराही, डेलवा, पिपरा, परनौतिया और चोराडीह समेत दर्जनों गांवों का है, जहां बीते कई वर्षो से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिसके कारण लगभग हजारों घरों में 15000 लोग टेक्नोलॉजी के इस युग में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में इन गांवों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के कारण बच्चों की पढ़ाई और मोबाइल चार्ज करने में काफी परेशानियां हो रही हैं। हरदिया पंचायत की मुखिया पिंटू साव ने बताया कि डैम के उस पार के लगभग 10 गांव में विगत कई वर्षों से बिजली नहीं है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर बिजली होती तो वहां के लोगों को भीषण गर्मी और अंधेरे से राहत तो मिलती ही, साथ ही पेयजल की समस्या का निवारण सुलभ तरीके से संभव हो पाता। नावाडीह गांव के सत्येन्द्र राम कहते हैं कि 10 साल पहले गांव में सोलर प्लेट लगाया गया था, जो मात्र एक वर्ष ही सही रूप से कार्य किया। उसके बाद सोलर लाइट खराब हुआ है, जो अब तक खराब पड़ा है। वहीं, गांव के लोग लाइटों के लिए छोटे-छोटे चाइना सोलर लैंप का उपयोग करते हैं, जो दो-तीन माह बाद खराब पड़ जाता है, जिसके कारण उन्हें पुनः नया चाइना लैंप खरीदना पड़ता है इसलिए लोग रात्रि का खाना दिन में ही बना लेते हैं ताकि चाइना लाइट का कम से कम उपयोग हो और चाइना लाइट ज्यादा दिन तक चले। ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने के लिए बैटरी पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी समेत जिला पदाधिकारी से बिजली मुहैया कराने की गुहार लगाई है। ग्रामीण कह रहे हैं कि फुलवरिया डैम के इस पार के लोगों के पास जीवन जीने के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं है इसलिए अधिकांश लोग जंगली जीवन जीने को मजबूर हैं। इस बावत विद्युत कार्यपालक अभियंता आसिफ हयात ने कहा कि बिहार सरकार के निर्णयानुसार हरेक गांव एवं घरों का विद्युतीकृत करना है। हरदिया पंचायत के डैम पार के दर्जनों गांवों में बिजली बहाल करने के लिए बिजली के खंभों को गाड़ने एवं तारों का जाल बिछाने के लिए वन भूमि से होकर गुजरना पड़ेगा। इसके लिए वर्ष 2022 के 25 अप्रैल को पत्रांक 345 के द्वारा डीएफओ को पत्राचार कर एनओसी की मांग की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नारायणपुर**। भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगरपारा गांव में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामले को लेकर नगरपारा निवासी सुभाष ठाकुर ने गांव के ही सुनील ठाकुर, विश्वजीत कुमार, प्रीतम कुमार के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 12.34 लाख रुपए लोन का कराया गया री पेमेंट

**संग्रामपुर**। संग्रामपुर में गरीब तबके की महिलाओं को कम ब्याज पर लोन देकर आत्म निर्भर बनाने की दिशा में जीविका के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके तहत महिलाएं एक प्रतिशत महीना की दर पर लोन लेती हैं और उससे अपना बकरी पालन,मुर्गी पालन,खेती या दुकान करके उसे फिर से वापस भी कर देती हैं। इससे पैसे के लेन देन का एक चेन बना हुआ है और बैंक भी लगातार लोन देने में सहयोग कर रहा है। इसके तहत पूरे प्रखंड से एक वित्तीय वर्ष में जीविका के द्वारा सभी प्रकार के लोन का लगभग 12 करोड़ 34 लाख रूपया री पेमेंट कराया गया है। जानकारी देते हुए जीविका के बीपीएम मनोज कुमार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में प्रखंड भर की सभी प्रकार के जीविका द्वारा संचालित 1136 समूहों और 117 ग्राम संगठनों के द्वारा दीदियों को जो भी लोन बैंक से दिया गया था उसमे उक्त वापसी कराई गई है जो पूरे बिहार में इस प्रखंड का लोन री पेमेंट करने में एक से दस के बीच में रैंकिंग है। सबसे खास बात यह है कि कोई भी संगठन का खाता एन पी ए नहीं होने के कारण बैंक भी बढ़चढकर लोन दे रहे हैं। एक एक जीविका दीदी को एक लाख से दो लाख तक ऋण देने का विकल्प हो चुका है। इससे जीविका दीदियां काफी कम ब्याज पर लोन ले रहीं है। प्रखंड 15664 दीदियां इसका लाभ ले रही हैं।

### कार्रवाई में विलंब से पीड़ित परेशान

**हेमजापुर**। थाना अंतर्गत शिवकुंड निवासी स्वर्गीय राम रक्षा सिंह के पुत्र शिव कुमार सिंह ने खेत में बने झोपड़ी में अगलगी तथा बलपूर्वक आम तोड़ने की शिकायत संबंधी आवेदन पत्र लगभग एक सप्ताह पूर्व हेमजापुर थाना में समर्पित किया है। दिए गए आवेदन पत्र में गांव के ही हृदय नारायण सिंह के पुत्र उदय सिंह एवं अन्य दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। आवेदक शिव कुमार सिंह ने बताया कि थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से अभियुक्त खुले आम सड़क पर घूम कर जमीन संबंधी टाइटल केस उठाने की धमकी देता है। साथ ही साथ जान से मारने की धमकी भी देता है। एसएचओ नीरज कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### सन्यास की घोषणा से फुटबॉल प्रेमियों में निराशा

**मुंगेर**। भारत के सबसे सफल फुटबॉलर और राष्ट्रीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि छह जून को कुवैत के विरुद्ध विश्व कप क्वालीफायर मैच में वह अंतिम हो सकती। बार नीले रंग की जर्सी पहनकर उतरेंगे और यह मैच समाप्त होने के साथ ही फुटबॉल के एक युग का भी अंत हो जाएगा। अंतिम मैच कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला वहीं से विदा लेने से स्वर्णिम यात्रा की परिणति नहीं।

### नामांकन के लिए अब तक 39475 ने किया आवेदन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 31 मई तक विस्तारित की गई है। जिसके लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर रहे हैं। शनिवार तक करीब 39475 छात्र-छात्राओं ने यूजी के तीनों संकाय में नामांकन के लिए आवेदन किया। जिसमें कला संकाय में 34392, विज्ञान संकाय में 4774 तथा वाणिज्य संकाय में 309 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। आवेदन के लिए अब गिनती के 12 दिन शेष रह गए हैं। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं मुंगेर विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल www.mungeruniversity .ac.in पर ऑनलाइन 1000 रुपए भुगतान के पश्चात कर सकते हैं। इसके अलावा नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में मैट्रिक का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र का वेब कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### 29 मई तक आयोजित होगी बीएड की परीक्षा

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 तथा द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-24, परीक्षा- 2024 15 मई से चल रही है। जो 29 मई तक चलेगी। दोनों वर्ष की परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें बीआरएम कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर रहमानी बीएड कॉलेज मुंगेर और बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज खगड़िया, एसएई कॉलेज जमुई परीक्षा केन्द्र पर जमुई कॉलेज जमुई, एसएस कॉलेज मेहूस परीक्षा केन्द्र पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनम बरबीघा तथा केएसएस कॉलेज लखीसराय परीक्षा केन्द्र पर महात्मा गांधी बीएड कॉलेज लखीसराय के परीक्षार्थियों की परीक्षा चल रही है। अब अगली परीक्षा 21 मई को होगी। जिसमें पहली पाली में द्वितीय वर्ष के पेपर-10 एवं दूसरी पाली में प्रथम वर्ष के पेपर-3 की परीक्षा होगी।

### वाहन की टक्कर से एक घायल, चल रहा इलाज

**मुंगेर**। पूरबसराय थाना क्षेत्र के पूरबसराय दुर्गा स्थान समीप मालवाहक वाहन ने 47 वर्षीय शंकर कुमार शर्मा को टक्कर मार दी। जिससे शंकर कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि वह दोपहर घर से दुकान जा रहा था। इसी दौरान पूरबसराय की ओर से आ रही एक मालवाहक वाहन ने उसे किनारे से टक्कर मार दी।

### शहर की दिव्यांग महिला, विधवा व अनाथ बेटियों को गोद लेगी ऑवर हुनर सोसायटी

**मुंगेर**। नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाली गरीब असहाय महिला और युवतियों को अब आवर हुनर सोसायटी संस्था गोद लेगी और प्रत्येक वार्ड से एक महिला और एक युवती को आत्म निर्भर बनाने के लिए इन्हें सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मिथिला पेंटिंग, रंगोली का प्रशिक्षण सहित अन्य तरह का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उसे आत्म निर्भर बनाने का काम करेगी। यह जानकारी आवर हुनर सोसायटी के सचिन प्रीती कुमारी वैश्य ने दी। उन्होंने बताया कि यह 90 दिन का प्रशिक्षण होगा और निगम क्षेत्र के 45 वार्ड में जो गरीब असहाय महिला व युवती है, उसे जनसंपर्क कर खोजा जाएगा। प्रत्येक वार्ड से दो महिला का चयन किया जाएगा। जिसमें एक विधवा महिला और एक युवती रहेगी। उसमें भी जिसके पिता का देहांत हो गया है या जिनके पती मर गए हैं। उन्हें बच्चे का परवरिश करने के लिए सोचना पड़ रहा है, वैसे युवती और महिलाओं के लिए संस्था ने यह बीड़ा उठाया है कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में इसके लिए संस्था के सचिव प्रीती कुमारी और उसके पती अजय कुमार स्वर्णकार जनसंपर्क कर रहे हैं। सचिव ने बताया कि निगम क्षेत्र के कुल 90 महिला और युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने एक हेल्प लाईन नंबर 9504968405 जारी किया है।

**उद्योग विभाग देगी रोजगारः** सचिव ने बताया कि जिन महिला और बेटियों को गोद लेकर उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जिसके बाद उन सभी विधवा महिला और अनाथ बच्चों को उद्योग विभाग से जोड़कर उन्हें व्यवसाय के साथ रोजगार करने के लिए सरकार के द्वारा दी जा रही योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जिससे कि वो आत्म निर्भर होकर रोजगार कर सके और अपने परिवार का परवरिस भी आराम से कर सके। जबकि वैसी बेटियां जिनका पिता अब इस दुनियां में नहीं है, वह भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मिथिला पेंटिंग, रंगोली बनाकर रोजगार कर सकती है और दूसरों को भी प्रशिक्षण दे सकेगी।

# विश्वविद्यालय जमीन पर कब्जा करने वालों पर होगी FIR

निज संवाददाता। भागलपुर

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की जमीन भू माफियाओं की नजर में है। टीएनबी कॉलेज की बाउंड्री वॉल के सामने से गुजरने वाली सड़क के सामने खाली पड़ी विश्वविद्यालय की जमीन पर अनाधिकृत रूप से आसपास के लोग और कई संस्थानों ने बांस-बल्ला और बोर्ड लगा दिया है। प्रवेश करने के लिए अस्थाई रास्ता भी जुगाड़ के सहारे बनाया है। जिसको लेकर अब विश्वविद्यालय प्रशासन एक्शन में है। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने रजिस्ट्रार, सीसीडीसी, जनसंपर्क पदाधिकारी को मौके पर जांच का आदेश दिया। कुलपति के आदेश पर तीनों अधिकारी रविवार को विश्वविद्यालय की जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे। लेकिन स्थल पर जाने के बाद रजिस्ट्रार कार में ही बैठे रहे, उनसे कई बार अनुरोध करने पर भी वे स्थल पर नहीं गए। सीसीडीसी ने जब कुलसचिव से अनाधिकृत हॉर्स क्लब स्थल पर



जांच रिपोर्ट पर 48 घंटे में होगा मामला दर्ज, अधिकारियों ने जमीन का लिया जायजा

निरीक्षण के लिए अनुरोध किया तो उन्होंने कहा की ये सब छोटी-छोटी बातें हैं। वे कार में ही बैठे रहे। जिसके बाद सीसीडीसी और पीआरओ ने जायजा लिया और स्थल की वीडियोग्राफी कराई। स्थल जांच के बाद सीसीडीसी और पीआरओ ने कुलपति को मामले से अवगत कराया। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाने के निर्देश दिए। जांच कमेटी में कुलसचिव के अलावे प्रॉक्टर और यूनिवर्सिटी इंजीनियर को सदस्य बनाया गया है। कुलपति ने कमेटी के संयोजक और रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा को 48 घंटे में मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति और संस्थान का पता लगाकर उन पर विश्वविद्यालय थाना में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

**कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहींः** वीसी ने कहा की विश्वविद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण मामले में किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीएनबी कॉलेज के सामने टीएमबीयू की 22 बीघा जमीन पर भी भू-माफियाओं ने कब्जा जमाया था, लेकिन सीनेट सदस्य डॉ. मृत्यंजय सिंह गंगा की पहल से मामला प्रकाश में आया था। जमीन को भू-माफियाओं के कब्जे से निकालने के लिए मामला न्यायालय में चल रहा है।

**दो और कॉलेज की जमीन पर कब्जाः** कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के पीछे स्थित सिटी कॉलेज और पीएनए साइंस कॉलेज से लेकर टीएमबीयू के सीनेट हॉल तक स्थानीय लोगों ने अस्थाई कच्ची सड़क बनाने के साथ-साथ वहां बिजली के खंभे भी गाड़ दिए हैं। इसकी भी जांच करने के लिए और दोषियों पर अविलंब एफआईआर दर्ज करने के लिए कमेटी के संयोजक को जिम्मेदारी दी है। साथ ही कमेटी को 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया है।

# भागलपुर में छापेमारी के दौरान 8 बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंतराजीय चोर गिरोह का।पर्दाफाश किया है। दरअसल रविवार को बाईपास थाना क्षेत्र के एक ढाबा में सभी बदमाश अपराध के उद्देश्य से जमा हुए थे। इसके बाद पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना को सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए एसएसपी के निर्देश पर विधि व्यवस्था डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा छपामारी करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने तीन बाइक, एक लैपटॉप एक एलइडी टीवी, चांदी का आभूषण, पीतल की मूर्ति, 7 मोबाइल, स्क्रू ड्राइवर भारी मात्रा में कपड़े एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

**क्या बोले DSP:** मामले को लेकर विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि अपराध की उद्देश्य कुछ व्यक्ति बाईपास थाना क्षेत्र के एक ढाबा में जमा हुए थे। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने सूचना को सत्यापन



कर एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त डाबा पर छापामारी की गई। जहां से अंतर्जातीय चोर गिरोह के आठ सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बेजानी निवासी सत्यनारायण भगत के पुत्र बासुकी भगत। बड़ी नीमा निवासी सीताराम शाह के पुत्र मुन्ना शाह, मुस्तफापुर निवासी मोहम्मद निजाम के पुत्र मोहम्मद काले और मोहम्मद जालिम के पुत्र मोहम्मद शाहबाज उर्फ छोटू, तमौनी निवासी ब्रह्मदेव शाह के पुत्र रंजीत शाह, गौरीचक की निवासी विलास यादव के पुत्र अरविंद कुमार एवं मुंगेर निवासी चंदन चौधरी के पुत्र संजय चौधरी के रूप में की गई है। पुलिस ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पिछले साल की अपेक्षा केवल 30 से 40 फीसदी होगा उत्पादन, साइज भी छोटा

निज संवाददाता। भागलपुर

इस साल अप्रैल की भीषण गर्मी ने आम के स्वाद को महंगा कर दिया है। शुरू में मंजर झुलस गए फिर टिकोले छोटे रह गए। इससे आम का साइज छोटा रह गया है। इसका सीधा असर आम के उत्पादन पर पड़ा है। अनुमान है कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा 30 से 40 प्रतिशत ही उत्पादन होगा। पिछले साल अप्रैल में 34 से लेकर 37 डिग्री तक तापमान रहा था, लेकिन इस साल 36 से लेकर 41 डिग्री तक तापमान रहा। अभी बाजार में लोकल बंबई आम आया है, लेकिन उसमें मिठास कम है। यह 100 रुपए किलो है। अभी मद्रास का गुलाब खास और बंगाल के जर्दालू आम भी बाजार में बिक रहे हैं। इसकी कीमत 140 रुपए किलो है। जर्दालू संघ के अध्यक्ष सुल्तानगंज के अशौक चौधरी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आम का उत्पादन 40 प्रतिशत ही हुआ है। समय पर बारिश नहीं होने से आम का साइज भी छोटा



हो गया है। अगर अब भी समय पर बारिश होती है तो आम का साइज बड़ा होने का साथ-साथ उसमें स्वाद भी बढ़ेगा। इस बार जर्दालु आम की डिमांड काफी अधिक है। लेकिन उत्पादन कम होने से उसे पूरा नहीं कर पाएंगे। बेंगलुरू के लूलू मॉल, उपज गुरु, मदर डेयरी सहित कई अन्य कंपनी से जर्दालू की डिमांड आ चुकी है। लेकिन पूरा ऑर्डर नहीं ले पा रहे हैं। संघ से जुड़े किसानों से संपर्क कर रहे हैं। जर्दालु संघ के कोषाध्यक्ष कहलगांव के कृष्णानंद ने बताया कि इस बार इलाके के बगान में पिछले साल की अपेक्षा 30 प्रतिशत ही आम है। अधिक गर्मी की वजह से आम का साइज छोटा है। इस बार आम का दाम दोगुना हो जाएगा।

# गंगा दियारा से सफेद बालू का अवैध खनन, हर माह 60 लाख रु. से अधिक का काला कारोबार

निज संवाददाता। भागलपुर

नदियों से लाल बालू के बाद अब खनन माफियाओं की नजर गंगा दियारा के सफेद बालू पर है। गंगा दियारा के घोघा, कहलगांव के बटेश्वर स्थान, नवगछिया के तिनटंगा और जह्नावी चौक के पास के इलाकों से सफेद बालू का धड़ल्ले से खनन किया जा रहा है। करीब 30 किलोमीटर के दायरे में फैले गंगा दियारा के सफेद बालू का खनन कर उसका इस्तेमाल 50 से अधिक ईंट-भट्ठों में किया जा रहा है। भास्कर की टीम ने जब उन इलाकों में जाकर इसकी पड़ताल की, तो हकीकत सामने आई। हालत यह है कि रोज औसतन 300 ट्रैक्टर से सफेद बालू की ढुलाई की जा रही है। करीब 700 रुपए में एक ट्रैक्टर बालू ईंट-भट्ठा संचालक को बेचा जा रहा है। आकलन के मुताबिक रोज इससे बालू माफियाओं को 2.10



लाख रुपए की अवैध कमाई हो रही है। महीने में 60 लाख रुपए का काला कारोबार हो रहा है। थानों की पुलिस व खनन विभाग के कुछ अफसरों की मिलीभगत से यह कारोबार चल रहा है। जिला स्तर के पदाधिकारी कभी-कभार छापेमारी कर एक-दो ट्रैक्टर पकड़ कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहे हैं। घोघा में ट्रैक्टर से ढोया जा रहा सफेद बालू। सफेद बालू का अवैध खनन सबसे अधिक घोघा इलाके में हो रहा है। इस इलाके में ईंट-भट्ठों की संख्या सबसे अधिक है। वहां बालू आसानी से खप जाते हैं। जब भी थाने में कोई नए अफसर आते हैं तो दो-तीन बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ अपनी जिम्मेदारी पूरी करते हैं। फिर अवैध कारोबार चलता रहता है। अवैध खनन में इलाके के दबंग शामिल हैं। इस कारण लोग विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। खुले ट्रैक्टर पर बालू ढुलाई से वायु प्रदूषण हो रहा है। कहलगांव के बटेश्वर स्थान के गंगा दियारा में करीब आधा दर्जन ईंट-भट्ठे हैं। वहां नाव से दियारा के इलाके से बालू खनन कर गंगा के किनारे लाया जा रहा है। यह काम बरसात के पहले तक चलता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंगा दियारा से बालू का अवैध खनन करने के बाद उसे इस पार में लाकर जमा कर रखा जाता है और इसके बाद वहां से ट्रैक्टर से ढुलाई की जाती है। खनन और ढुलाई का खेल रोज चलता है। नवगछिया के तिनटंगा दियारा में जेसीबी से सफेद बालू का खनन किया जा रहा है। वहां तक जाने के लिए रास्ते बना हुआ है। दिन में पुलिस प्रशासन से बचने के लिए रात में यह काम ज्यादा होता है। बालू को 600-700 रुपए प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से मकान बनाने वालों को बेचा जा रहा है। जमीन भरने में इसका इस्तेमाल होता है। ईंट-भट्ठों में भी उसे खपाया जा रहा है।

# NH जाम कर प्रदर्शन करने वाले 12 गिरफ्तार, सड़क हादसे के बाद पुलिस पर किया था पथराव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर एनएच-80 पर शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। सरकारी काम में बाधा डाला था। पुलिस अन्य पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने, पुलिस पर ईंट-पत्थर चलाने, भारी वाहनों का शीशा फोड़कर क्षतिग्रस्त के मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ नामजद और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की थी।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही हैः** गिरफ्तार आरोपी सबौर थाना क्षेत्र के घोषपुर ग्राम निवासी विवेक कुमार, अरविंद कुमार, प्रीतम कुमार दयानंद तांती,



शत्रुघ्न कुमार, अनिल तांती और फरका ग्राम निवासी छोटू कुमार, दशरथ कुमार, मिथुन कुमार, सुमन कुमार, रिशु कुमार और दीपक कुमार है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सबौर थाना के प्रशिक्षु आईपीएस अभिनव कुमार ने बताया कि 12 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सभी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

**3 दिन पहले सड़क हादसे के बाद हुआ था बवालः** तीन दिन पहले (शुक्रवार की रात) सबौर थाना क्षेत्र के फरका गांव के समीप तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। मौत के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी के साथ भी धक्का-मुक्की की थी। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव, भारी वाहनों के शीशे तोड़ दिए। मुख्य मार्ग जाम रहा। इसके बाद मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी और पुलिस बलों ने किसी तरह समझौता कर शांत करवाया मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया ह। फिलहाल अन्य फरार आरोपियों के लिए छापेमारी कर रही है।

# पीरपैंती में 400 से अधिक सरकारी हैंडपंप हैं खराब, पानी के लिए भटक रहे हैं ग्रामीण



निज संवाददाता। पीरपैंती

भीषण गर्मी और तेज धूप में मनुष्य के साथ जीव-जंतु भी अपनी प्यास बुझाने के लिए व्याकुल रहते हैं। दूसरी ओर गर्मी के कारण पीरपैंती प्रखंड में भू-जलस्तर काफी नीचे चला गया है। ऐसी स्थिति में प्रखंड में 400 से सरकारी हैंडपंप या तो खराब पड़े हैं या फेल हो गए हैं। प्रखंड में नल-जल योजना की स्थिति भी खराब है। इससे गर्मी में लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। गर्मी में लोगों को पीने की पानी की समस्या नहीं हो, इसके लिए डीएम ने दो माह पहले प्रखंडों में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की एक-एक टीम हैंडपंप की मरम्मत के लिए रवाना किया था। टीम को गांव-टोलों में खराब हैंडपंप को ढूंढ़कर ठीक करना था। हैंडपंप मरम्मत दल हैंडपंप को ठीक भी कर रहा है, लेकिन इसकी गति इतनी धीमी है कि सभी हैंडपंप ठीक करने में दो माह से अधिक का समय लग सकता है। हैंडपंप खराब होने और नल का जल नहीं मिलने से इलाके के लोग सुबह होते ही पानी की जुगाड़ में लग जाते हैं। लोगों का कहना है कि अन्य काम छोड़कर सबसे पहले पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जो हैंडपंप ठीक है, वहां पानी लेने के लिए भीड़ जुटती है। कई बार मारपीट की भी नौबत आ जाती है। गर्मी की दस्तक देते ही बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने पीएचईडी के साथ बैठक कर जलसंकट पर

> प्रखंड स्तरीय टीम और मुखिया से खराब सरकारी हैंडपंप की रिपोर्ट पीएचईडी के सहायक अभियंता को भेज दी गई है। हर दिन जलस्तर घटने से हैंडपंप खराब होने की शिकायत बढ़ गई है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों के खराब हैंडपंप को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने का विभाग के मिस्त्री को निर्देश दिया गया है। **- अभिमन्यु कुमार, बीडीओ पीरपैंती**

विशेष ध्यान देने की बात कही थी। प्राथमिकता के आधार पर हैंडपंप और नल-जल योजना को दुरुस्त करने के निर्देश दिये थे। बीडीओ ने सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायकों के साथ बैठक कर सभी खराब सरकारी हैंडपंप की रिपोर्ट उपलब्ध करवा कर पीएचईडी को सौंप दिया है। लेकिन हैंडपंप को ठीक करने की गति काफी धीमी है। नतीजा लोंग में आक्रोश गहराता जा रहा है। जैसे-जैसे जलस्तर नीचे जा रहा है, हैंडपंप खराब होने की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लोग और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि कई बार फोन करने के बाद टीम हैंडपंप ठीक करते आती है। लेकिन, कोई सामान लगाने को रहता है तो सिर्फ देख कर चली जाती है। सबसे अधिक 30 हैंडपंप ओलापुर पंचायत में खराब है।

पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अधिक परेशानी प्रखंड के पीरपैंती बाजार, मानिकपुर, राजगांव, राजगांव आराजी पंचायत पहाड़ी क्षेत्र में हैं। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को पानी की सबसे अधिक दिक्कत है। हैंडपंप खराब रहने से लोगों काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। पानी की किल्लत को लेकर उनमें आक्रोश भी काफी है।

# विद्यार्थी का प्रत्येक सेमेस्टर में 90 दिन कक्षा संचालित होना चाहिए

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर अधिकांश छात्रों को अब ज्ञान नहीं, अंक चाहिए। प्रमोटेड छात्रों को कम से कम 60 फीसदी अंक चाहिए। वे कॉलेजों में लाइब्रेरी, नियमित कक्षा, शिक्षकों की कमी के लिए आवाज उठाते नहीं देखे जाते हैं। हॉस्टल और भवन की कमी को वे आंदोलन का मुद्दा नहीं बनाते। इधर राजभवन और शिक्षा विभाग को भी सत्र नियमित करने भर से मतलब रह गया है। वे इसके लिए दबाव बनाते हैं। राजभवन या शिक्षा विभाग के स्तर पर कॉलेजों में बुनियादी समस्याओं को दूर करने का शायद ही कोई प्रयास किया जाता है। अन्य सुविधाओं की बात तो छोड़िए कॉलेजों में शिक्षकों का अभाव लगातार बना हुआ है। इस तरफ ना ही सरकार और ना ही शिक्षा विभाग का ध्यान है। विश्वविद्यालय में पीजी विभाग और कॉलेजों में पीजी सेन्टर तो खोल दिए गए, मगर शिक्षकों के अभाव में वहां नियमित कक्षाएं नहीं हो पा रही है। पीजी विभागों में सरकार के स्तर पर पद सृजन का प्रस्ताव लंबित है। लिहाजा सत्र नियमित करने के दबाव में जैसे-तैसे परीक्षाएं हो रही हैं और परीक्षाफल जारी किया जा रहा है। इधर कक्षाएं पूरी नहीं होने पर छात्र उसे पूरी करने की बजाय जैसे-तैसे पास करने का दबाव बनाने लगते हैं। कॉलेजों के शिक्षक कहते हैं शिक्षक पिसने को बाध्य कॉलेजों के शिक्षक कहते हैं कि बीच में शिक्षक पिसने के लिए बाध्य हैं। शिक्षक भी दुविधा में हैं कि क्या करें? जल्दी जल्दी परीक्षा लेने के कारण विद्यार्थी नाराज होते हैं और धरना प्रदर्शन करते हैं। इतना ही नहीं, न सिर्फ सभी को पास बल्कि 60% अंक की मांग करते हैं। परीक्षा में नकल करके लिखना चाहते हैं। अगर नकल की सुविधा न मिले तो चरित्र हनन पर आमादा हो जाते हैं। विद्यार्थी समय से पूर्व परीक्षा नहीं देना चाहते हैं तो सरकार और राजभवन जल्दी जल्दी परीक्षा कराना चाहते हैं। छात्र राजद के प्रदेश महासचिव ईशु यादव कहते हैं कि प्रत्येक सेमेस्टर में न्यूनतम 90 दिन कक्षा संचालित होना चाहिए। परंतु यहां तो दो सेमेस्टर की परीक्षाएं ही 60 दिन के भीतर कराई जा रही हैं। अध्ययन अध्यापन में किसी को भी रुचि नहीं है। इधर सीनेट सदस्य सह अभाविप नेता विक्की आनंद कहते हैं कि सरकार कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को अविलंब दूर करे। छात्रों को लाइब्रेरी, हॉस्टल तथा कॉलेजों में पर्याप्त भवन का निर्माण होना चाहिए। फरवरी में ही विभाग को भेजा गया पत्र ▶ पीजी विभागों में पद सृजन एवं सृजित पदों के आवंटन का प्रस्ताव विश्वविद्यालय के सभी परिनियमित निकायों से अनुमोदित कराकर फरवरी, 2023 में ही शिक्षा विभाग को भेजा गया है। जिसकी सूचना राजभवन सचिवालय को भी प्रेषित की गई है। बाद में स्मार पत्र भी भेजे गए हैं। -डॉ. प्रियरंजन तिवारी, पीआरओ। कॉलेजों में बीए आनर्स पार्ट 1,2 और 3, बीए सब्सिडियरी 1 और 2 तथा एमए के 04 सेमेस्टर के 16 पेपर पढ़ाने की जिम्मेवारी 01 या 2 शिक्षकों पर है। जबकि सिर्फ पीजी के लिए ही न्यूनतम 6 शिक्षकों की आवश्यकता होती है। इस संबंध में पूछने पर इतिहास विभागाध्यक्ष डा. जीसी पांडेय ने जानकारी दी कि आरडी एंड डीजे महाविद्यालय में इतिहास में सिर्फ एक शिक्षक, कोसी कॉलेज में सिर्फ दो शिक्षक हैं। इसी प्रकार तमाम अन्य पीजी सेंटर में भी शिक्षकों की कमी है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भ्रम का जाल, उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़

लंबे समय से इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि डिब्बाबंद और तुरंता आहार खासकर बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं।कुछ दिन पहले भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर की आनुषंगिक संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अपने एक अध्ययन में बताया था कि जीवन-शैली संबंधी आधी से अधिक बीमारियां खानपान में गड़बड़ी की वजह से होती हैं। अब उसी क्रम में आइसीएमआर ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के ऊपर लिखी जानकारियां भ्रामक हो सकती हैं। इसलिए उनके चुनाव में सावधानी बरतनी चाहिए। उसने बकायदा उदाहरण देकर समझाया है कि फलों के रस के नाम पर बिकने वाले पेय में दस फीसद ही फलों का अंश हो सकता है, बाकी शर्करा हो सकती है। ऐसे अनेक खाद्य पदार्थों के डिब्बों पर भ्रामक दावे लिखे मिल सकते हैं कि उनका उपयोग सेहत के लिए अच्छा है। निश्चय ही आइसीएमआर के इस सुझाव से लोगों में कुछ जागरूकता पैदा हो सकती है। मगर सवाल है कि जब यह बात खुद आइसीएमआर जैसी स्वास्थ्य से जुड़ी शीर्ष संस्था को पता है कि भ्रामक जानकारियों के साथ डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे हैं, तो इसके प्रति वह केवल उपभोक्ता को जागरूक बना कर इस समस्या से पार पा लेने का कैसे भरोसा कर सकती है। लंबे समय से इस बात पर चिंता जताई जा रही है कि डिब्बाबंद और तुरंता आहार खासकर बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं। इनके चलते मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग जैसी अनेक बीमारियां पैदा हो रही हैं। फिर भी हैरानी की बात है कि ऐसे खाद्य पदार्थों के जोखिम खुद उपभोक्ता के कंधे पर डाल कर जिम्मेदारी से मुक्ति पा लेने की कोशिश की जा रही है। कुछ दशक पहले जब डिब्बाबंद खाद्य और पेय पदार्थों में हानिकारक तत्त्व मिले होने को लेकर सवाल उठने शुरू हुए थे, तब सरकार ने ऐसे उत्पाद की गुणवत्ता पर नजर रखने और कंपनियों को जवाबदेह बनाने की गरज से भारत खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसआइ का गठन किया था। यह नियम बना कि एफएसएसआइ से प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना कोई भी डिब्बाबंद या पैकेट वाला खाद्य पदार्थ बाजार में नहीं उतारा जा सकता। बाजार में उपलब्ध इस तरह के हर खाद्य पदार्थ की थैली या डिब्बे पर इस प्रमाणपत्र का उल्लेख होता है। मगर इसके बावजूद उनमें हानिकारक पदार्थों का इस्तेमाल और भ्रामक दावे बंद नहीं हो पा रहे हैं, तो इस बारे में नए सिरे से सोचने की जरूरत है। आइसीएमआर ने तो डिब्बों पर लिखे विवरण जांच कर ही खाद्य पदार्थ खरीदने की सलाह जारी कर दी है, मगर सवाल है कि ऐसा कितने लोग कर पाते हैं और कर पाएंगे। खाद्य पदार्थों की थैलियों और डिब्बों पर अव्वल तो विवरण इतने महीन अक्षरों में लिखे होते हैं कि उन्हें पढ़ना मुश्किल होता है। ज्यादातर विवरण अंग्रेजी में होते हैं। कितने लोग अंग्रेजी पढ़ पाते हैं। दूर-दराज गांवों के लोगों के लिए तो वह विवरण काला अक्षर भैंस बराबर ही होता है। फिर, ऐसे पदार्थों के उपभोक्ता ज्यादातर बच्चे, किशोर और युवा होते हैं। उनकी जीभ पर अब ऐसी चीजों का स्वाद इस कदर चढ़ चुका है कि वे विवरण बांच कर उन्हें खरीदते ही नहीं। ऐसे में जिम्मेदारी आखिरकार स्वास्थ्य और खाद्य से जुड़ी संस्थाओं की है कि वे ऐसे खाद्य पदार्थों के उत्पादन पर ही अंकुश लगाने का कोई उपाय तलाश करें, जिनसे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

## भारत सहित एशियाई देश वर्ष 2024 में विश्व की अर्थव्यवस्था में देंगे 60 प्रतिशत का योगदान

(प्रह्लाद सबनानी )

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है। भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना बन रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष

*आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है। भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है।*

2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टोबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं। आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार तेज वृद्धि आंकी जा रही है, जिससे भारत के वित्तीय संसाधनों पर दबाव कम हो रहा है और भारत पूंजीगत खर्चों के साथ ही गरीब वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था आसानी से कर पा रहा है। केंद्र सरकार के बजट में न केवल वित्तीय घाटा कम हो रहा है बल्कि आने वाले समय में केंद्र सरकार को अपने सामान्य खर्च चलाने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता भी कम पड़ने लगेगी। दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत लगातार स्थिर बनी हुई है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास भी बढ़ रहा है और भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे, भारत में मुद्रा स्फीति पर भी तुलनात्मक रूप से नियंत्रण पाने में सफलता मिली है। अन्य देश अभी भी मुद्रा स्फीति की समस्या से जूझ रहे हैं। आर्थिक क्षेत्र में उक्त कारकों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावनाएं बनी रहेंगी। इसके ठीक विपरीत, जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर या तो मंदी के दौर से गुजर रहीं हैं अथवा विकास दर बहुत कम अर्थात एक-दो प्रतिशत से भी कम बनी हुई है। भारत के स्टील उद्योग, सिमेंट उद्योग एवं ऑटोमोबाइल निर्माण के क्षेत्र ने 10 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर ली है। डिजिटल आधारभूत ढांचे के निर्माण के क्षेत्र में तो भारत विश्व गुरु बन गया है और इससे आज भारत में 13400 करोड़ से अधिक के डिजिटल व्यवहार हो रहे हैं जो पूरे विश्व के डिजिटल व्यवहारों का 46 प्रतिशत है। जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों में आज 2.32 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो चुकी है, जो देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्ष 2013-14 से वर्ष 2022-23 के दौरान मुद्रा स्फीति की औसत दर 5 प्रतिशत की रही है जो वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के दौरान औसत 8.2 प्रतिशत की रही थी। मुद्रा स्फीति कम रहने का सीधा लाभ देश के गरीब वर्ग को मिलता है। साथ ही, अब तो आर्थिक विकास के साथ ही भारत में रोजगार के भी पर्याप्त अवसर निर्मित होने लगे हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत में वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के दौरान 51.4 करोड़ व्यक्ति वर्ष के नए रोजगार निर्मित हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार द्वारा किये गए सीधे प्रयासों के चलते 19.79 करोड़ व्यक्ति वर्ष के रोजगार के अवसर भी शामिल हैं। शेष 31.61 करोड़ व्यक्ति वर्ष रोजगार के अवसर अपने व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से बैंकों से लिए गए ऋण के चलते निर्मित हुए हैं। स्कोच नामक संस्थान द्वारा उक्त प्रतिवेदन 80 संस्थानों पर की गई रिसर्च (केस स्टडी) के आधार पर जारी किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु स्तर के ऋण लेने वाले व्यक्तियों ने रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए हैं। इस प्रतिवेदन के अनुसार औसतन प्रत्येक सूक्ष्म संस्थान 6.6 रोजगार के नए अवसर निर्मित करता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक के बाद अब मूडीज ने भी भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में बताया है कि आने वाले कुछ वर्षों तक भारत की आर्थिक विकास दर विश्व में सबसे अधिक बने रहने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। इस प्रकार, एक के बाद एक विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थान भारत में आर्थिक विकास दर के मामले में अपने अनुमानों को लगातार सुधारते/बढ़ाते जा रहे हैं। इस प्रकार, आगे आने वाले समय में भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान भी लगातार बढ़ता जाएगा और सम्भव है कि कालचक्र में ऐसा परिवर्तन हो कि भारत एक बार पुनः वैश्विक स्तर पर अपने आर्थिक योगदान को 32 प्रतिशत के स्तर तक वापिस ले जाने में सफल हो। **(लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )।**

## शहरों में लोगों पर क्यों गिरने लगे विशालकाय होर्डिंग

**(के के पाण्डेय, प्रोफेसर, अर्बन मैनेजमेंट, आईआईपीए)**

अपने देश में कई लोग बड़े-बड़े होर्डिंग या सूचना-पट्ट की ओर शक की निगाह से देख रहे होंगे। देश की व्यावसायिक राजधानी कहलाने वाले महानगर मुंबई में होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की मौत हुई है और 74 घायल हुए हैं। यह विशालकाय विज्ञापन-पट्ट 120 फुट का था, जबकि इतने बड़े पट्ट या होर्डिंग लगाने को मंजूरी नहीं है। देश के अलग-अलग राज्यों, शहरों में होर्डिंग का आकार अलग-अलग तय है। हालांकि, ऐसे शहर भी हैं, जहां होर्डिंग को लेकर स्थानीय नियम-कायदे तय नहीं हैं। मुंबई में जो त्रासद हादसा हुआ है, वह साफ तौर पर स्थानीय निकायों और रेलवे की लापरवाही को दर्शाता है। मुंबई जैसे महानगर में प्राथमिक जिम्मेदारी तो बीएमसी की है, पर बीएमसी ने रेलवे को और रेलवे ने बीएमसी को जिम्मेदार ठहराया है। देखने की बात है, बीएमसी ने रेलवे या आरोपियों को दो साल बाद नोटिस भेजा है। इस होर्डिंग की शिकायत भी तब हुई, जब होर्डिंग के सामने आ रहे पेड़ों को काटा जा रहा था। आखिर बीएमसी को इस गलत होर्डिंग तक पहुंचने में इतना समय क्यों लगा? क्या बीएमसी की स्थानीय निगरानी व्यवस्था दुरुस्त नहीं है? नियमों को तोड़कर होर्डिंग लगाने वाले क्या इतने ताकतवर हो गए हैं कि रेलवे और बीएमसी के अधिकारी उनके खिलाफ कदम नहीं उठा पा रहे हैं? यह हादसा हमारी व्यवस्था की कमी का नतीजा है। इतने विशाल होर्डिंग लगाने से पहले मृदा परीक्षण होना चाहिए था, निर्माण सामग्री व निर्माण को परखना था और फिर लगातार सुरक्षा जांच की जरूरत थी, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह लापरवाही नई नहीं है और हमारे ज्यादातर शहरों में व्याप्त है। सबको याद होगा मोरबी सेतु हादसा। गुजरात में सेतु टूट गया था, वहां भी सुरक्षा जांच या सेफ्टी ऑडिट का काम नहीं हुआ था। निगम के तहत आने वाले ऐसे ढांचों की समय-समय पर जांच की व्यवस्था होनी ही चाहिए, पर ऐसा होता नहीं है। सामान्य तौर पर ही देख लीजिए, हमारे शहरों में जो फुटपाथ हैं, वह बुजुर्गों या दिव्यांगों के अनुकूल नहीं होते हैं। अच्छा कहलाने वाले शहरों में भी सड़कों या फुटपाथ की देखरेख पर्याप्त नहीं है। जरूरी सुविधाओं की परख नियमित रूप से होनी चाहिए, पर ऐसा होता नहीं है। मिसाल के लिए, कुछ वर्ष पहले तिरुवनंतपुरम के नगर निगम ने विशेष अभियान चलाकर जांच की और शहर में 54 हजार होर्डिंग को गलत पाया। शहरों में होर्डिंग लगाकर विज्ञापन शुल्क वसूला जाता है। नगरीय निकायों की अन्य स्रोतों से आय घटी है और वे होर्डिंग इत्यादि से ज्यादा कमाने के उपाय करते रहते हैं। विज्ञापन शुल्क को हटाया तो नहीं जा सकता और न होर्डिंग पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, पर इसके नियम-कायदे स्पष्ट होने चाहिए। एक बार जो प्रक्रिया तय हो जाए, तो उसकी पूरी पालना करनी चाहिए। निकाय विज्ञापनों के जरिये कमाई करे, पर सुरक्षा से किसी तरह का समझौता न करे। शहर के तय और सुरक्षित स्थानों पर ही विधिवत होर्डिंग लगाए जाएं। अवैध या गलत होर्डिंग को हटाना चाहिए। केंद्र सरकारों को भी होर्डिंग संबंधी दिशानिर्देश तय करने चाहिए और अलग-अलग राज्यों में अपने हिसाब से दिशानिर्देश लागू करने चाहिए। जैसे पहाड़ी राज्यों के दिशा-निर्देश अलग हो सकते हैं। अवैध होर्डिंग के खिलाफ लोगों को भी जागरूक होना चाहिए और नगर निकायों को निगरानी के काम में आम लोगों की मदद लेनी चाहिए। जैसे बेंगलुरु में निकाय ने लोगों से कहा कि वे होर्डिंग के फोटो खींचकर भेजें। ऐसा होने से फायदा यह है कि अवैध होर्डिंग की जांच की जा सकती है या असुरक्षित होर्डिंग के बारे में शिकायत समय रहते सामने आ सकती है। अभी निगरानी का अभाव है, जिससे नगर निकाय को आर्थिक नुकसान के साथ ही आम लोगों को भी परेशानी होती है। अभी मुंबई में क्या हुआ, आम लोगों पर ही मुसीबत टूट पड़ी। आम लोग अगर सजग होते, तो यह नौबत ही नहीं आती। लोग अगर चाहें, तो मिलकर कहीं से भी असुरक्षित या अवैध होर्डिंग को हटवा सकते हैं। शहरों में विशालकाय होर्डिंग की संख्या बढ़ती चली जा रही है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5376

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5375

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष
कार्यक्षेत्र में आप काम के साथ ही दूसरी अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाज़ी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिये प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

### वृष
व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिये। उत्तम भोजन का आनन्द उठायेंगे। जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लम्बित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिये। आपकी छवि भी खराब हो सकती है।

### कर्क
व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। मैनेजमेन्ट सम्बन्धी गतिविधियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। सभी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक सम्पदा से लाभ प्राप्त होगा।

### सिंह
व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है। कुछ नकारात्मक लोग आपको नुकसान पहुँचाने का प्रयास कर सकते हैं। गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन सम्बन्धी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि सम्भव हो तो आज लम्बी दूरी की यात्रा न करें।

### मिथुन
आज परिवार के सदस्यों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। आज का दिन आपके लिये कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिये कोई गलत काम न करें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिन्ता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

### कन्या
आज आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। दूसरों के काम में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। रुके हुये कार्यों में प्रगति होने की सम्भावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये।

### तुला
नये कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। परिवार में कुछ मांगलिक उत्सव हो सकते हैं। सभी कार्य यथारीति और यथा समय पूरे हो जायेंगे। जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है।

### वृश्चिक
आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा। धन के मामले को लेकर किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गम्भीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसन्द करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

### मकर
आज आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन सम्बन्धित परेशानियाँ दूर होगी। अधूरे कार्यों को आप पूरा कर लेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यवसायिक उद्देश्य से आज यात्रा भी कर सकते हैं।

### कुंभ
आज आपको ज्यादा काम करने के बजाय अपने पुराने रुके काम पर ध्यान देना चाहिये। इससे आपको भविष्य में काफी आसानी होगी। आपकी गलतियाँ लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। आज योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी। परिजनों के साथ उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे।

### धनु
व्यापार में नये अवसर मिलने की सम्भावना निर्मित हो रही है। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक सम्बन्धों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। विपरीत लिङ्ग के लोग आपसे आकर्षित हो सकते हैं।

### मीन
कार्यक्षेत्र में लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आज शान्तिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें।

## वर्ग पहेली 5376



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
5. शरीर के अंगों के जोड़ संबंधी एक रोग (3)
8. पैर का आघात, पैरों से कुचलने की क्रिया (5)
10. गहरा दुख, शोक (2)
11. यदि ऐसा न होगा, विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
13. उरस्थल को यह कहा जाता है (2)
15. जीवयुक्त, जीवित, जीवधारी (3)
17. जो रिश्तें में माता के भाई हो, मातुल (2)
19. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
20. एक प्रकार का हास्य रस प्रधान रूपक (4)
21. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
22. दीवानी अदालत का अभियोग, नालिश , अधिकार, स्वामित्व (2)
23. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
24. कपि, बंदर (3)
25. किसी के अपेक्षा और अधिक अच्छा (4)

**ऊपर से नीचे**
1. बलवीर, बलभद्र, सीरायुक्ष, बलदेव (4)
2. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील, मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
3. संगीत का विशेष कंपन, महक, सुगंध (3)
4. दुख, तकलीफ, कष्ट (3)
6. बौना, छोटे कद का (3)
7. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
9. नई जिंदगी, नया जीवन (5)
12. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
14. क्षमादान करने की क्रिया या भाव (5)
16. सांवले रंग का (3)
18. प्रतिमास, प्रति महीने में (4)
19. संग, साथ, संगत (4)
23. पथ, मार्ग, रास्ता (2)

### वर्ग पहेली 5375 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | | ला | |
| जी | | ख | | शि | का | य | त |
| ल | ह | रा | ना | | फि | क | रा |
| | ठ | | क | म | ला | | श |
| वि | | ह | की | म | | घा | ना |
| प्र | ति | वा | सी | | मू | ल | |
| | र | | ध | नु | | मे | ला |
| ग | प | | में | | पा | ल | ना |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### सेवादल कांग्रेस की सचिव रेणु मिश्रा ने मानगो में बांटे गारंटी पत्र

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिला सेवादल कांग्रेस की सचिव रेणु मिश्रा ने संगठन के आदेश पर सेवादल कांग्रेस के तत्वावधान में मानगो बाजार क्षेत्र में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी का गारंटी पत्र वितरित किया ।रेनु मिश्रा के अनुसार लोगों में गारंटी पत्र के प्रति उत्साह है। लोगों ने महंगाई से छुटकारा दिलाने की मांग की। कांग्रेस कमेटी के द्वारा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को भारी संख्या में वोट देने के लिए अपील की गई। किया। जनसंपर्क अभियान में दर्जनों कांग्रेसजन शामिल हुए।

### बारिश में जल भराव की समस्या का विधायक ने लिया जायजा



**जमशेदपुर, एजेंसी।** बारिश में जल भराव की समस्या को लेकर विधायक सरयू राय ने जेम्को मिश्रा बगान का जायजा लिया। यहां के नाले की उड़ाही नहीं होने के कारण बरसात में काफी परेशानी होती है। इससे बस्ती के घरों में पानी भर जाता है। स्थानीय लोगों ने विधायक को समस्या से अवगत कराया। साथ ही जुस्को के पीएसएस के लिए जेएमएम ऑफिस के बगल में स्थल चयनित किया गया। विधायक के साथ सुधीर सिंह, अमित शर्मा, विनोद राय, नवीन, जेपी पाण्डेय, दीनानाथ, करनदीप सिंह, मुन्ना देवी मौजूद थीं।

### लोकसभा चुनाव में जाति और क्षेत्रवाद हावी, जमीन सर्वे सेटलमेंट का मुद्दा गौण

**बोकारो , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सिर्फ एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपनी नैया पार लगाने की फिराक में हैं। अधिकतर प्रत्याशी जातिवाद और क्षेत्रवाद की राजनीति कर रहे हैं। इन्हें स्थानीय मुद्दे, जिससे आम लोग परेशान हैं, इससे कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशियों के भौंपू की आवाज में चास-चंदनकियारी के जमीन सर्वे सेटलमेंट का मुद्दा गौण हो गया है। जबकि यहां के रैयत इस समस्या से पिछले 10 साल से जूझ रहे हैं। चास-चंदनकियारी अंचल में जमीन का सर्वे सेटलमेंट का प्रकाशन 2012 से 2015 तक किया गया। इसके बाद कई त्रुटियां सामने आई हैं। इसे सुधारने के लिए सर्वे सेटलमेंट कार्यालय में 18 हजार केस पेंडिंग हैं। जबकि 7501 ऐसे रैयत हैं, जिन्होंने सर्वे सेटलमेंट प्रकाशन के 90 दिन के अंदर गड़बड़ी सुधार के लिए आपत्ति दर्ज नहीं कर पाए। इनसे गजट प्रकाशन के 90 दिन के अंदर आपत्ति मांगी था, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग सेटलमेंट ऑफिस में आपत्ति दर्ज नहीं कर पाए। अब वे अपनी जमीन संबंधित गड़बड़ियां सुधारने के लिए सर्वे ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं लोग इसके लिए आपत्ति दर्ज करा रहे हैं, लेकिन विभाग ऐसे मामले को रिजेक्ट कर दे रहा है और वैसे आपत्तिकर्ताओं को सक्षम न्यायालय जाने की सलाह दी जा रही है। चास-चंदनकियारी के 133 मौजा के सर्वे का नोटिफिकेशन गलत तरीके से कर दिया गया। हालांकि तत्कालीन मंत्री ने रैयतों को आश्वासन दिया था कि दोबारा सर्वे सेटलमेंट कराया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसमें चास के 68 और चंदनकियारी के 65 मौजा शामिल है। वहीं, जिला प्रशासन भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक के आदेश पर 2017 में गजट नोटिफिकेशन हुए गांवों को छोड़कर शेष गांवों में जमीन के खतियान की इंट्री तथा रजिस्टर 2 की इंट्री पुराने खतियान के आधार पर की गई थी। लेकिन अभी धनबाद में बाकी अन्य नए सर्वे के खतियान के खाता और प्लाट को ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। इससे अधिकारियों के साथ-साथ रैयतों को भी परेशानी हो रही है। धनबाद और बोकारो में सर्वे सेटलमेंट केस के लिए यहां न्यायालय बनाया गया था। परंतु बोकारो का सर्वे सेटलमेंट कार्यालय बंद कर दिया था।

# एक ही दिन 3 स्थानों पर सभा कर पार्टी में जोश भर गए मोदी, शहजादे पर वार कर विपक्ष को कोसा

**घाटशिला , एजेंसी।** झारखंड के घाटशिला तथा प. बंगाल के खड़गपुर और पुरूलिया में एक ही दिन तीन स्थानों पर सभा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश भर गए। भीषण गर्मी के बावजूद उनके आगमन पर लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। सभा में उपस्थित लोगों में उत्साह दिखा। उन्हें सुनने और देखने के लिए लोगों में उत्सुकता थी। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उन्होंने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मां रंकिणी की इस पावन माटी को प्रणाम करता हूं।

भीषण गर्मी के बावजूद तीनों ही स्थानों पर पीएम मोदी को सुनने पहुंची भारी भीड़ ने क्षेत्र के भाजपा नेताओं में नया जोश भी भर दिया। लोकसभा चुनाव के लिए जमशेदपुर में 25 को मतदान होना है। यहां घाटशिला में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो, प. बंगाल के पुरूलिया में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिर्मय महतो के लिए गैंगाड़ा मैदान, मेदिनीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पाल के समर्थन में खड़गपुर मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

वैसे जमशेदपुर में भाजपा अपनी स्थिति बेहद मजबूत होने का दावा करती रही है लेकिन आदिवासी अंचल में प्रचंड लहर के बाद भी लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों पर भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। इस पर अनुकूल परिस्थितियां नहीं होने के कारण भाजपा ने लोकसभा चुनाव में कोई कसर नहीं रखना चाहती है। इसी रणनीति के तहत घाटशिला में मोदी की सभा करायी गयी है। भीषण गर्मी के बावजूद तीनों ही स्थानों पर पीएम मोदी को सुनने



पहुंची भारी भीड़ ने क्षेत्र के भाजपा नेताओं में नया जोश भी भर दिया। अब तक फीके कहे जा रहे इस चुनाव में क्षेत्र में हुई मोदी की पहली बड़ी सभा के मंच पर मौजूद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के चेहरे भी सभास्थल पर मौजूद विशाल जनसमुदाय को देखकर खिले-खिले थे।

ताम्र प्रतिभा मैदान मऊभंडार में बनाए गए सभास्थल तक पहुंचने के लिए आधा से एक किमी दूर लोगों के वाहन पार्क करवाए जा रहे थे। चिलचिलाती धूप में पैदल सभास्थल पहुंचे लोगों का जोश गर्मी कम नहीं कर पाई। हाथों में मोदी के कटआउट, केसरिया अंगवस्त्र और मोदी जैकेट पहने युवाओं के साथ ही आदिवासी संस्कृति के अनुरूप तैयार होकर महिलाओं के जत्थे सभास्थल तक जैसे-जैसे पीएम मोदी के सभास्थल पर पहुंचने का समय नजदीक आ रहा था मंच पर मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेताओं की हड़बड़ाहट मिली सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही थी। प्रधानमंत्री के पहुंचने के कुछ देर पहले मंच पर पहुंचे पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित अन्य अतिथियों का भी भीड़ ने जय श्रीराम के नारों से स्वागत किया।

ठीक सवा 11 बजे पीएम मोदी ने मंच पर पहुंचकर लोगों का अपनी चिर-परिचित शैली में अभिवादन किया। न स्वागत की अधिक औचपारिकताएं और न ही लंबे भाषण। मंच का संचालन कर रही जिप चेयरमैन बारी मुर्मू ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को आमंत्रित किया। उन्होंने कुछ ही मिनटों में अपनी बात कही और मंच पीएम मोदी के हवाले कर दिया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस, झामुमो तथा राजद नेताओं पर तीखे हमले किए। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना शहजादे का संबोधन के साथ वार किया। सभा में विकास के वादों की फेहरिस्त सुनायी तथा कांग्रेस सरकार का विकास विरोधी बताया। विपक्ष पर हमले के लिए मोदी ने अपने तरकश से तीर निकालकर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी है। उद्योगपतियों को धमकाने का काम कर रही है। कांग्रेस शासित प्रदेश में उद्योग नहीं लगने पर युवाओं का पलायन का डर भी दिखाया। कांग्रेस पर हर क्षेत्र में अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से भागकर रायबरेली आ गए हैं। यहां आकर कहते है कि यह उनकी मम्मी की सीट है। उन्होंने वंशवादी परंपरा पर भी करारी चोट की।

करीब 40 मिनट के संबोधन के बीच कई बार जनसमुदाय की जोरदार नारेबेजी की वजह से मोदी को अपनी बात कहते-कहते रुकना पड़ा और लोगों से अपने स्थान पर बैठने का आग्रह करना पड़ा। मंच से दिए गए उद्बोधन से परे भाजपा नेता और लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी विद्युतवरण महतो इस बात से ही प्रसन्न थे कि अब तक बेहद फीके नजर आ रहे चुनाव में पहली बार इतना जोश और ऊर्जा नजर आई। अब तक जनसंपर्क में मुट्ठी भर भीड़ नहीं जुटने से परेशान नेता इस बात से खासे खुश थे कि ये जनसमुदाय अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर माहौल बनाने का कार्य तो करेगा ही।

### हर बूथ पर 4डी कैमरे, गड़बड़ी पर आयोग की रहेगी नजर

**रांची , एजेंसी।** तीन संसदीय क्षेत्रों में कुल 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 58 लाख 34 हजार 618 मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को बताया कि पांचवें चरण (झारखंड में दूसरे) के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित हैं। मतदानकर्मी अपने-अपने बूथों पर पहुंच चुके हैं। इस फेज में कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे। सभी बूथों पर दो-दो 4डी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे मतदान केंद्र के अंदर और बाहर नजर रखी जाएगी।लातेहार और चतरा में हेली ड्रॉपिंग के माध्यम से 148 मतदानकर्मियों और सेक्टर ऑफिसर को बूथ तक भेजा गया। निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो।

### धनबाद कर रहा अब फ्लाई ओवर की मांग, सड़कों का चौड़ीकरण अब संभव नहीं; जाम में फंस कर रह गई है जिंदगी

धनबाद, एजेंसी। शहर की बढ़ती आबादी के साथ यहां वाहनों की भी संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, प्रत्येक वर्ष दो पहिया से लेकर चार पहिया तक करीब दस हजार से अधिक नए वाहन सड़कों पर उतरते हैं।



स्थिति यह है कि शहर के अंदर की सड़कों को अब और अधिक चौड़ा नहीं किया जा सकता। ऐसे में एकमात्र बैंक मोड़ से नया बाजार फ्लाईओवर ओवर लोड हो जाता है।इससे सप्ताह के छह दिन सुबह 9-30 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक और शाम पांच बजे से सात बजे तक जाम की स्थिति से हर शहरवासी को दो चार होना पड़ता है। कुछ ऐसी ही स्थिति गोविंदपुर में जीटी रोड की भी है। यहां टुंडी जाने वाले रास्ते के पास दिन भर वाहनों का जाम लगा रहता है। इस स्थिति से धनबाद के लोग त्रस्त हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शहर की सड़कों को फोर लेन तो किया, गया लेकिन श्रमिक चौक के पास स्थित रेलवे का गया पुल बाटल नेक बन गया। यहां आने वाले हर वाहन की रफ्तार धीमी हो जाती है। चाह कर भी यहां आसानी से निकलना संभव नहीं हो पता।मटकुरिया चेकपोस्ट से पांडरपाला तक एक दूसरे फ्लाई ओवर के निर्माण से बैंक मोड़ से लेकर श्रमिक चौक तक लगने वाले जाम की समस्या से निदान पाया जा सकता है।

इसके अलावा यदि गया पुल के पास एक रेल अंडरपास का भी निर्माण करा दिया जाए, तो भी समस्या हल हो सकती है। इसी प्रकार से गोविंदपुर में भी फ्लाई ओवर की आवश्यकता है।

# गर्मी में मरीजों को तड़पता छोड़ रविवार की छुट्टी मनाते रहे अधिकारी-कर्मचारी

**धनबाद, एजेंसी।** सदर अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संवेदनहीनता की हद पार कर दी। अस्पताल में पूरी दोपहर बिजली गुल रही। बावजूद न तो जेनरेटर चलाया गया और न इन्वर्टर से वार्डों में बल्ब जले और पंखे चले। इस प्रचंड गर्मी और उमस में मरीजों को तड़पता छोड़ अधिकारी-कर्मचरी छुट्टी मनाते रहे। न तो सिविल सर्जन ने मरीजों की सुध ली और न सदर के नोडल ऑफिसर ने। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों ने भी पहल करने की जहमत नहीं उठाई।

बता दें कि सदर अस्पताल और आसपास के इलाके में रविवार की सुबह 9 बजे बिजली गुल हो गई थी। बिजली कटने के बाद 100 बेड के



इस अस्पताल के वार्डों में पंखे और बल्ब बंद हो गए। न इन्वर्टर से पंखे चले और न सोलर काम आया। किसी ने जेनरेटर भी नहीं चलाया। जनरल वार्डों से लेकर ओटी कॉम्पलेक्स, आईसीयू, मेडिसिन आईसीयू समेत सभी वार्डों में बल्ब और पंखे बंद हो गए। गर्मी में पंखा नहीं चलने के कारण गंभीर मरीज पूरी दोपहर तड़पते रहे। सर्जरी के मरीजों की हालत सबसे ज्यादा खराब थी। दोपहर लगभग दो बजे बिजली आई। इसके बाद मरीजों को राहत मिली।

**मोबाइल के टार्च से रोशनी और हाथ पंखा से ले रहे थे हवा :** स्थिति इतनी खराब थी लाइट के लिए मरीज के परिजनों ने मोबाइल का टॉर्च जला रखा था। गर्मी से राहत के लिए हाथ से पंखा झेल रहे थे। पूरी दोपहर मरीज तड़पते रहे और अधिकारी घरों में बैठे एसी-कूलर का आनंद लेते रहे। कोई झांकने तक नहीं आया।

**जेनरेटर के लिए नहीं मिलता तेल :** अस्पताल में लाखों रुपए का इन्वर्टर लगा है। सोलर से पावर सप्लाई का दवा किया जाता है। लाखों रुपए के दो-दो जेनरेटर भी हैं, लेकिन मरीजों के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि इन्वर्टर और सोलर से बैकअप नहीं दे रहा। जेनरेटर चलाने के लिए तेल नहीं दिया जाता।

**कैंपस में ही रहते हैं सिविल सर्जन :** सिविल सर्जन डॉ सीपी प्रतापन सदर अस्पताल कैंपस में ही रहते हैं। सदर अस्पताल के कई कर्मचारी भी यहीं रहते हैं। इनके घरों में भी बिजली नहीं थी। बावजूद इस गर्मी में न तो सिविल सर्जन ने संवेदना दिखाई और न कर्मचारियों ने। ड्यूटी पर तैनाज कर्मचारियों ने भी कोई पहल नहीं की।

### चाचा ने नाबालिग को किया गर्भवती, लोगों ने जूतों की माला पहनाई, पीटा

**चक्रधरपुर , एजेंसी।** चक्रधरपुर में एक रिटायर्ड शिक्षक ने गुरु के पद और सामाजिक व पारिवारिक रिश्ते को कलंकित करि दया। 65 साल के शिक्षक ने अपनी नाबालिग भतीजे के साथ कई बार दुष्कर्म किया और उसे आठ महीने का गर्भवती बना दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पीड़िता के परिजनों और गांव के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और रविवार को आरोपी रिटायर्ड शिक्षक को जूते-चप्पलों की माला पहना कर पूरे गांव में घूमाया। मामला पश्चिमी संहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड का है। जानकारी के अनुसार, 65 वर्षीय वृद्ध शिक्षक ने अपने घर पर 17 साल की अपनी भतीजी को घर के कामकाज के लिए रखा था। इसके लिए भतीजी को पैसे भी देता था। चाचा के घर में कामकाज करने के बाद भतीजी शाम में अपने घर आ जाती थी। रविवार 19 मई की सुबह भतीजी अपने घर में अचानक बेहोश होकर गिर गई। घरवाले समझ नहीं पाएं क बेटी को किया हुआ है। आनन-फानन में उसे बेहोशी की हालत में चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने बेहोश नाबालिग लड़की की जांच की। जांच के बाद जब डॉक्टर ने बेहोशी का कारण बताया तो उनके परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। डॉक्टर ने बताया कि आपकी बेटी आठ माह की गर्भवती है। इससे घरवाले चिंता में पड़ गएं क वह गर्भवती कब और कैसे हो गई। लड़की के होश में आने के बाद घरवालों ने उसके गर्भवती होने पर पूछताछ की। काफी पूछताछ के बाद डरी सहमी लड़की ने बताया कि चाचा ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया और उसे गर्भवती बना दिया।

# 2014 के मोदी लहर में बीजेपी को मिली थीं झारखंड की 14 में 12 सीटें

**रांची, एजेंसी।** साल 2014 में हुए 16वें लोकसभा चुनाव में मोदी लहर की बदौलत भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड बहुमत हासिल कर केंद्र की सत्ता में 10 साल बाद वापसी की। लोकसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार भाजपा ने रिकॉर्ड 283 सीटों पर जीत दर्ज की।

इस चुनाव में भाजपा गठबंधन ने कुल 336 सीटें जीती थीं। भाजपा ने झारखंड की 14 में 12 सीटें जीती थीं। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपने कैबिनेट में लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत और हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को शामिल किया। खूंटी के सांसद कड़िया मुंडा लोकसभा उपाध्यक्ष बनाए गए।

साल 1984 में कांग्रेस के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पहली ऐसी पार्टी बनी थी जिसने अपने दम पर सरकार बनाने लायक सीटें जीती थीं। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को इस कदर प्रचंड बहुमत मिला था। उस वक्त कांग्रेस ने अपने दम पर 404 सीटें जीती थीं।

2014 के चुनाव से पहले भाजपा के कई दिग्गजों को भी रिकॉर्ड तोड़ सफलता की उम्मीद नहीं थी। भाजपा चाहती थी कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े। उन्होंने नहीं लड़ा।



इसी तरह झारखंड विकास मोर्चा(प्रो) के सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी से भी गठबंधन या पार्टी में वापसी के लिए भाजपा ने संपर्क साधा था। तब बाबूलाल तैयार नहीं हुए। हालांकि पांच साल बाद बाबूलाल ने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया।यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग से खुद चुनाव न लड़कर अपने बेटे जयंत सिन्हा को लड़वाया। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 336 सीटें मिली थी जबकि भाजपा ने 282 सीटें जीती थीं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के समय हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री थे। हेमंत सोरेन की अगुवाई में झामुमो और कांग्रेस ने गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ा।

राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा और दुमका से झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन विजयी हुए।

### बंदी में शराब व बीयर बेचते निरसा से पकड़ाया धंधेबाज

**धनबाद, एजेंसी।** उत्पाद विभाग की टीम ने निरसा थाना क्षेत्र के भमाल व खुदिया फाटक में छापेमारी कर 11.52 लीटर विदेशी शराब और 84.5 लीटर बीयर को जब्त किया। मौके से एक अभियुक्त सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरा अभियुक्त अनिल उर्फ साढू भागने में सफल रहा। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक उत्पाद जोय हेंब्रम, अवर निरीक्षक उत्पाद जितेंद्र कुमार, अवर निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, अवर निरीक्षक श्वेता कुमारी, अवर निरीक्षक कुलदीप कुमार अभियान में शामिल थे द्य

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब दुकानें शनिवार शाम से सोमवार की शाम तक बंद हैं। ड्राई डे के दौरान बेकारबांध में बिहार की तर्ज पर शराब की होम डिलीवरी हो रही थी। धनबाद पुलिस ने शराब की फेरी करते बेकारबांध के दिलीप चौरसिया नामक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से आठ बोतल शराब पकड़ी गई। चुनाव के मद्देनजर लगातार अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ धनबाद पुलिस अभियान चला रही है। स्टेशन रोड रांगाटांड़ में पिछले 15 दिनों में दो बार अवैध शराब पकड़ी गई थी। रविवार को धनबाद थाना की पुलिस को सूचना मिली कि दिलीप चौरसिया ऑन डिमांड शराब की डिलीवरी कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और बोतल के साथ चौरसिया को पकड़ लिया।

### मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह सभी उम्मीदवारों को सौंपेंगा मांग पत्र

**धनबाद, एजेंसी।** मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह की बैठक रविवार को लुबी सर्कुलर रोड में हुई, जिसमें समाजसेवी उदय प्रताप सिंह एवं दिलीप सिंह उपस्थित हुए। अध्यक्षता अमरेंद्र कुमार झा व संचालन गोपाल सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि मिशन एयरपोर्ट धनबाद समूह ने बच्चों से मिलकर, बड़े, बुजुर्गो, जवानों से मिलकर मांग पत्र तैयार किया है। जो सभी उम्मीदवारों को दिया जाएगा। इसमें प्रमुख मांगो में यह शामिल किया गया है कि जो भी सांसद चुने जाते हैं, वे इन मांगों पर छह महीने बाद जनता दरबार लगाकर समीक्षा बैठक करें। मिशन एयरपोर्ट सहित विकास के अन्य मुद्दों पर क्या हुआ और क्या होना चाहिए व क्या हो सकता है, इस पर जमीनी रिपोर्ट। इसके साथ-साथ



रोजगार सृजन के लिए, प्रदूषण नियंत्रण के लिए, क्या कदम उठाए जाएंगे। धनबाद को देश के विकसित शहर में शामिल करने के लिए क्या कार्ययोजना तैयार की गई है, इसकी ससमय रिपोर्ट देंगे। बैठक में उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, अनिल कुमार जैन, अमरेंद्र कुमार झा, गोपाल सिंह, नीरज कुमार, डॉ दिलीप कुमार, अकलाख अहमद, अशोक चौधरी, सुनील सिंह, रवि केशरी, धीरज रवानी, आलोक चटर्जी, वीरू सिंह उपस्थित थे।

# अग्निवीरों को 4 साल में घर भेज रहे, मोदी को 5 साल चाहिए: श्रीनेत

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा-73 साल की उम्र के बाद भी पीएम मोदी को पांच साल और चाहिए। इसके लिए वे वोट मांग रहे हैं। जबकि चार साल की नौकरी के बाद युवा अग्निवीरों को 23 साल की उम्र में ही घर भेज रहे हैं। मोदी ने देश की सुरक्षा को ही ठेके पर दे दिया है। सियाचीन की ठंड से राजस्थान की गर्मी तक में देश की सुरक्षा में लगे जवानों को 4 साल की नौकरी का औचित्य क्या है।

रांची में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा-सत्ता में आते ही कांग्रेस अग्निवीर योजना को तत्काल प्रभाव से बंद करेगी। पहले वाली व्यवस्था लागू होगी। सरना धर्म कोड लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में चार चरण के चुनाव के बाद तस्वीर साफ हो चुकी है। चार जून के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इंडी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मुद्दे की बात नहीं करते। वे गजनी बन गए। पिछले दिनों बयान दिया कि मैं हिंदू-मुस्लिम करूं तो सार्वजनिक जीवन में नहीं रहूंगा। -शेष पेज 8 पर



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम जब तक जनता का पाई-पाई नहीं लौटा देते, वे जेल में सड़ते रहेंगे। वे जल्दी जेल से बाहर नहीं निकलने वाले हैं। उन्होंने जनता को धोखा दिया है। जनता के पैसे और जमीन लूटे हैं।

रांची में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा-भारतीय राजनीति के बेशर्म नंबर वन राजनीतिज्ञ अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया। उसी तर्ज पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी चल रहे हैं। क्या अब सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के मुंह में दही जमा है। आखिर वे क्यों नहीं आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से बरामद 35 करोड़ रुपए पर कुछ बोल रहे हैं। वे अपने मंत्री आलमगीर से इस्तीफा क्यों नहीं मांग रहे। इन लोगों में रत्ती भर भी शर्म और नैतिकता नहीं बची है। दरअसल देश में संविधान और लोकतंत्र खतरे में नहीं है। भ्रष्टाचारियों की जमात खतरे में है।

**दो सीएम को साजिश कर जेल भेज दिया :** सुप्रिया ने कहा कि कहा कि 2024 का चुनाव आम चुनाव की तरह नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि अगली बार आप वोट दे पाएंगे या नहीं। यह देश संविधान से चलेगा या नहीं। देश को बनाने वाले सत्ता में आएंगे या देश को एक रंग में रंगने की कोशिश करने वाले आएंगे। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि देश का संविधान बनाने वाले लोग आएंगे या खत्म करने वाले आएंगे। यह चुनाव राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनता लड़ रही है। दो-दो सीएम को साजिश करके जेल भेज दिया गया है।

**राहुल गांधी 53 वर्ष के, लेकिन अपरिपक्व नेता :** गौरव ने कहा कि राहुल गांधी 53 वर्षीय अपरिपक्व नेता हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है कि बहुसंख्यकवाद के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस पर्सनल लॉ को और मजबूत करेगी। तो क्या कांग्रेस हलाला, बहु विवाह को ठीक मानती है। क्या वह ट्रिपल तलाक को वापस लाएगी। उन्होंने केजरीवाल को राजनीति का दुर्योधन बताया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने दु:शासन विभव कुमार से अपनी सहयोगी रही राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की पिटाई कराई और चीरहरण की कोशिश कराई।

## संक्षिप्त समाचार

### आपने भी लगवाई है कोवैक्सीन, तो अब डरने की जरूरत नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना की वैक्सीन को लेकर हाल ही में कई डराने वाले दावे सामने आए थे। अब इन दावों को आईसीएमआर ने गलत बताया है। कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट पर बीएचयू अध्ययन पर आईसीएमआर ने एतराज जताया है। आईसीएमआर ने कहा कि हमें इस खराब डिजाइन वाले अध्ययन से नहीं जोड़ा जा सकता है, जिसका उद्देश्य कोवैक्सीन का सुरक्षा विश्लेषण प्रस्तुत करना है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने इस स्टडी के लेखकों और जर्नल के संपादक को एक पत्र लिखा है। सभी से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा गया है और इसके लिए एक शुद्धि-पत्र भी छापने को कहा है। उन्होंने अध्ययन की खराब कार्यप्रणाली और डिजाइन पर भी सवाल उठाए हैं।

### छत्तीसगढ़ में ड्रिल मशीन का ऊपरी हिस्सा चलती ट्रेन से टकराया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक अप्रत्याशित घटना सामने आई है। यहां एक एक बड़ी ड्रिलिंग मशीन का ऊपरी हिस्सा चलती ट्रेन से टकरा गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में कोलकाता से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) जा रही शालीमार एक्सप्रेस से एक बड़ी ड्रिल मशीन का ऊपरी हिस्सा टकरा गया। इस हादसे में दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गया। रायपुर के रेलवे जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे हुई जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर स्टेशन से आगे उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास स्थित एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि बाद में जांच करने पर पाया गया कि वह खंभा नहीं था, बल्कि खंभे के जैसा दिखने वाला बड़ा ड्रिल मशीन था।अधिकारी ने बताया कि जैसे ही ट्रेन रायपुर स्टेशन पहुंची, डॉक्टरों सहित रेल कर्मी प्रभावित कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि घायल व्यक्तियों में ट्रेन यात्री देवारी धीवर (30), सोमिल मंडल (12) और एक सफाई कर्मचारी नारायण चंद्र बाग शामिल है, जिन्हें यहां के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस झूठे दावों व फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने का सपना देख रही है

**कांगड़ा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के रण में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच हर रोज जुबानी जंग देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। अनुराग ठाकुर ने देहरा विधानसभा के गुलेर और हरिपुर गांव में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस पार्टी हार से डरी हुई है। कांग्रेस झूठे दावों और फेक वीडियो का सहारा लेकर चुनाव जीतने के सपने देख रही है। कांग्रेस जमीन से पूरी तरह कट चुकी है और उसके पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। इनके चेहरे भी फेक हैं, जो फेक न्यूज फैलाते हैं। यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने जा रहा है। कांग्रेस वाले झूठ फैला रहे हैं कि भाजपा अगर चुनाव जीतकर आती है तो आरक्षण और संविधान को खत्म कर देगी। लेकिन, देश की जनता जानती है कि आपातकाल किसने लगाया था। देश के संविधान को 62 बार किसने बदला। एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीनकर मुसलमानों को किसने दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी कंगना रनौत के लिए मांगेंगे वोट




**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए आखिरी चरण में पहली जून को होने वाले मतदान से पहले दिग्गजों के चुनाव प्रचार में उतरने से सियासी माहौल में गरमाहट पैदा होगी। भाजपा के चुनाव प्रचार को रफ्तार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को हिमाचल के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शिमला संसदीय सीट के अंतर्गत नाहन और मंडी संसदीय सीट के तहत मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मंडी से भाजपा प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत और शिमला से सुरेश कश्यप के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। मंडी में भाजपा की कंगना का मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह से होगा। यह सीट वर्तमान में कांग्रेस के कब्जे में है। विक्रमादित्य सिंह की माता व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह यहां की वर्तमान सांसद है। कंगना के चुनाव मैदान में उतरने से यह सीट हाईप्रोफाइल बन गई है और यहां रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। वहीं, शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप को उतारा है। वहीं कांग्रेस ने युवा विधायक विनोद सुल्तानपुरी पर दांव खेला है। यह सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट है, लेकिन पिछले 15 वर्षों से यहां भाजपा का कब्ज़ा है। इस बीच प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रदेश भाजपा तैयारियों में जुट गई है। पीएम की रैलियों में भारी भीड़ जुटाकर भाजपा चुनाव में मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि पीएम मोदी 24 मई को नाहन और मंडी में रैलियों को संबोधित करेंगे। मोदी पूर्वान्ह 11 बजे नाहन के चौगान मैदान और दोपहर एक बजे मंडी के पड्डल मैदान में रैलियों को संबोधित करेंगे। बिंदल ने रविवार को नाहन भाजपा मंडल की बैठक में प्रधानमंत्री की रैली को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर हिमाचल प्रदेश की जनता हमेशा उत्साहित रहती है। जब भी वह प्रदेश की तरफ रुख करते हैं तो कार्यकर्ताओं और जनता के बीच एक नई ऊर्जा का संचालन होता है। बिंदल ने कहा कि हिमाचल में 57,11,969 मतदाता इस बार चुनाव में वोट डालेंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी अंतिम सूची में 28,48,301 पुरुष व 27,97,209 महिला व 35 ट्रांस जेंडर मतदाता प्रदेश में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक-एक मतदाता का लगाव है। बिंदल ने कहा कि जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को पिछड़ने और तोड़ने का काम किया है। अगरयूपीए सरकार की तुलना वर्तमान एनडीए सरकार के साथ करें तो फर्क साफ होगा कि एनडीए शासन में भारत ने 100 गुना तरक्की की है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस सरकार ने भारत को 100 साल पीछे कर दिया था उनका देश की प्रगति से किसी भी प्रकार का लगाव नहीं था।

### शिवपुरी में बिजली के केबल की ओवरहीटिंग से धुंआ निकलने की घटना हुई जिसका थिंक गैस के पीएनजी से कोई संबंध नहीं

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी में थिंक गैस की इमर्जेंसी टीम को टांगरापली रोड पर एक ड्रेनेज क्षेत्र से धुंआ निकलने के बारे में शिकायत मिली। टीम के घटनास्थल पर पहुंचने और जांच करने पर यह पुष्टि हुई कि घटनास्थल के आसपास थिंक गैस की कोई गैस पाइपलाइन नहीं है।

अन्य जनोपयोगी इकाइयों के अधिकारी, नगर पालिका, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पुष्टि की कि एक बिजली के खंभे से बिजली लीक होने की वजह से यह धुंआ निकला। थिंक गैस सभी भागीदारों को यह स्पष्ट करना चाहेगी कि इस घटना के लिए वह किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है।

यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि थिंक गैस सुरक्षा के बहुत उच्च मानकों का पालन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। एमडीपीई पाइपलाइनों को बिछाने सहित गैस वितरण नेटवर्क के विकास में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा तय नियमनों और अंतरराष्ट्रीय मानकों का कड़ाई से पालन किया जाता है। पाइपलाइन बिछाने की सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाती है और नियामक निकाय द्वारा मान्य थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसियों से इसका प्रमाण पत्र लिया जाता है। नेटवर्क के साथ रूट मार्कर स्थापित किए जाते हैं ताकि सभी बाहरी एजेंसियों को जमीन के नीचे डाली गई पाइपलाइन की जानकारी रहे और उन अनाधिकृत गतिविधियों से बचा जा सके जिनसे पाइपलाइन को नुकसान पहुंच सकता है। अत्याधुनिक स्कैडा सिस्टम से इस पाइपलाइन की चौबीसों घंटे और सातों दिन निगरानी की जाती है। थिंक गैस की टीम ने पारदर्शी तरीके से धुंआ निकलने की घटना की जांच में स्थानीय अधिकारियों की मदद की और इस घटना की जांच में अधिकारियों को हमारी तरफ से हर तरह का सहयोग जारी रहेगा। थिंक गैस प्राकृतिक गैस का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### केजरीवाल पर हो सकता है जानलेवा हमला, दी गई धमकी; आप का बड़ा दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले की आशंका जाहिर की है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर साजिश रचने के आरोप लगाते हुए सनसनीखेज दावे किए। संजय सिंह ने पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और मेट्रो के भीतर धमकी लिखे जाने का दावा करते हुए कहा कि यदि केजरीवाल पर हमला हुआ तो भाजपा इसके लिए जिम्मेदार होगी।

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेस कांफ्रेस कर आरोप लगाया है कि अंकित गोयल नाम के एक शख्स ने मेट्रो स्टेशन पर केजरीवाल पर हमले की धमकी लिखी है। उन्होंने कहा कि उसकी भाषा वही है जिसका इस्तेमाल भारतीय जनता पार्टी हर दिन करती है। संजय सिंह ने कहा, जब से अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, लगातार यह प्रयास हो रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी गृहमंत्री ने सवाल उठा दिया। इतने बौखलाए हुए हैं कि अरविंद केजरीवाल को किसी तरह की हानि पहुंचाने को तैयार हैं। मैं यहां तक कहना चाहता हूं कि ऐसे हमले की योजना करने के लिए तैयार हैं जिसमें उनकी जान भी जा सकता है। मेट्रो स्टेशन पर लिखकर धमकी दी जा रही है, हमले की धमकी दी जा रही है। संजय सिंह ने भाजपा के साथ ही पीएमओ पर भी साजिश रचने का आरोप जड़ दिया।

### राजस्थान बोर्ड ने जारी किया रिजल्ट, बेटियों ने मारी बाजी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कला, विज्ञान और वाणिज्य के नतीजे सोमवार को दोपहर 12.15 बजे जारी कर दिए गए है। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा तीनों परिणाम एक साथ जारी किया। उन्होंने बताया कि विज्ञान विषय का परिणाम 97.73 प्रतिशत, कला वर्ग का परिणाम 96.88 तो वहीं कॉमर्स का रिजल्ट 98 .95 फीसदी रहा। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि साइंस, कला और कॉमर्स रिजल्ट में लड़कियों ने बाजी मारी है। बता दें कि पिछले वर्ष कॉमर्स रिजल्ट का 96.60 प्रतिशत, साइंस का रिजल्ट 95.65 प्रतिशत और आर्ट्स का रिजल्ट 92.32 प्रतिशत रहा था। सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि परीक्षाओं में 8 लाख 66 हजार 270 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। वरिष्ठ उपाध्याय में 3671 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

# बाबा केदार के दर्शन को जुटे सबसे ज्यादा भक्तजन, टूटे सारे रिकॉर्ड




**देहरादून, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा में बाबा केदार के दर्शन को सबसे ज्यादा भक्तजन जुट रहे हैं। 10 मई से शुरू हुई यात्रा में अब तक आए श्रद्धालुओं में करीब 45 फीसदी केदारनाथ मंदिर में आए हैं। जबकि बाकी 55 फीसदी श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम, गंगोत्री, यमुनोत्री मंदिर के दर्शन किए हैं।

15 किमी के मुश्किल पर्वतीय रास्ते पर हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए हर दिन हजारों श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच रहे हैं। रविवार देर शाम तक चारधाम में छह लाख 40 हजार 586 श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। इनमें अकेले केदारनाथ में 2.81 लाख श्रद्धालु आए हैं।

चारधाम की यात्रा शुरू होते ही तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। एमपी, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के अन्य राज्यों से तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से यात्रा रूट पर कभी-कभी जाम की स्थिति भी बन रही है। चारधाम यात्रा रूट पर पुलिस-प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर अन्य सुविधाएं दुरस्त हैं। ट्रैफिक को नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स भी तैनात किया है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यात्रा सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। रविवार को सुबह 8 बजे तक गंगोत्री धाम में दो हजार से अधिक और यमुनोत्री धाम में डेढ़ हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि तीन हजार श्रद्धालु अभी धाम में मौजूद हैं। इसी तरह जानकीचट्टी से लेकर यमुनोत्री धाम तक लगभग सात हजार यात्री अभी मौजूद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 8 बजे तक गंगोत्री मार्ग पर उत्तरकाशी में 40, हीना और नेताला में 10, हर्षिल में 6 और गंगोत्री में 350 वाहनों को होल्ड पर रखा गया है।

जबकि नगुण से 35, उत्तरकाशी से 35 हीना और नेताला से 80, गंगनानी से 150 वाहनों को गंगोत्री धाम की तरफ रवाना करवाया जा चुका है। यमुनोत्री रूट पर पालीगाड़ में 19, खरादी में 50 और खरसाली-जानकीचट्टी में लगभग 425 वाहन अभी होल्ड पर हैं।

इस मार्ग पर डामटा से 70, बड़कोट-दोबाटा से 200 से वाहनों को आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करवाया गया है। इस समय तक जानकीचट्टी-खरसाली से 95 वाहनों को वापसी यात्रा के लिए रवाना करवाया जा चुका है।

यात्रा प्रबंधन के लिए विभिन्न विभागों और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मुस्तदी से जुटे है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रा मार्गो पेयजल, टॉयलेट्स व साफ-सफाई की अतिरिक्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सफाई की नियमित व्यवस्था करने के साथ ही यात्रियों के सहारे और सुविधा के लिए पहाड़ी की तरफ वाले हिस्सों में भी रेलिंग लगाई गई है।

### व्हाट्सऐप मैसेज पर तीन पर लिखा तलाक, पत्नी पहुंची पुलिस थाने; आरोपी गिरफ्तार

**आदिलाबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में व्हाट्सऐप मैसेज के जरिए तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। आदिलाबाद पुलिस ने इस आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अब्दुल अतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आदिलाबाद के महिला पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर जी श्रीनिवास ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, अतीक ने साल 2017 में जैस्मीन नाम की लड़की से शादी की थी। उनकी 2 बेटियां हैं। दो साल से पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहे थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि साल 2013 में जैस्मीन ने अपने पति अब्दुल अतीक के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। इसके बाद वह अदालत गई और भरण-पोषण के लिए पैसे की मांग की। कोर्ट ने फैसला सुनाया और पति को पत्नी को प्रति माह 7,200 रुपये देने का आदेश दिया। हालांकि, जैस्मीन से अब्दुल अतीक कहता रहा कि उसे कोई पैसा नहीं देने वाला है। इस पर जैस्मीन ने फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाया।

### होने वाले पति संग बिताने आई थी कुछ पल; नोएडा के होटल में आग से पहले ही मेहमान की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-104 में स्थित एक होटल मून लाइट में शनिवार शाम आग लग गई। घटना में एक युवती की मौत हो गई तो उसके साथ आया दूसरा युवक जख्मी हो गया। आग की लपटें भले ही कुछ ही देर में शांत हो गईं, लेकिन इसमें दो परिवारों की खुशियां जलकर खाक हो गईं। जान गंवाने वाली फिजियोथेरेपिस्ट पलक की शादी होने वाली थी और वह अपने होनो वाले पति के साथ कुछ पल बिताने के लिए होटल में आई थी। वह होटल की पहली मेहमान थी।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिस होटल में आग लगने के बाद हादसा हुआ वह बिहार के विमलेश झा का है। इसे उन्होंने शामली के आकाश शर्मा को लीज पर दे दिया है। अभी होटल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बावजूद इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई। हादसे में जिस युवती ने जान गंवाई है, बताया जा रहा है कि वह होटल की पहली ग्राहक थी। जिस समय हादसा हुआ युवती तरुण के साथ एक ही कमरे में थी। बताया जा रहा है कि तरुण और पलक की शादी तय हो गई थी।

जांच में यह भी सामने आया है कि होटल में फायर फाइटिंग सिस्टम तो लगे थे, पर वह काम नहीं कर रहे थे। आग बुझाने की तैयारी अधूरी ही थी। आग होटल की चौथी मंजिल पर एसी की फिटिंग के दौरान शार्ट सर्किट से लगी। युवती पलक और युवक तरुण होटल के छठे मंजिल पर बने कमरे में उस समय मौजूद थे। धुआं शरीर के अंदर पहुंचने से युवक और युवती बेहोश हो गए थे। दोनों ने दोपहर एक बजकर 30 मिनट के आसपास होटल में एंट्री की थी। करीब तीन घंटे बाद हादसा हुआ।

### पूर्व रेलवे ने माल वैगन लोडिंग में शानदार वृद्धि दर्ज की



निज संवाददाता

**कोलकाता।** पूर्व रेलवे को माल परिवहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के अपने सतत प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। मई 2024 के पहले 10 दिनों में, पूर्व रेलवे ने उल्लेखनीय वृद्धि का प्रदर्शन किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वैगन लोडिंग में 25.03 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। 1 से 10 मई, 2024 तक पूर्व रेलवे ने प्रभावशाली रुप से कुल 47,653 वैगन लोडिंग की, जो 2023 में इसी अवधि के दौरान दर्ज की गई 38,113 लोडिंग से काफी अधिक है। यह पर्याप्त वृद्धि दक्षता बढ़ाने और बाजार की बढ़ती मांग की आपूर्ति के लिए पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में वैगन लोडिंग में उल्लेखनीय 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में उत्कृष्ट प्रदर्शन हासिल किया है। 1 अप्रैल से 10 मई, 2024 तक, पूर्व रेलवे पर वैगनों की लोडिंग सराहनीय रूप से 177,824 तक पहुंच गई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 136,603 थी। पूर्व रेलवे पर औसत दैनिक वैगन लोडिंग में भी 1 अप्रैल से 10 मई, 2024 तक 30.19 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो पूर्व रेलवे के निरंतर विकास पथ और परिचालन उत्कृष्टता को उजागर करता है। पूर्व रेलवे अपने ग्राहकों की सेवा जारी रखने और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए और अधिक नवाचार और दक्षता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चंद्रयान-3 से इतिहास रचने वाले इसरो चीफ का बड़ा बयान, मंदिरों में सिर्फ भगवान का नाम...




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पिछले साल इसरो के तीसरे मून मिशन चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग करवाकर इतिहास रचने वाले इसरो चीफ एस सोमनाथ ने अहम बयान दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह ह्की पहल युवाओं को उपासना स्थलों पर लाने में मदद करेगी। केरल की राजधानी स्थित श्री उदियानूर देवी मंदिर द्वारा शुरुआत किए गए एक पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमनाथ ने कहा कि मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिए जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इसे समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए।

उन्होंने मंदिर प्रबंधन से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने का आग्रह किया। उन्होंने इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी. माधवन नायर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, मुझे उम्मीद थी कि इस पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में युवा आएंगे, लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। मंदिर प्रबंधन को उन्हें मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने की दिशा में काम करना चाहिए। मंदिरों में पुस्तकालय क्यों नहीं बनाए जाएं? सोमनाथ ने कहा कि इस तरह की पहल से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकर्षित करने में मदद मिलेगी, जहां वे अध्ययन कर सकते हैं, शाम में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर मंदिर प्रबंधन इस दिशा में काम करेगा तो इससे बड़े बदलाव आएंगे। समारोह में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व मुख्य सचिव के. जयकुमार और विधायक वी. के. प्रशांत भी शामिल थे।

### पीएम मोदी का विश्वास डगमगा गया, शरद पवार बोले- 50 फीसदी सीटों पर जीत रही महाविकास अघाड़ी

**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीपी (शरद) के अध्यक्ष शरद पवार ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास इस बार डगमगा गया है इसीलिए वह महाराष्ट्र पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि इस बार महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में कम से कम 50 फीसदी सीटें जीत रहा है। वहीं वंशवाद के आरोपों पर पवार ने कहा कि एक डॉक्टर का बेटा अगर डॉक्टर बन सकता है तो राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता। बाकी उसकी सफलता और असफलता उसकी क्षमता पर निर्भर करती है।

शरद पवार ने कहा, मां-बाप के चरणचिह्नों पर चलना कोई अपराध नहीं है। 400 पार के दावे को लेकर पवार ने कहा कि यह बहुत ही अजीब दावा है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि किस आधार पर यह नारा दिया गया है। मुझे तो यह भी शक है कि बीजेपी बहुमत के आंकड़े तक पहुंच पाएगी। दक्षिणी राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन ना के बराबर है। वहीं मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी में भी इस बार स्थिति अच्छी नहीं है।

उन्होंने कहा, चार चरणों के मतदान के मुताबिक मोदी की अगुआई वाले गठबंधन को हराना कोई बड़ी बात नहीं है। जहां तक बात है हमारे प्रधानमंत्री पद के चेहरे की तो चुने हुए सांसद ही इसका फैसला करेंगे। कुछ दशक पहले मोरारजी देसाई सांसदों को सांसदों ने ही प्रधानमंत्री के रूप में चुना था। तब जयप्रकाश नारायण ने नई सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

प्रीमियर लीग

### मैनचेस्टर सिटी ने जीता लगातार चौथा ईपीएल खिताब, कुल आठवीं बार जीती ट्रॉफी



**मैनचेस्टर, एजेंसी।** 91 अंक के साथ सिटी पहले स्थान पर रही जबकि आर्सेनल के 89 अंक रहे और वह दूसरे स्थान पर रहा। उसने एवर्टन को 2-1 से पराजित किया। सिटी पहली टीम बन गई जिसने लगातार चार बार ईपीएल की ट्रॉफी जीती है। सिटी का यह सात सत्रों में छठा ईपीएल खिताब है। सिटी के कोच पेप गॉर्डियोला की टीम को यह खिताब पक्का करने के लिए वेस्ट हेम को हराना जरूरी था।

#### कोच क्लोप की जीत से विदाई

जुर्जेन क्लोप ने लिवरपूल के लिए कोच के तौर पर अपना आखिरी मैच खेला और टीम ने उन्हें जीत से विदाई दी। लिवरपूल ने वोल्व्स को 2-0 से हराया।

### दीप्ति ने विश्व पैरा चैम्पियनशिप में 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण




**कोबे (जापान), एजेंसी।** भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था।

तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी।

टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिए हैं।

### मनु बनीं ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर, आठ में से चार बार जीतीं, दो इवेंट में चुनी जाएंगी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** मनु भाकर ओलंपिक चयन ट्रायल की सबसे सफल शूटर बनकर उभरी हैं। हरियाणा की इस शूटर ने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल के कुल आठ में से चार ट्रायल में जीत हासिल की। मनु दोनों ही इवेंट में पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी जाने वाली टीम में शीर्ष पर हैं। राइफल और पिस्टल इवेंट के ट्रायल में बड़ा झटका ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले शूटरों को लगा है। कुल आठ इवेंट (10 मीटर एयर राइफल, पिस्टल, 50 मीटर थ्री पोजीशन (पुरुष, महिला), 25 मीटर पिस्टल महिला, 25 मीटर रैपिड फायर पुरुष) के लिए शीर्ष दो स्थान पर रहकर 15 शूटरों ने ओलंपिक टीम के लिए दावा जताया है। इन 15 शूटरों में सिर्फ सात शूटर ऐसे हैं, जिन्होंने ओलंपिक कोटा देश को दिलाया था।

#### एलावेनिल विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीतीं

मनु 15 शूटरों में एकमात्र ऐसी शूटर हैं, जिन्होंने दो इवेंट के लिए ओलंपिक ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने रविवार को 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 240.8 का स्कोर कर जीत हासिल की।

पेरिस पैरालंपिक

# पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट्स का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास एल वाई ने पेरिस में होने वाले पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सुकांत पहली बार पैरालंपिक में भाग लेंगे। वह पुरुषों की एससल-4 श्रेणी में हिस्सा लेंगे। उनके अलावा तरुण और सुहास एलवाई ने भी एसएस-4 श्रेणी के लिए टिकट हासिल किया है। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। एसएल-3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल 6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया।

पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं। कदम ने कहा,'यह मेरे लिए सपने का साकार होने जैसा है। मैंने पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह सपने का अंत नहीं है। मैं इस सपने का अंत पदक जीतकर और भारत को गौरवान्वित करके करना चाहूंगा।' वह इस समय बहरीन में पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

#### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन के नतीजे

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को जापान के कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला।

निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे।

टी47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया। टी 35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है।

दीप्ति जीवनजी ने महिला टी20 400 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 56.18 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय से अपनी हीट रेस जीती। चीन 26 पदक के साथ तीसरे दिन तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम अभी 29वें स्थान पर है। चैंपियनशिप 25 मई तक चलेगी।

## सुहास-सुकांत ने किया क्वालिफाई



## इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब




● इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया।

**रोम, एजेंसी।** लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंज़ल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया।

इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंज़ल डमफ्रिज़ ने किया। एक राउंड शेष रहते इंटर ने 93 अंक अर्जित कर लिए हैं, जबकि लाजियो ने सातवां स्थान हासिल किया।

# विराट कोहली ने क्रिस गेल को जर्सी गिफ्ट दी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने क्रिस गेल से अगले साल इंम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आईपीएल में वापस आकर खेलने का अनुरोध किया। उन्हें आरसीबी की जर्सी भी भेंट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

दरअसल 18 मई को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन को हरा कर प्ले ऑफ में पहुंचा। मैच के बाद आरसीबी से खेल चुके पूर्व खिलाड़ी क्रिस गेल टीम का हौसला अफजाई करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। गेल आईपीएल से रिटायरमेंट ले चुके हैं और वह अभी रिटायर खिलाड़ियों के लीग में खेलते हैं।

विराट गेल से हंसते हुए कहते हैं कि काका अगले साल वापसी करना, इम्पैक्ट प्लेयर नियम अभी चालू है। अब आपको फील्डिंग करने की जरूरत नहीं है, यह आपके लिए डिजाइन किया गया है। वहीं गेल ने विराट से कहा इस सीजन में मैक्सिसम छक्के, हां, गेल ने पूछा कितना? 37 कोहली ने जवाब दिया।

#### कोहली आईपीएल में इस सीजन टॉप स्कोरर हैं

कोहली इस सीजन आईपीएल टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने अब तक खेले 14 मैचों में 155.60 की स्ट्राइक रेट से 708 रन बनाए हैं। जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं उन्होंने 59 चौके और 37 छक्के भी जड़े हैं।

#### आरसीबी एलिमिनेटर में राजस्थान से भिड़ेगा

आरसीबी पॉइंट टेबल में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। आईपीएल के लीग राउंड के 14 मैचों में से उसे 7 मैचों में जीत और 7 मैचों में हार मिली है।

आरसीबी 9 वीं बार प्ले ऑफ में पहुंचा है। आरसीबी अब ट्रॉफी नहीं जीती है। बेंगलुरु बुधवार को एलिमिनेटर में तीसरे स्थान पर रहने वाली राजस्थान के साथ खेलेगी। राजस्थान 17 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर है।

# टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे ये दो आक्रामक बल्लेबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। 22 वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिए डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं। बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं। इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जायेंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल प्लेऑफ खेलने के बाद टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पांच जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।




# इंग्लैंड वर्सेस पाकिस्तान टी-20 सीरीज की 22 मई से शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले कुछ ही दिनों में टी20 वर्ल्ड कप का आगाज हो जाएगा. इससे पहले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें अन्य टीमों के खिलाफ टी20 सीरीज खेलकर टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार करने में जुटी हैं.

इस कड़ी मे इंग्लैंड की टीम अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ 4 टी20 मैचों की सीरीज खेलकर वर्ल्ड कप से पहले अपनी तैयारियों का जायजा लेने उतरेगी. इंग्लैंड की टीम इस बार अपना खिताब बचाने के लिए वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित हो रहे इस टी20 वर्ल्ड कप में उतरेगी. पिछली बार उसने ऑस्ट्रेलिया में ही पाकिस्तान को हराकर इस खिताब पर कब्जा जमाया था.

#### जोस बटलर के नेतृत्व में अ20 वर्ल्ड कप बचाने उतरेगा इंग्लैंड

जोस बटलर के नेतृत्व में टी20 वर्ल्ड कप 2022 जीतने वाली इंग्लैंड ने एक बार फिर खिताब बचाने की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर डाली है.

इंग्लैंड के खिलाड़ी इस सीरीज से पहले भारत में आयोजित हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग में अलग-अलग फ्रैंचाइजियों से जुड़कर खेल रहे थे. अब इंग्लैंड के टी20 वर्ल्ड कप में चुने गए खिलाड़ी पाकिस्तान से सीरीज के लिए स्वदेश लौट आए हैं. वे आईपीएल में प्लेऑफ का हिस्सा नहीं रहेंगे.

# लोग इस टीम को याद रखेंगे, डीके ने दिया संन्यास का इशारा, धोनी से पहले किया था डेब्यू

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के बाद संन्यास के संकेत दिए हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने आरसीबी के फिनिशर के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिहाज से बेहद अहम मैच में शनिवार रात उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 6 गेंदों में 14 रन की प्रभावी कैमियो पारी खेली और टीम की 27 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। 2022 संस्करण से पहले, डीके को केकेआर ने रिलीज किया तो आईपीएल मेगा ऑक्शन में उन्हें आरसीबी ने 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2015 सीजन के बाद कार्तिक का यह आरसीबी के साथ यह दूसरा कार्यकाल है।

#### लोग हमारी टीम याद रखेंगे

दिनेश कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा, 'लोग कुछ सफर को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीतने थे। लोग इस टीम को याद रखेंगे। इस टूर्नामेंट में हर साल सात मैचों के बाद ऐसी एक या दो टीमें जो सिर्फ एक या दो मैच जीती होंगी, हमें याद करके कहेंगी कि आरसीबी ने यह कर दिखाया था और हम भी कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप इसी के लिए क्रिकेट खेलते हैं जिसमें लोग आपका अनुकरण करेंगे और विश्वास करें कि वे




भी कुछ खास कर सकते हैं। यह आसान नहीं है। हमने जो हासिल किया, वह बहुत खास है।'

#### दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल करियर

अगले महीने 39 साल के होने वाले दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद से उन्हें सिलेक्टर्स ने टीम में एंट्री नहीं दी। इंग्लैंड के खिलाफ सितंबर 2004 में वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले कार्तिक लगातार टीम से अंदर-बाहर होते रहे। उन्हें भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल में क्रमश- 1025, 1752 और 686 रन बनाए हैं।

## एमएस धोनी ने टाला संन्यास का फैसला!

**चेन्नई, एजेंसी।** ऐसा कम ही होता है कि मैदान से बाहर गया 110 मीटर का छक्का बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए ही खतरा साबित हो जाए, लेकिन शनिवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में एमएस धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए ठीक ऐसा ही हुआ, जब आईपीएल 2024 में करो या मरो के मुकाबले में धोनी ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पेसर यश दयाल को जोरदार छक्का लगाया। गेंद खो गई थी और उसे बदलना पड़ा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को सूखी गेंद मिली, जिस पर कंट्रोल करना उनके लिए आसान था। अगली बॉल पर उन्होंने धोनी को स्लोअर बॉल फेंककर बाउंड्री के किनारे कैच आउट करवा दिया।



चेन्नई न सिर्फ मैच हारी बल्कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई इस तरह धोनी चेपॉक में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेलने के वादे को पूरा नहीं कर सके। इस हार के बाद 42 वर्षीय महान क्रिकेटर रविवार की सुबह आईपीएल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना होने वाले पहले क्रिकेटर थे। वैसे सीएसके खेमे में यह धारणा बनी हुई है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार की हार शायद धोनी की आखिरी हार नहीं होगी।

## एक नजर

### पूर्व जिलाध्यक्ष की तीसरी मनी पुण्यतिथि

**गोह(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड मुख्यालय में बिहार लोहार अनुसूचित जनजाति जागृति मंच के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व दारोगा विश्वकर्मा की तीसरी पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने की। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला व सीख लेने की बात कही। कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन काफी मजबूत हुआ। अब इसे आगे लेकर चलना हम लोगों की जिम्मेवारी है। इस मौके पर झौरी विश्वकर्मा, डा. मंजय कुमार, लवकुश कुमार, धनंजय विश्वकर्मा, लड्डू कुमार आदि थे।

### पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त धराया, गया जेल

**ओबरा(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जम्होर थाना क्षेत्र के मखरा निवासी शर्मा यादव को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने बताया कि रविवार को एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ से जुड़ी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें वह आरोपी था। इस प्राथमिकी में पॉक्सो व एससी एसटी एक्ट की धाराएं लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### जैतिया में पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र खुला

**गोह(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के जैतिया गांव में पीएनबी रुकुन्दी का ग्राहक सेवा केंद्र सोमवार को खुला। बैंक के असिस्टेंट मैनेजर धीरज कुमार व कैशियर अमित कुमार ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। संचालक रंजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बैंक कर्मियों ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। छोटी रकम जमा-निकासी के लिए अब मेन ब्रांच आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहीं से लोग अपना काम कर सकते हैं। संचालक को भी ईमानदारी के साथ काम करने व ग्रामीणों का सहयोग करने की बात कही। इस मौके पर श्रीनिवास पाठक, बंटी कुमार, प्रकाश कुमार, गणेश यादव, मनोज कुमार आदि थे।

### पुलिस ने किया ईंट भट्ठे पर शराब बनाने के उपकरण को नष्ट

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रिसियप पुलिस ने थानाक्षेत्र के अमौना ईट भट्ठे पर छापेमारी कर 500 लीटर कच्चा जावा महुआ विनष्ट किया है। साथ ही शराब निर्माण से जुड़े उपकरण तहस-नहस किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ईट भट्ठे पर अवैध तरीके से शराब का निर्माण किया जा रहा है। इस आधार पर यह छापेमारी की गई। पुलिस की भनक लगते मजदूर भट्ठा छोड़कर भाग गए। उनके झोपड़ियां की तलाशी ली गई जिसमें जावा महुआ मिला। महुआ विनष्ट कर दिया गया है। शराब बनाने के उपकरण भी मिले जिसे तहस-नहस कर दिया गया है।

### डायन बताकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा निवासी पारस पासवान को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पिछले दिनों डायन बताकर मारपीट करने से जुड़ी एक प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई गई थी जिसमें पारस आरोपी था। गुप्त सूचना के आधार पर उसकी गिरफ्तारी उसके घर से की गई है।

# चुनाव खत्म होने से पहले ही लोजपा (आर) नेता प्रमोद सिंह ने शुरू की विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बैठक को संबोधित करते एलजेपीआर नेता औरंगाबाद(एसएनबी)। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की पूरी चुनावी प्रक्रिया खत्म होने के पहले ही पांचवें चरण के मतदान के दिन से ही औरंगाबाद के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक गंभीर उम्मीदवार माने जा रहे लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने चुनावी तैयारी आरंभ कर दी है। सिंह ने सोमवार को औरंगाबाद शहर के सत्येंद्रनगर स्थित अपने आवास पर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के एलजेपीआर कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में एलजेपीआर नेता ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव का रण हर हाल में जीतना है। इसके लिए अभी से ही तैयारी करनी होगी। यह नही देखना होगा कि अभी विधानसभा चुनाव का वक्त आने में एक साल की देरी है। हम सबकों कल करे सो आज कर, आज करे सो अब के तर्ज पर काम करना होगा। इस तर्ज पर जब हम सब मिलकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से जीत हमारी होगी। आपलोग कदम से कदम मिलाकर हमारा साथ देते आए है। आगे भी आप साथ देते रहे है। आपके साथ का मैं आभारी और ऋणी हूं। इसे मैं चुका नही सकता। जैसे आप सब मेरे साथ है, वैसे ही मैं भी आप सबके हर सुख-दुःख में बराबर साथ रहता हूं और आगे भी रहूंगा। आपके साथ रहने और चुनाव मैदान में भी साथ रहने से कभी पीछे नही हटने वाला हूं। कहा कि चुनाव मैं नही लड़ता हूं, आप सब लड़ते है। मैं सिर्फ अकेला प्रमोद नही हूं, आप सभी प्रमोद है। आप सभी के आशीर्वाद से मैंने दो-दो बार रफीगंज से विधानसभा चुनाव लड़ा। पहली बार लोजपा से लड़ा। दूसरी बार टिकट से वंचित हो गया लेकिन आपलोगों ने मुझे जनता का उम्मीदवार बनाया। जनता का उम्मीदवार बनाकर निर्दलीय चुनाव लड़ाया। आपने चुनाव ही नही लड़ाया बल्कि जी भर के प्यार और इतना आशीर्वाद दिया कि हमें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर बिहार में दूसरा स्थान पाने वाला उम्मीदवार बनने का गौरव मिला। आप चाहते है कि मैं 2025 के विधानसभा चुनाव में रफीगंज से पुनः उम्मीदवार बनूं, तो फिर कह रहा हूं कि इसके लिए आप सभी लोगों को स्वयं को प्रमोद सिंह बनना होगा। रफीगंज से विधायक बनाने की आपको चाहत का दिल से सम्मान करता हूं। आप सब मुझे रफीगंज का विधायक बनाकर अपनी आवाज बनाना चाहते है। निःसंदेह मैं आपकी आवाज बनुंगा। विधायक बनने पर आपकी आवाज को विधानसभा में उठाउंगा।आप चाहते है कि आपकी समस्याओं को लेकर मैं सदन में जाऊं। किसानों की समस्या, बेरोजगार युवाओं की समस्या किसानों की समस्या उठाउं, तो आप यह भी जानते है कि मैं किसान का बेटा हूं। किसानों का दर्द क्या होता है। बेरोजगारी क्या चीज होती है, मैं यह सब भली भांति जानता हूं। मैं किस प्रकार से आगे बढ़ा हूं, यह आपलोगों से छुपा हुआ नहीं है। मैं वैसे उम्मीदवारों में नही हूं जो पैराशूट से टिकट लेकर आते हैं और जात-पात कर विधायक बन जाते हैं और आपकी समस्या को उठाने वाला कोई नहीं रहता है। मैं 13 साल से रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा हूं। आपके हर सुख-दुःख में शामिल होते रहते है। हम आपके साथ खड़े रहते हैं। इसलिए आप सभी लोग अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाइए। निःसंदेह विजय होगी। यह विजय मेरी नही आपकी होगी। बैठक में मदनपुर प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार, भोला बाबू, सतीश सिंह, प्रो. संतोष सिंह, प्रताप सिंह, सुनील सिंह, आनंद सिंह, रणधीर सिंह, रामनाथ सिंह, निखिल कुमार, विनय कुमार सिंह, शिवदयाल यादव, देवेश सिंह, अजय पासवान, ज्ञानदत्त मिश्रा, छोटन सिंह, रत्नेश सिंह, टिंकू गुप्ता एवं कारू गुप्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# इंटर स्तरीय संस्थानों में 12वीं की मासिक परीक्षा आज से शुरू

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से जुड़े इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों में 12वीं की मासिक परीक्षा मंगलवार से शुरू होनी है। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बोर्ड के द्वारा संस्थाओं को प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई है। संस्थान प्रधानों के द्वारा भी इसकी तैयारी की गई है। यह परीक्षा 3 जून तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 6:30 से 8 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा सुबह 8:30 से 10 बजे तक होगी। परीक्षा का कार्यक्रम भी बोर्ड के द्वारा तय कर दिया गया है। पहले दिन पहले पाली में विज्ञान विज्ञान संकाय की भौतिकी, वाणिज्य संख्या की एंटरप्रेन्योरशिप तथा कला संकाय की दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह पहले दिन दूसरी पाली में विज्ञान संकाय की रसायन शास्त्र, वाणिज्य संकाय की अकाउंटेंसी तथा कला संकाय की राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा होगी। 22 मई को पहली पाली में विज्ञान व कला संकाय की गणित तथा दूसरी पाली में विज्ञान संकाय की जीव विज्ञान वाणिज्य संके की बिजनेस स्टडी तथा कला संकाय की भूगोल विषय की परीक्षा होगी। 27 मई को पहली पाली में सभी संकायों की अंग्रेजी तथा दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा होगी। 28 मई को पहली पाली में सभी संकायों की भाषा जिसका चयन छात्रों के द्वारा किया गया है तथा दूसरी पाली में कला संकाय की मनोविज्ञान विषय की परीक्षा होगी। 29 मई को पहली पाली में विज्ञान संकाय की कृषि विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय की अर्थशास्त्र तथा दूसरी पाली में कला संकाय की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। 30 मई को पहली पाली में कला संकाय की इतिहास तथा दूसरी पाली में संगीत की परीक्षा होगी। 3 जून को पहली पाली में कला संकाय की गृह विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। अंबा के महिला कॉलेज की प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी छात्राओं का परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। 12वीं की मासिक परीक्षा में कई छात्रों को तय किए गए समय की वजह से परेशानी हो रही है। छात्रों ने बताया कि परीक्षा 6:30 बजे से शुरू होनी है। बहुतेरे ऐसे छात्र हैं जिन्हें दूर से आना है। इतनी सुबह उन्हें गाड़ी भी नहीं मिलेगी। ग्रामीण इलाके से आने वाले छात्रों के साथ और परेशानी है। खासकर बालिकाएं सही समय से संस्थान तक पहुंचने को लेकर चिंतित हैं। इंटर स्तरीय संस्थानों में दूर-दराज के छात्र भी नामांकित हैं।

## दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बिहार टीम की घोषणा

**पटना (नि.सं.)।** दिव्यांग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बिहार टीम की घोषणा हो गई है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन ने टीम का ऐलान किया है। पुणे के सिंहगड़ कॉलेज में 23 मई से इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा। इसके लिए टीम मंगलवार को पटना से रवाना होगी। पुणे में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में महाराष्ट्र, बंगाल, पुडुचेरी, बड़ौदा और मध्य प्रदेश को भी शामिल किया गया है। बिहार को ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें महाराष्ट्र, बिहार और बड़ौदा की टीम है। ग्रुप बी में मध्य प्रदेश, पुडुचेरी और बंगाल की टीम शामिल है। बिहार दिव्यांग क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमितेश कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट 23 मई से 26 मई तक खेला जाएगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम पुणे में बिहार का नाम रोशन करेगी। हम जल्द ही बिहार दिव्यांग क्रिकेट लीग का भी आयोजन करने जा रहे हैं। डीआईपीएल के डायरेक्टर रवि कुमार ने बताया कि भविष्य में अगर कोई ऐसा टूर्नामेंट होता है, तब हम अपना पूरा सहयोग देंगे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 375 मरीज का हुआ इलाज



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज शहर के टेलर गली स्थित विश्वास मेडिकल हॉल चांदसी में पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वर्षा राय के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क हड्डी की घनत्व की जांच, यूरिक एसिड जांच, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर जांच, थायराइड जांच, साथ ही निशुल्क में दवाइयां का भी वितरण किया गया। संचालक एमबीबीएस सह पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बर्षा राय विश्वास ने बताया कि इस क्लीनिक में महीने में एक दिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के काफी लोग आकर अपना इलाज करवाते हैं, सोमवार को स्वास्थ्य शिविर में 375 महिलाएं व पुरुषों आकर अपना यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन, शुगर जांच सहित अन्य तरह की जांच करवाई और निशुल्क में दवाइयां का भी वितरण किया गया। करीब 1500 रुपये तक की मुक्त की जांच का फायदा लोगों ने उठाया। इसमें शामिल डॉक्टर शिशिर विश्वास उर्फ मोनू, भाजपा नेता सुबोध सिंह, शुभम सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो साजिद उर्फ टिंकू जी,सोनम प्रवीण, सनोज कुमार, रंजन राज ,प्रियंका, सुमित्रा, राणा देवेंद्र सिंह, नंदकिशोर शर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## जाम से निजात दिलाने के लिए हटाया गया अतिक्रमण

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के शिवगंज में अतिक्रमण हटाकर लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ये बातें बीडीओ कुमुद रंजन व सीओ मो. अकबर हुसैन ने संयुक्त रूप से सोमवार को ग्रामीणों साथ हुई बैठक में कही है। ग्रामीण ने अधिकारियों के सामने जाम की समस्या और इससे होने वाली परेशानी के बारे में बताया। इस पर विचार करते हुए अधिकारियों ने कहा कि ऑटो की अवैध पार्किंग को हटाया जाएगा। गाड़ी लगाने के लिए जगह चिन्हित किया जाएगा। विदित हो कि ऑटो चालक एनएच 19 पर मनमाने तरीके से गाड़ी खड़ा करते हैं जिससे आए दिन जाम व लड़ाई-झगड़ा की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके अलावा सब्जी विक्रेता, फुटपाथी दुकानदार व ठेले-खोमचे वाले भी सड़क का अतिक्रमण कर रखे हैं। ऐसी स्थिति यहां अक्सर जाम लगा रहता है। कभी-कभार लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। बैठक में अधिकारियों के अतिक्रमण हटाने के निर्णय के बाद लोगों में आस जगी है कि उन्हें जाम से निजात मिलेगी। इस मौके पर स्थानीय निवासी मुरारी कुमार सोनी, मुंशी कुमार मेहता, अखिलेश कुमार, गोकुल सिंह आदि थे।

## दो गुटों में मारपीट, दो घायल, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के सिमवां गांव में दो गुटों में हुई मारपीट में दोनों पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अरुण कुमार वर्मा एवं शिवनारायण प्रसाद का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में किया गया है। मामले को लेकर शिवनारायण प्रसाद ने गांव के ही अरुण कुमार वर्मा, उनके पुत्र प्रदीप कुमार, संदीप कुमार सहित चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। उल्लेख किया है कि बाइक से सीमेंट, ईंट, रड लेने के लिए जा रहे थे। रास्ते 60 हजार रुपये एवं चैन छीन लिया। वही दूसरे पक्ष के अरुण कुमार वर्मा ने शिवनारायण प्रसाद के पुत्र परमिंदर कुमार, सन्नी कुमार, विनय प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद को नामजद आरोपी बनाया है। उल्लेख किया है कि हम अपने दुकान में थे। आरोपियों ने मेरा बाइक तोड़ दिया। पत्नी का मंगलसूत्र एवं 50 हजार रुपये छीन लिया तथा मारपीट की। मामले में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## एसपी ने बैठक कर पर्यवेक्षी पदाधिकारियों को दिया पर्यवेक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी पर्यवेक्षी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने पर्यवेक्षण मे गति लाने और पर्यवेक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर पर्यवेक्षी पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडो का निष्पादन बढ़ाने का भी निर्देश दिया। बैठक मे औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 संजय कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अजित कुमार, दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गांधी मैदान क्षेत्र की हवा की गुणवत्ता में नहीं हुआ सुधार

**पटना(नि.सं.)।** पटना की हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं है। रविवार की सुबह से लेकर शाम तक गांधी मैदान क्षेत्र में धूलकण की मात्रा हवा में अधिक पायी गई है। कुछ दिन पहले ही बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने गांधी मैदान क्षेत्र में निर्माण कार्य कर रही एजेंसियो पर जुर्माना लगाया था। बावजूद इसके डबल डेकर पुल निर्माण कर रही एजेंसी ने वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए अभी तक व्यवस्था नहीं की है।

## प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी को बक्सर की एसीजेएम सह सब जज के रूप में प्रोन्नति पर अधिवक्ताओं ने दी बधाई संग विदाई

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के पद पर पदस्थापित नेहा दयाल की एसीजेएम सह सब-जज के पद पर पदोन्नति हुई है। पदोन्नति के बाद उनका तबादला बक्सर किया गया है। प्रोन्नति और तबादले के बाद जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव, सह सचिव सतीश कुमार स्नेही, कार्यसमिति सदस्य विनय कुमार मिश्रा, अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह, न्यायिक कर्मचारी अरूण कुमार, सुरेश कुमार, यमुना, पवन कुमार, गौरव कुमार, पिंटू एवं सुनील ने शॉल, बुके मोमेंटो और डायरी देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। साथ ही पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने व्यवहार न्यायालय में न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में नेहा दयाल के दो साल के कार्यकाल में किए गए न्यायिक कार्यो की सराहना की।

## मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है कांग्रेस : तारकिशोर

निज संवाददाता

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश के उस दावे पर पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने की बात कही है। सोमवार को जारी बयान में भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सारे घटक दल कांग्रेस को छोड़ चुके हैं, क्योंकि कांग्रेस नेतृत्वविहीन हो गई है। सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी ने पार्टी एवं देश को कभी गंभीरता से नहीं लिया। इससे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का दल छोड़ने का सिलसिला रुक ही नहीं रहा है। सोनिया व राहुल को देश की जनता स्थाई तौर पर इस चुनाव में छुट्टी पर भेजने जा रही है।

## आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के पुरानी शहर में सोमवार को आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गए। पहचान पुरानी शहर निवासी 45 वर्षीय राजा चौधरी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु दाउदनगर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कालेज गया रेफर कर दिया। अस्पताल में घायल के स्वजनों ने बताया कि आपसी विवाद में भाई डिस्को चौधरी, कुंती देवी द्वारा मारपीट की गई है।

## करंट लगने से वृद्ध की मौत

निज संवाददाता

**पटना।** पटना के मनेर थाना क्षेत्र के गौरैयास्थान में रविवार की रात बिजली के गिरे तार से वृद्ध को करंट लग गया, उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गौरैयास्थान नागा टोला निवासी 59 वर्षीय दीनबंधु राय अपनी गाय को पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़े। इसी दौरान ट्रांसफार्मर के पास गिरे बिजली तार की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगो ने बिजली विभाग को कॉल कर बिजली सप्लाई बंद करवाई। आसपास मौजूद लोग डॉक्टर के पास ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक दीनबंधु राय गाय दुहाई का काम करते थे। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना मनेर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

## मुस्लिम युवक ने हिंदू महिला के पति का अपने खर्च पर गया में कराया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में एक मुस्लिम युवक ने इंसानियत की मिसाल पेश की। उसने एक गरीब हिंदू महिला पति के शव का पूरे विधि विधान के साथ अपने खर्च से गया के विष्णुपद में अंतिम संस्कार कराया। इतना ही नहीं उसने महिला को पूरी मदद का भरोसा दिया। इलाके में इसकी चर्चा हो रही है। मृत व्यक्ति की पहचान पटना जिले के मोकामा-बख्तियारपुर निवासी बैकुंठ साव के रूप में हुई है जबकि उसका अंतिम संस्कार कराने वाला शख्स शहर के पठान टोली का निवासी शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान है। दरअसल औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में 45 वर्षीय व्यक्ति मोहन साव की मौत हो गई। पति की मौत से दुखी पत्नी रीता देवी फूट-फूट कर रोने लगी। इलाज के क्रम में सारे पैसे खर्च हो गए थे और अब उसके पास दाह संस्कार के लिए भी पैसे नहीं बचे थे। उसे रोता देख एक मुस्लिम शख्स ने उसकी सहायता की और उसे दाह संस्कार के लिए पैसे की पूरी व्यवस्था की। महिला ने बताया कि उनके पति की इच्छा थी कि उनका अंतिम संस्कार गया के विष्णुपद में कराया जाए। लेकिन इलाज में पूरी तरह से वह टूट चुकी थी। उसके पास पैसे नहीं थे। सल्लू खान को जब पता चला तो वह सामने आया और महिला को सांत्वना देकर विष्णुपद शमशान घाट प्रबंध समिति से बात की और उनसे अंतिम संस्कार कराने का आग्रह किया। हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार के लिए जो खर्च लगने थे उसका सल्लू ने ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। अन्य लोगों के सहयोग से मोहन साव के शव को एंबुलेंस से विष्णुपद पहुंचवाया। जानकारी के अनुसार मोकामा के बख्तियारपुर निवासी सोहन साव वर्तमान में रफीगंज के सिमरी में रह रहे थे। यहां उनकी काफी तबीयत बिगड़ गई और जो पैसे उनके पास थे वह धीरे-धीरे खर्च हो गए। पत्नी रीता देवी इलाज के लिए जहां-तहां से पैसे जुटा रही थी। रविवार को सोहन साव की मौत सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई। इसके बाद रीता देवी बेतहाशा रोने लगी। यहां मौजूद पैगाम ए इंसानियत संस्था के अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने महिला को चुप कराया। पूरी जानकारी लेने के बाद शव के दाह संस्कार में हर संभव सहायता करने की बात कही। महिला ने रोते हुए बताया कि उसके पास दो मकान थे जो पति के बीमार होने के बाद उन्हें बेचना पड़ा। उनकी एक बेटी भी है जिसकी शादी उन लोगों ने 2 साल पहले ही कर दी है। वह आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। मो. शाहनवाज ने एक एंबुलेंस से शव को गया भेजने की व्यवस्था की और साथ ही दाह संस्कार के लिए पैसों की व्यवस्था कर दी। इसके बाद महिला लाश लेकर रोते हुए रवाना हुई।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433